आषाढ़ कृष्ण पक्ष नवमी 09:49 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 20 जून 2025
वर्ष 3, अंक 306, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत और क्रोएशिया रक्षा सहयोग के लिए हुए राजी 14

सामाजिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति में अहम 12

# कानपुर नगर के सीएमओ निलंबित

- डीएम से चल रहा था विवाद किरकिरी से बचने के लिए राज्य सरकार ने उठाया सख्त कदम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



डॉ.हरिदत्त नेमी।

### डीएम पर लगाए गंभीर आरोप

निलंबन के बाद सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने अपने आवास पर प्रेसवार्ता की और जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश यादव के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। कहा कि वह अपने निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर अपना पक्ष रखेंगे।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी और सीएमओ के बीच विवाद का गुरुवार को पटाक्षेप हो गया। दोनों के विवाद में सियासी द्वंद्व शुरू होने के बाद शासन ने सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और उनकी जगह पर श्रावस्ती के एसीएमओ डॉ.उदयनाथ को कानपुर नगर का नया मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। डॉ. नेमी को कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है।

डीएम और सीएमओ के बीच विवाद में सतापक्ष के 'माननीय' भी खुलकर सामने आए। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और दो विधायकों ने जहां सीएमओ के पक्ष में पेशबंदी की, वहीं दो विधायक डीएम के साथ खड़े नजर आए। दो अधिकारियों के विवाद में सियासी पैंतरेबाजी शुरू होने से सरकार की भी किरकिरी शुरू हो गई, जिसके चलते सरकार को कड़ा फैसला लेना पड़ा।

उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी की ओर से गुरुवार को जारी निलंबन आदेश में सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी की अनियमितताओं का भी जिक्र किया गया है।

# निजी बिजली कंपनियों से हिस्सेदारी वापस लेगी सरकार

## राज्य सरकार ने नियामक आयोग से मांगी सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



### सलाह देने पर बनेगा अवमानना का मामला

उपभोक्ता परिषद का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों वाली पीठ जिसमें मुख्य न्यायाधीश शामिल थे, ने केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड बनाम झाबुआ पावर लिमिटेड में निर्णय दिया था कि राज्य सरकार व केंद्र सरकार के निर्देश को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत राज्य विद्युत नियामक आयोग मानने के लिए बाध्य नहीं है। अगर नियामक आयोग निजीकरण के मसौदे पर धारा 108 पर कोई भी निर्णय लेता है या कोर्ट के निर्णय के विपरीत सलाह देता है तो यह सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का उल्लंघन होगा। ऐसे में नियामक आयोग अवमानना का दोषी होगा।

**अमृत विचार :** राज्य सरकार पांच साल बाद प्रस्तावित निजी बिजली कंपनियों से अपनी हिस्सेदारी वापस लेगी। इस आशय के साथ सरकार ने राज्य विद्युत नियामक आयोग से ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर राय मांगी गई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से इसका विरोध करते हुए कहा गया कि आयोग में विधिक वाद दायर किया गया है। इसमें कहा गया है कि आयोग से सलाह लेना सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन है।

प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने निजीकरण के लिए जो खाका तैयार किया है, उसमें निजी कंपनियों की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत व राज्य सरकार की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत है। 'ट्रिपल पी' मॉडल के तहत गठित होने वाली निजी कंपनियों में मुख्य सचिव को अध्यक्ष व निदेशक के पदों पर निजी घरानों के प्रतिनिधि शामिल किए जाने का प्रावधान है। सूत्रों के अनुसार निजीकरण प्रक्रिया के तहत ऊर्जा विभाग ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत निजीकरण के लिए नियामक आयोग से सलाह मांगी है। आयोग की ओर से इस पर आगे की कार्रवाई जल्द होने की संभावना है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि देश का कोई भी नियामक आयोग इस असंवैधानिक प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं दे सकता और न ही कोई भी इस मसौदे के आधार पर निजीकरण कर सकता है। उन्होंने कहा कि वितरण हानियां, बिजली दरें, पावर पर्चेज एग्रीमेंट, इक्विटी को लॉन्ग टर्म लोन में 'कन्वर्ट' करने, शेयर ट्रांसफर, बिजली आपूर्ति में सुधार की योजना आरडीएसएस के खर्चे पर लोन आदि पर सरकार ने भविष्य में नियामक आयोग को निर्देश जारी करने पर भी सलाह मांगी गई।

### पहला टेस्ट मैच

**भारत बनाम इंग्लैंड**

स्थान : हेडिंग्ले स्टेडियम, इंग्लैंड
समय : दोपहर 3:30 से।
प्रसारण : सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क

# स्टांप विभाग में हुए तबादलों की होगी जांच

## मुख्यमंत्री सख्त : 88 उपनिबंधकों ,114 कनिष्ठ सहायकों समेत 202 तबादले निरस्त

- बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य पशुपालन समेत अन्य विभागों में भी खींचतान आई सामने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में तबादलों को लेकर मची राजनीतिक और प्रशासनिक खींचतान के बीच ट्रांसफर के नाम पर हुए घोटाले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में लाया गया है। आरोप हैं कि तबादलों के लिए करोड़ों रुपये की रिश्वत ली गई है।

मामला स्टांप व रजिस्ट्रेशन विभाग में 59 कार्यरत तथा 29 नव-प्रोन्नत उप-निबंधकों और 114 कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण में अनियमितता का है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी स्थानांतरण तुरंत स्थगित करने और प्रकरण की जांच के आदेश दे दिए हैं। किसी भी स्तर का कर्मचारी या अधिकारी हो जांच में दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन ने स्पष्ट किया है कि अब कोई भी स्थानांतरण आदेश अग्रिम निर्देश तक प्रभावी नहीं होगा। दरअसल, राज्य के तमाम सरकारी विभागों में तबादलों का सिलसिला चल रहा है। इसी कड़ी में स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग के महानिरीक्षक निबंधन ने 13 और 14 जून को तीन अलग-अलग आदेशों के तहत 58 उप निबंधकों, 29 नव-प्रोन्नत उप निबंधकों और 114 कनिष्ठ सहायक कर्मचारियों का ट्रांसफर किया गया था। इन तबादलों में भारी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थीं, जिसके चलते यह मामला सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंच गया था।

दरअसल, ट्रांसफर सीजन में बीते दिनों कई विभागों के मंत्रियों और प्रमुखों के बीच खींचतान सामने आ रही थी। इससे पहले बेसिक शिक्षा पशुपालन और स्वास्थ्य विभाग में तबादला प्रक्रिया को लेकर विवाद सामने आ चुका है। इस बीच मुख्यमंत्री स्तर से उठाया गया ताजा कदम इस बात का संकेत है कि जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सरकार किसी भी प्रकार की अनियमितता, भाई-भतीजावाद या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री स्तर से तबादला आदेशों पर रोक और जांच के आदेश के बाद स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में हड़कंप मचा है। कुछ अधिकारी राहत महसूस कर रहे हैं तो कई अधिकारियों की चिताएं बढ़ गईं हैं। ट्रांसफर के नाम पर रिश्वत लेने इस बात से खौफजदा हैं कि कहीं अब उन पर न कार्रवाई हो जाए।

### उपनिबंधक बना दिए गए इंटरमीडिएट पास

**लखनऊ।** स्टांप तथा पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि हाल ही में विभाग में उप-निबंधकों तथा कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण तथा नियुक्ति की तबादला सूची में भारी अनियमितताएं पाई गई हैं। कुछ ऐसे कर्मचारियों को सब-रजिस्टार बना दिया गया जो सिर्फ 12वीं पास हैं, जबकि इस पद पर नियुक्ति के लिए अनुभव, योग्यता और स्पष्ट मापदंड तय हैं। रविंद्र जायसवाल के मुताबिक, हैरानी की बात यह रही कि जिन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार की शिकायतें लंबित हैं, उन्हें भी प्रमोट कर बड़े जिलों में भेज दिया गया। कहा कि प्रारंभिक जांच में तबादला प्रकरण में भ्रष्टाचार की बू आ रही है, इसलिए मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए सूची को स्थगित करने के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

### मनचाहे ट्रांसफर करने वाले जांच के दायरे में

राज्य सरकार के सूत्रों अनुसार, उपनिबंधक का तबादला राज्य स्तर पर मंडलायुक्त (कमिश्नर) की संस्तुति से होता है। ऐसे में अगर इस स्तर पर नियमों की अनदेखी हुई है, तो यह न केवल विभागीय लापरवाही बल्कि भ्रष्टाचार का मामला भी बनता है। सूत्रों के अनुसार, विभाग में गुपचुप तरीके से एक जगह से दूसरी जगह पोस्टिंग के लिए मोटी रकम मांगी जा रही थी। जिन अधिकारियों के हस्ताक्षर और सहमति से संदिग्ध तबादले हुए, उनकी अब भूमिका गहन जांच के दायरे में है।

### आईएएस समीर और भवानी सिंह खंगारौत को पद से हटाया

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने गुरुवार रात दो आईएएस अधिकारियों को प्रतीक्षारत करते हुए दो अन्य को अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया। महानिरीक्षक निबंधन के पद पर तैनात आईएएस अधिकारी समीर वर्मा को प्रतीक्षारत कर दिया गया है। यह जिम्मेदारी अब स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन व परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव अमित गुप्ता अतिरिक्त प्रभार के रूप में संभालेंगे। चिकित्सा विभाग में निदेशक प्रशासन भवानी सिंह खंगारौत को भी प्रतीक्षारत कर दिया गया है। इस पद की जिम्मेदारी अब अतिरिक्त प्रभार के रूप में विशेष सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण आर्यका अखौरी को दी गई है। बीते दिनों चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के मंत्री ब्रजेश पाठक ने मुख्यमंत्री से खंगारौत की कार्यशैली को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। अब प्रमुख सरकारी विभागों में तभी तबादले हो सकेंगे जब मुख्यमंत्री सहमति देंगे। तमाम विभागों की ही तरह स्वास्थ्य महकमे में भी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की तबादला सूची पर गतिरोध रहा।

## एक नजर

### ईडी के समक्ष पेश हुए अभिनेता डिनो मोरिया

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता डिनो मोरिया मीठी नदी से गाद निकालने से जुड़े 65 करोड़ रुपये के कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन जांच के सिलसिले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। एक अधिकारी ने बताया कि संघीय एजेंसी द्वारा तलब किए जाने के बाद मोरिया सुबह करीब 10.30 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि अभिनेता का बयान दर्ज किया जाएगा क्योंकि कुछ वित्तीय लेनदेन कथित तौर पर उनके और कुछ आरोपियों से जुड़े पाए गए हैं।

### सोनिया गांधी को गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिली

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट से जुड़ी समस्या के उपचार के बाद गुरुवार को सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल ने बताया कि बीते 15 जून को 78 वर्षीय सोनिया गांधी को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर है।

# भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने का श्रेय लेने से पीछे हटे ट्रंप

न्यूयॉर्क/इस्लामाबाद, एजेंसी



- कहा-दो समझदार नेताओं ने लिया था सैन्य संघर्ष रोकने का निर्णय

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो बहुत समझदार नेताओं ने एक ऐसे युद्ध को रोकने का निर्णय लिया जो परमाणु युद्ध में बदल सकता था। पिछले कुछ हफ्तों में यह पहली बार है जब ट्रंप ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रोकने का श्रेय खुद नहीं लिया है।

ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद ओवल कार्यालय में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां कीं। ट्रंप द्वारा बुधवार को की गई यह टिप्पणी उनके उन दावों से अलग है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कई बार भारत-पाकिस्तान युद्धविराम समझौते में मध्यस्थता करने का दावा किया था। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ईरान-इजराइल संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर पाकिस्तानी सेना के प्रमुख के साथ चर्चा की। ऐसी अटकलें हैं कि वाशिंगटन तेहरान पर हमला करने की स्थिति में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी जमकर प्रशंसा की तथा मंगलवार रात को उनके साथ फोन पर हुई बातचीत का भी जिक्र किया।

### छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया फिर होगी शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि वह छात्र वीजा के लिए आवेदन करने वाले विदेशी विद्यार्थियों के लिए निलंबित प्रक्रिया को फिर से शुरू कर रहा है, लेकिन अब सभी आवेदकों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'अनलॉक' रखने होंगे। वाणिज्य दूतावासों के अधिकारी संदिग्ध पोस्ट और संदेशों पर नजर रखेंगे।

# यूपीएससी ने की प्रतिभा सेतु पहल की शुरुआत

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एक रणनीतिक पहल शुरू की है, जो केंद्र सरकार और निजी क्षेत्र सहित सत्यापित नियोक्ताओं को देश की सबसे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की शीर्ष प्रतिभाओं से जुड़ने का अवसर मुहैया करेगी। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यूपीएससी की 'प्रतिभा सेतु', जिसे पहले सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना (पीडीएस) के नाम से जाना जाता था, उन गैर-अनुशंसा वाले इच्छुक अभ्यर्थियों के विवरण उपलब्ध कराती है, जो आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के सभी चरण में उत्तीर्ण हो गए, लेकिन अंतिम मेधा सूची में जगह नहीं बना पाए।

यूपीएससी ने एक आधिकारिक नोट में कहा कि यह नियोक्ताओं को गैर-अनुशंसित इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जो अनुशंसित अभ्यर्थियों के समान ही मेधावी होते हैं। साथ ही, यह यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक और अवसर होगा।

# न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

- नकदी विवाद : जांच समिति की रिपोर्ट में कदाचार साबित

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से जले नोटों की कथित बरामदगी की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर रूम पर गुप्त या सक्रिय नियंत्रण था, जहां से बड़ी मात्रा में अधजली नकदी मिली थी।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे न्यायमूर्ति वर्मा के कदाचार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें (न्यायाधीश को) हटाया जाना चाहिए। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय समिति ने 10 दिनों तक मामले की पड़ताल की, 55 गवाहों से पूछताछ की और न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे लगी आग के परिप्रेक्ष्य में घटनास्थल का दौरा भी किया। न्यायमूर्ति वर्मा उस समय दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे और उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया था। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पूर्व सीजेआई ने महाभियोग चलाने की सिफारिश की है।

# इजराइल से भारतीयों को निकालने का फैसला

**नई दिल्ली।** भारत ने अपने उन नागरिकों को इजराइल से निकालने का फैसला किया है जो ईरान के साथ जारी संघर्ष के कारण इजराइल में उत्पन्न सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर वहां से निकलना चाहते हैं। इजराइल के बीरशेबा इलाके में एक अस्पताल पर ईरानी मिसाइल के हमले के कुछ घंटों बाद भारत ने अपने नागरिकों को निकालने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजराइल और ईरान के बीच हाल में हुए घटनाक्रम के मद्देनजर, भारत सरकार ने उन भारतीय नागरिकों को इजराइल से निकालने का फैसला किया है जो वहां से वापस आना चाहते हैं।

मंत्रालय ने कहा कि वापस आने के इच्छुक भारतीयों को पहले इजराइल की भूमि सीमा के माध्यम से और उसके बाद हवाई मार्ग से भारत लाया जाएगा। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए 'ऑपरेशन सिंधु' शुरू करने की घोषणा की, क्योंकि इजराइल-ईरान के बीच संघर्ष कम होने का कोई संकेत नहीं दिखा।

(संबंधित पेज-14)

# बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा घोटाले में कई राज्यों में ईडी ने की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोलकाता में एक प्रिंटिंग प्रेस पर भी मारे गए छापे

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में 2023 में कांस्टेबलों की भर्ती में कथित घोटाले की धनशोधन जांच के सिलसिले में गुरुवार को कई राज्यों में छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बिहार के पटना और नालंदा, रांची (झारखंड), लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में एक दर्जन स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। ये ठिकाने एजेंट, प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोह के सदस्यों और उनके सहयोगियों से जुड़े हैं। कोलकाता में एक प्रेस पर भी छापा मारा गया जहां प्रश्नपत्रों की छपाई हुई थी। सूत्रों ने बताया कि इस घोटाले को अंजाम देने वाले लोग वही हैं जो 2024 में नीट यूजी के प्रश्नपत्र लीक घोटाले के आरोपी हैं।

बिहार पुलिस कांस्टेबल 2023 भर्ती का उद्देश्य बिहार पुलिस की विभिन्न इकाइयों में 21,391 रिक्तियों को भरना था। यह परीक्षा 1 अक्टूबर, 2023 को बिहार के 37 जिलों में 529 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 18 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। परीक्षा के पेपर लीक होने के आरोपों के बाद, इसे उसी वर्ष 3 अक्टूबर को राज्य केंद्रीय कांस्टेबल चयन बोर्ड (सीएसबीसी) द्वारा रद्द कर दिया गया था। धन शोधन का मामला बिहार पुलिस की कुछ प्राथमिकियों से उपजा है। ईडी को इस मामले में धनशोधन का संदेह है क्योंकि एजेंटों के एक गिरोह ने प्रश्नपत्र लीक करके और इसे उम्मीदवारों को बेचकर 'अपराध से आय' (अवैध धन) अर्जित की और उम्मीदवारों द्वारा दिए गए धन का इस्तेमाल निजी संपत्ति बनाने के लिए किया। बिहार के कुछ पुलिस अधिकारी भी ईडी की जांच के दायरे में हैं।

# बड़ागांव तिहरे हत्याकांड में 12 दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- प्रधानी चुनाव की रंजिश में हुई थी तीन की हत्या, चार लोग हुए थे घायल, नौ साल बाद आया फैसला

**अमृत विचार:** महोली क्षेत्र के बड़ागांव में 26 जून 2015 को प्रधानी चुनाव की रंजिश में हुए तिहरे हत्याकांड में अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए 12 आरोपियों को दोषी ठहराया। विशेष न्यायाधीश संजय त्रिपाठी की अदालत ने सभी दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही हर दोषी पर 60-60 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

मामले में नौ साल तक चली लंबी सुनवाई के बाद यह फैसला आया है। घटना महोली कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव चौराहे की है, जहां 2015 में प्रधानी चुनाव की तैयारियां जोरों पर थीं। इसी दौरान मौजूदा प्रधान हरिवंश सिंह और उनके प्रतिद्वंद्वी जितेंद्र मिश्रा के बीच वर्चस्व को लेकर तनातनी चल रही थी। विवाद उस समय खूनी संघर्ष में बदल गया जब दोनों पक्षों के बीच आमने-सामने फायरिंग हो गई। गोलीबारी में प्रधान पद के दावेदार जितेंद्र मिश्रा (33), उनके परिजन लालजी मिश्रा (48) और सुंदरलाल (40) की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। चौंकाने वाली बात यह रही कि यह घटना बड़ागांव पुलिस चौकी के सामने हुई थी। अदालत ने जिन 12 लोगों को दोषी ठहराया, उनमें हरिवंश सिंह, उसके पुत्र रवि सिंह, जीतू सिंह, अमर बहादुर सिंह, बृजेश सिंह, कुंवर बहादुर सिंह, राजेश मिश्रा समेत अन्य हैं। सभी को हत्या, हत्या की साजिश, बलवा और शस्त्र अधिनियम के तहत दोषी माना गया है।

# अब बिना ओटीपी नहीं मिलेगा टेक होम राशन

## सरकार सख्त, पात्रों तक ही पहुंचेगा राशन, जुलाई तक पूरी तरह लागू होगी ओटीपी व फेस रिकग्निशन सिस्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



### अगस्त से नए लाभार्थियों के लिए एफआरएस अनिवार्य

टेक होम राशन के लिए राज्य के फंड केवल एफआरएस पंजीकृत लाभार्थियों को ही जारी किए जाएंगे। साथ ही, 1 अगस्त 2025 से नए लाभार्थियों के लिए एफआरएस अनिवार्य होगा। योगी सरकार के इस कदम को कुपोषण के खिलाफ एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। एफआरएस का पायलट चरण अगस्त 2024 में कानपुर नगर के बिधनू और सरसौल प्रोजेक्ट्स में शुरू हुआ। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के तहत इसे 14 नवंबर 2024 तक पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया। 13 जून 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, 1.18 करोड़ पात्र लाभार्थियों के ई-केवाईसी का कार्य पूरा करना है। कानपुर नगर जैसे जिले 45.34 प्रतिशत प्रगति के साथ अग्रणी हैं।

**अमृत विचार :** कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में धांधली रोकने को लेकर भी योगी सरकार सख्त हो गई है। 1 जुलाई तक शत-प्रतिशत 1.18 करोड़ लाभार्थियों को ओटीपी व फेस रिकग्निशन प्रणाली के जरिए ही मुफ्त राशन मिल सकेगा।

टेक होम राशन (टीएचआर) की सही डिलीवरी गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों व 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों को सुनिश्चित की जाएगी। पोषण ट्रैकर में एफआरएस दो-स्तरीय प्रमाणीकरण प्रणाली है, जिसमें चेहरे की पहचान और ओटीपी का उपयोग होता है। लाभार्थी की फोटो को आधार से जुड़े ई-केवाईसी के साथ मिलाया जाता है और उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर भेजकर ओटीपी आंगनबाड़ी केंद्र पर सत्यापित किया जाता है। यूपी में 2024 से शुरू हुई इस योजना में एफआरएस प्रणाली को 1 जुलाई 2025 तक प्रदेश में शत-प्रतिशत लागू करने का मुख्यमंत्री की ओर से निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को शत-प्रतिशत एफआरएस के लिए ब्लॉक और पंचायत स्तर पर कैंप आयोजित करने, रोजाना प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारियों को रोजाना इसकी समीक्षा करने को कहा गया है। योगी ने जोर देकर कहा है कि एफआरएस को तेजी से लागू करना कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के विजन का हिस्सा है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### तारुन पुलिस ने 10 वारंटियों को किया गिरफ्तार

तारुन। न्यायालय से गैरहाजिर चल रहे वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाकर तारुन पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी संदीप त्रिपाठी ने बताया कि तारुन सीएचसी पर मेडिकल परीक्षण कराकर न्यायालय भेज दिया। पकड़े गए लोगों में नेतवारी के शोभाराम, नरायनपुर के मोहम्मद इस्लाम, गंगापुर के दौलतराम, रजौरा के राम सुरेश, चितावा के उदय नरायन, मुन्नाराम, बसंत, पारागरीबशाह देवकली के उमाशंकर, डगराभारी के धर्मेंद्र, सोनौरागाऊपुर के मनोहर शामिल है।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

मसौधा, अमृत विचार : पूराकलन्दर पुलिस ने गुरुवार सुबह वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की घटना में वांछित एक आरोपी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि मसौधा-सोहावल तहसील मार्ग पर रानी बाजार चौराहे के पास से चेकिंग के दौरान ग्राम ककौली थाना तारुन निवासी निलेश गौड़ को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ चोरी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज चालान कर दिया गया।

# बिना रीडिंग बिजली का बिल दे रहा उपभोक्ताओं को झटका

## विभाग के चक्कर काटने को मजबूर लोग, कार्यदायी संस्था भी सवालों के घेरे में

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : बिजली चोरी रोकने के लिए पॉवर कॉर्पोरेशन नियमित अभियान चलाने का दम भर रहा है। कार्यदायी संस्था ने उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर भी लगा दिए हैं। बिजली चोरी तो नहीं रुकी, लेकिन उपभोक्ताओं की जेब कटनी जरूर शुरू हो गईं हैं। कारण, स्मार्ट मीटर लगाने के बाद मीटर विभाग इसकी फीडिंग नहीं कर रहा है। इससे बिजली बिल व सही-गलत रीडिंग की पुष्टि नहीं हो पा रही है।

ऐसे में पहले से ही गलत बिजली बिल व मनमानी रीडिंग की मार झेल रहे उपभोक्ता मीटर विभाग की मनमानी से आहत हैं। भारी भरकम बिजली बिल आने से हलकान उपभोक्ता विभागीय कार्यालय का चक्कर काटने को विवश हैं।

नगर के राठहवेली निवासी शिवराम ने बताया 10 जनवरी उनके घर स्मार्ट मीटर लगाया गया था। इस पर उन्होंने नौ नवंबर से दिसंबर तक बिजली बिल जमा करके रसीद ली थी। इसके बाद मोबाइल पर आए मैसेज में बिजली बिल 2500 रुपये दिखाया गया, जबकि स्मार्ट मीटर में कोई रीडिंग प्रदर्शित नहीं हुई। इसके बारे में 10 एवं 27 फरवरी को उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया। कार्रवाई न होने पर छह मार्च को फिर शिकायती पत्र दिया। इस पर 18 मार्च को चेक मीटर के रूप में सामान्य इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगा दिया गया। 24 अप्रैल को ली गई गणना में मेन मीटर में चेक मीटर से 58 किलोवाट अधिक प्रदर्शित हुआ। इस पर 14 मई को फिर एक अतिरिक्त स्मार्ट मीटर लगा दिया गया। अब तक रीडिंग सत्यापन नहीं हुआ।



उपभोक्ता शिवराम के यहां स्मार्ट मीटर पर लगाया गया चेक मीटर।

### बिना स्मार्ट मीटर लगे आ रहे गलत बिल

नगर के हैदरगंज निवासी बदरुन्निशा ने अधिशासी अभियंता से शिकायत की है कि उनके घर में स्मार्ट मीटर लगाए बिना ही फीडिंग कर दी गई है। इस कारण गलत बिजली बिल आने से भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसी तरह गदुरहवा मुहल्ला निवासी अब्दुल वाहिद ने भी परिसर में स्मार्ट मीटर लगाए बिना ही कागजों में दर्शाकर फीडिंग कर दी गई है। इससे गलत बिल आ रहा है। वहीं नहरबाग निवासी जयगोपाल गुप्त ने स्मार्ट मीटर से गलत रीडिंग व फीडिंग की शिकायत दर्ज कराई है।

### अब तक 2091 मीटरों की नहीं हुई फीडिंग

शहर में 2091 कनेक्शन ऐसे हैं, जहां स्मार्ट मीटर तो लग गए, लेकिन फीडिंग नहीं हुई है। ऐसे में इन उपभोक्ताओं को बिजली बिल सही नहीं मिल पा रहा है। वहीं, 61 स्मार्ट मीटर ऐसे लगे हैं, जिसमें हाई रीडिंग या लोड अधिक दिखा देने पर गलत बिल बन गए हैं। ऐसे में कार्यदायी संस्था पोलारिश की मनमानी का दंश उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा है। यह तो वह शिकायतें हैं जो पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों तक पहुंची हैं। जबकि सैकड़ों की संख्या में उपभोक्ताओं को संकट झेलना पड़ रहा है।

> कार्यदायी संस्था से स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया है। शिकायतकर्ताओं की समस्या का समाधान अधिकतम तीन दिन के भीतर हो जाएगा। संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है। -प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता।

# निविदा संविदा कर्मियों का धरना जारी





मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर धरना देते निविदा संविदा कर्मचारी।

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश अयोध्या जोन के बैनर तले मुख्य अभियंता वितरण के कार्यालय प्रांगण में चल रहा निविदा संविदा कर्मचारियों का धरना गुरुवार को 59 वें दिन भी जारी रहा। संगठन के जिला अध्यक्ष जय गोविंद ने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा आंदोलन चलता रहेगा। धरने को प्रांतीय उप मंत्री रघुवंश मिश्रा, कार्यवाहक अध्यक्ष सुशील मौर्या, श्रीनाथ तिवारी, सतेन्द्र पाण्डेय, अंकित सिंह, विनय मौर्या, धर्मवीर, जिला उपाध्यक्ष विनय मौर्या आदि नेताओं ने सम्बोधित किया।

# घर उजाड़े जाने के पीड़ितों ने दोबारा की सीएम से शिकायत

सोहावल, अयोध्या। पिरखौली मजरे महराजा पुरवा के गरीबों ने एक बार फिर आईजी, जिलाधिकारी से मुख्यमंत्री पोर्टल तक शिकायत की है। आरोप लगाया कि उनकी सुनवाई नहीं की गई। गांव की सोनारा, राम आशीष, बलराम रैदास, अमरजीत पाल, सालिक राम ने आईजी, एसएसपी व डीएम को दिये शिकायती पत्र में कहा था कि लगभग दो दशक से वह लोग महाराजा के पुरवा में रहते हैं। आरोप लगाया कि कुछ दबंग लोगों ने छप्पर का घर उजाड़ कर भूमि को कब्जा कर लिया। घर उजाड़ने की शिकायत एसडीएम सोहावल, थाना रौनाही से भी की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। बताते हैं कि आईजी जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर फिर शिकायत की है। एसडीएम सोहावल अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि मेरे पास तो ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है यदि मेरी जानकारी में होता तो जांच कराकर उचित कार्रवाई जरूर करता।

# पूरा ब्लॉक की 54 ग्राम सभाएं 1500 दूधिया लाइटों से हुई जगमग

पूराबाजार, अयोध्या।

» सभी गांवों का चौमुखी विकास प्राथमिकता : शिवेंद्र

अमृत विचार : जिला मुख्यालय से सटे पूराबाजार ब्लॉक की 54 ग्राम सभाएं अब तक 1500 दूधिया लाइटों से जगमग हो गई हैं। जिले के अन्य ब्लॉकों की तुलना में यहां दूधिया लाइट से आच्छादित होने वाली यहां सर्वाधिक ग्राम सभाएं हैं। इसी क्रम में बुधवार देर शाम ग्राम पंचायत सराय चैमल के राजस्व गांव लक्ष्मीदासपुर में ब्लॉक प्रमुख शिवेंद्र सिंह ने दूधिया लाइट का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि ब्लॉक के सभी गांव का चौमुखी विकास मेरी प्राथमिकता और संकल्प है। ब्लॉक के सभी 54 गांव में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। किसी गांव में लाइट की कमी न रह जाए इसके लिए फिर प्रस्ताव पास हुआ है, जल्दी वहां भी लाइटें भी लगाई जाएंगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख द्वारा विकास का जो मॉडल पेश किया गया है सराहनीय है।



लक्ष्मी दासपुर में दूधिया लाइट का उद्घाटन करते ब्लॉक संघ के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह व अन्य।

इस अवसर पर भाजपा मंडल प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल,शक्ति केंद्र प्रमुख शोभाराम वर्मा, सचिव कोमल मिश्रा, प्रधान अनूप वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# परंपरा निभा निर्माणाधीन पंप हाउस का किया ट्रायल

अयोध्या कार्यालय

**जलवानपुरा से जल निकासी के लिए निर्माणाधीन है 37.50 करोड़ की पंपिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना**

अमृत विचार: राम मंदिर के निकट स्थित जलवानपुरा कॉलोनी में जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए 37.50 करोड़ से पंप हाउस स्थापित किया जा रहा है। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने गुरुवार को पंप हाउस का बाकायदा फीता काटकर लोकार्पण की परंपरा को पूरा करते हुए एक मोटर को चलाकर सफल ट्रायल किया, लेकिन अभी यह योजना पूरी नहीं हुई है। इस दौरान मंडलायुक्त गौरव दयाल व एडीए के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार भी मौजूद रहे।

पंप हाउस में लगभग 180 पॉवर के चार इलेक्ट्रॉनिक मोटर और 254 हॉर्स पावर के दो डीजल मोटर स्थापित किये गये हैं। जिससे तीन किलोमीटर तक के दायरे में डाले गए पाइपलाइन से जोड़े जाने की तैयारी थी, लेकिन कुछ अड़चनों के कारण सिर्फ एक डीजल मोटर पाइपलाइन से जुड़ सकी है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस कार्य को भी पूरा कर लिया जाएगा। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया जलवानपुरा एक ऐसा इलाका है जहां बरसात के मौसम में पानी भर जाता था। पंप हाउस से लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित एक सोती नाला में पानी गिराने का ट्रायल किया गया है। उन्होंने बताया कि लगभग 20 हजार लीटर प्रति मिनट की क्षमता से यह मोटर पानी को बाहर करेगा। लाइव कैमरे के माध्यम से इसका ट्रायल सफल हुआ है। इसका लाभ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या धाम स्टेशन व आसपास के क्षेत्र को भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के सहयोग से क्षीरसागर तालाब से रामघाट चौराहा होते हुए सोतिया नाले तक 3200 मीटर लंबी दो पाइप लाइन बिछाई गई है। इसके माध्यम से वर्षा का जल सरयू नदी में प्रवाहित किया जाएगा। कार्यदायी संस्था एडीए को उन्होंने अवशेष कार्य को जल्द पूरा करा लेने के निर्देश दिए हैं।





जलवानपुरा कॉलोनी में पंपिंग स्टेशन का फीता काटकर उद्घाटन करते मंडलायुक्त गौरव दयाल, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व एडीए के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार।

# विधवा की करोड़ों की जमीन की फर्जी तरीके से कराई वसीयत

सोहावल,अयोध्या।

» रजिस्ट्री के बाद बेसहारा हुई 15 बीघे जमीन की मालकिन, आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट के लिए रौनाही थाने में दी तहरीर

अमृत विचार: सोहावल रजिस्ट्री ऑफिस में करोड़ों की जमीन की जालसाजी का मामला सामने आया है। उपनिबंधक कार्यालय उस समय सकते में आ गया,जब महिला कैलाशा देवी ने थानाध्यक्ष रौनाही को तहरीर देकर खुद के साथ हुई बेशकीमती जमीन की जालसाजी के मामले में न्याय दिलाने की गुहार लगाई।

मामला तहसील क्षेत्र के गांव गौदौली के मजरे मऊ यदुवंशपुर का है। यहां की निवासी कैलाशा पत्नी ब्रह्मदेव के अनुसार 19 वर्ष पूर्व 27 फरवरी 2006 को दौलतपुर गांव निवासी अपनी सगी बहन के लड़के समर बहादुर सिंह पुत्र रामदुलारे सिंह के नाम उन्होंने अपनी संपूर्ण चल व अचल संपत्ति की रजिस्टर्ड वसीयत कर दी थी। उसी जमीन का 19 साल बाद तीन मई 2025 को सरायनामू गांव निवासी व्यक्ति ने मेरे नाम की महिला का फर्जी दस्तावेज तैयार कर व खुद को उसका भतीजा दिखाते हुए पुनः रजिस्ट्री करवा ली। मामले में अयोध्या के साहबगंज स्थित वैदेहीनगर कॉलोनी निवासी दो लोग गवाह के रूप में भी शामिल हैं। कैलाशा देवी का आरोप है कि वह उन लोगों को जानती तक नहीं। मामले की जानकारी होने पर जब वह रजिस्ट्री कार्यालय में पता करने गईं। इस बारे में जानकारी होने पर 112 नंबर डायल कर पुलिस बुलाई। उन्होंने थाना रौनाही में रिपोर्ट लिखवाने की सलाह दी।

कैलाशा देवी का आरोप है कि जब वह थाने पर शिकायत करने आ रही थी वो लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। कैलाशा देवी ने थानाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। कैलाश की रायबरेली रोड पर लगभग 15 बीघा कीमती जमीन है। फर्जी वसीयत के जरिए उसका घर भी लिख लिया गया है।जिससे वह पूरी तरह से बेसहारा हो गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुमित श्रीवास्तव ने बताया मामले की जांच की जा रही है। शीघ्र ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता बनाए जाएं जिले के छूटे दिव्यांग जन

अयोध्या कार्यालय। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को दिव्यांग मतदाताओं के लिए जिला स्तर पर गठित कमेटी की बैठक हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में छूटे हुए 18 वर्ष या उससे ऊपर के दिव्यांग जन को मतदाता बनाए जाने के लिए समिति के सदस्यों को विशेष प्रयास किए जाने का निर्देश दिया। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी और जिला समाज कल्याण अधिकारी को योजना का लाभ पा रहे दिव्यांग की सूची ब्लॉक वार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा पंजीकृत दिव्यांगजन की सूची प्राप्त करते हुए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को छूटे दिव्यांगजन को मतदाता के रूप में पंजीकृत करने का निर्देश दिया। डॉ. निहाल रजा का सुझाव था कि व्हीलचेयर की सुविधा के अतिरिक्त मतदान के लिए दिव्यांग जन को उनके घर से मतदेय स्थलों तक लाए जाने की सुविधा दी जाए। बैठक में अपर आयुक्त नगर निगम डॉ. नागेन्द्र नाथ, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी, उप जिलाधिकारी, रूदौली अशोक कुमार सैनी, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी चन्द्रेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी आरबी सिंह, सचिव अखिल भारतीय विकलांग समिति प्रदीप कुमार, चेयरमैन लायंस क्लब रूदौली डॉ. निहाल रजा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज आदि मौजूद रहे।

# फैमिली आईडी में धीमी प्रगति पर सीडीओ नाराज



कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की बैठक लेते मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने सीएम डैशबोर्ड के फ्लैगशिप प्रोजक्टों की रैंकिंग के आधार पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने डीपीआरओ, लोक निर्माण विभाग सीडी तीन, सीडी 04, विद्युत विभाग, ओडीओपी टूलकिट वितरण एवं खण्ड विकास अधिकारी की फैमिली आईडी में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। कहा कि सभी विभाग पोर्टल पर फीडिंग कराए और वित्तीय प्रगति बढ़ाने व फैमिली आईडी में टारगेट निर्धारित करते हुये कार्य करने का निर्देश दिया। यूपीनेडा से कहा कि सूर्य घर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए सोलर योजना से जनमानस को लाभान्वित किया जाए। साथ ही उद्यान, कृषि, एनआरएलएम, मनरेगा, आवास, ग्राम विकास, मनरेगा, जल निगम, पर्यटन, नगर निगम, राजकीय निर्माण निगम, आवास विकास परिषद, सेतु आदि की समीक्षा की। डाटा फीडिंग का निर्देश दिया।

जिला अर्थ संख्याधिकारी अशोक कुमार ने बिन्दुवार विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# युवक के खिलाफ सीएमओ ने दर्ज कराई शिकायत

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार: सोहावल गांव के रहने वाले व सीएचसी में पहले वाहन की आपूर्ति करने वाले युवक पर गुंडई और दबंगई का आरोप लगा है। सीएमओ ने एसएसपी और रौनाही पुलिस को कार्रवाई के लिए शिकायत दर्ज कराई है। उसने अपने को निर्दोष बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

» विभाग में जांच के लिए गठित की टीम, युवक ने दिया पत्र

आरोप है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संबद्ध प्रसवोत्तर केंद्र तहसीनपुर में लटक रहे ताले के पीछे सोहावल गांव के एक युवक की दबंगई और गुंडई कारण है। इसके डर के कारण कोई महिला स्वास्थ कर्मी केंद्र पर जाना नहीं चाहती। सीएचसी में इसका दखल लंबे समय से है। इसी पर बुधवार को सीएमओ डॉ. बानियान ने डिप्टी सीएमओ डॉ. बीपी त्रिपाठी, सीएचसी प्रभारी डॉ. फातिमा हसन रिजबी की तीन सदस्यीय जांच कमेटी बैठा दी। युवक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए एसएसपी और प्रभारी निरीक्षक रौनाही सुमित श्रीवास्तव को शिकायती पत्र भी भेजा। इसे लेकर स्वास्थकर्मियों में हलचल है। ऊपर लगे आरोपों को गुरुवार को अपने खारिज करते हुए युवक ने अपने बचाव में याचना पत्र सीएमओ और एसएसपी को सौंपा। सीएचसी प्रभारी डॉ. फातिमा हसन रिजवी ने युवक को लेकर चल रहे आरोप प्रत्यारोप से जुड़े मामले की पुष्टि की। बताया कि कमेटी मामले की जांच कर रही है।

## सार-संक्षेप



शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का स्वागत करते सपा जिलाध्यक्ष।

### सपा जिलाध्यक्ष ने नवनिर्वाचित पदाकारियों का किया स्वागत

अयोध्या, अमृत विचार : सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने गुरुवार को एक होटल में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार यादव, जिला मंत्री अशोक कुमार वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष फूलचंद सरोज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. मनुजेश यादव का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक संघ नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारी नौजवान, ऊर्जावान व संघर्षशील पदाधिकारी हैं। जो शिक्षकों के हित के लिए हमेशा काम करते रहेंगे। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि इस मौके डॉ. मुकेश आनंद, राम सुरेश वर्मा,प्रदीप कुमार मौर्य ,इंद्रभान वर्मा,जिलाजीत वर्मा,अविनाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक संघ के पदाधिकारी व शिक्षक नेता मौजूद रहे।

### केक काट मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन





राहुल गांधी के जन्मदिन पर केक काटकर एक दूसरे को खिलाते पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

अयोध्या, अमृत विचार : कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन गुरुवार को कांग्रेसियों ने केक काट व एक-दूसरे को लडडू खिलाकर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में मनाया। जिलाध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा कि जिस तरह गांधी ने दांडी यात्रा के माध्यम से अंग्रेजों को भगाने का कार्य किया था उसी तरह से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा इस देश को केंद्र में बैठी तानाशाह सरकार से निजात दिलाने का कार्य करेगी। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण रानू ने कहा सत्ताधारी दल के विरुद्ध आम आदमी की आवाज अगर कोई उठा रहा है तो वह सिर्फ राहुल गांधी हैं। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता शीतला पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, युवा अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, एससी/एसटी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामसागर रावत, करण त्रिपाठी, सोशल मीडिया के जिलाध्यक्ष आशुतोष शांडिल्य समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थे।

### राहुल के जन्मदिन पर हनुमान चालीसा पाठ और हवन-पूजन

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के पर नगरपंचायत कुमारगंज और के हनुमान मंदिर में गुरुवार को धार्मिक आयोजन किया गया। हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ। राहुल गांधी की दीर्घायु और समृद्धि के लिए हवन-पूजन किया गया। आयोजन का नेतृत्व पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष शिवपूजन पांडे ने किया। मंदिर परिसर में मौजूद लोगों के बीच लड्डू प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य संजय तिवारी, दिनेश शुक्ला, अमानीगंज ब्लॉक अध्यक्ष तेजबली पांडे, सुभाष तिवारी, शैलेश सहित अन्य लोग थे।

### राज्य सूचना आयोग ने सीएमओ से मांगा स्पष्टीकरण

हैदरगंज, अमृत विचार : स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पद से सेवानिवृत हो चुके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन में तैनात रहे देवराज तिवारी को सूचना न देने के मामले में राज्य सूचना आयोग ने सीएमओ से मामले में स्पष्टाकरण मांगा है। देवराज ने सीएमओ से 11 सितंबर 2023 को एक जन सूचना मांगी थी। न मिलने पर 20 अक्टूबर 2023 को प्रथम अपील की। 16 जनवरी 24 को राज्य सूचना आयोग में अपील की। जिस पर 17 फरवरी और 19 मई 2025 को सुनवाई के बाद आयोग ने सूचना न मिलने पर 23 जून 2025 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी अयोध्या को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जन सूचना उपलब्ध कराने में देरी के लिए स्पष्टीकरण मांगा है। पीड़ित देवराज तिवारी का कहना है कि राज्य सूचना आयोग ने सीएमओ से स्पष्टीकरण मांगा है।

**यूपी बोर्ड** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट 2025 के अंक पत्र और प्रमाणपत्र पहुंचे

# सात दिन में चार कर्मी 300 कॉलेजों में वितरित करेंगे अंक पत्र

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : इस वर्ष यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के अंक पत्र बोर्ड से जिला मुख्यालय पहुंच गए हैं। इन अंक पत्रों के 300 से अधिक कॉलेजों में वितरण के लिए कुल चार कर्मचारी लगाए गए हैं। वितरण के लिए केवल सात दिन का समय निर्धारित किया गया है। सात दिनों में वितरण नहीं होता तो संबधित पर कार्रवाई की जाएगी।

इस वर्ष हाईस्कूल और इंटर में कुल 69,496 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए थे। जिनमें हाईस्कूल के 37,391 और इंटरमीडिएट के 32,105 विद्यार्थी शामिल हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी द्वारा जारी आदेश के तहत क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट से संबंधित अंक पत्र और प्रमाण-पत्र आ गए हैं। इनके वितरण के लिए राजकीय हाईस्कूल पूरेनंदा बीकापुर के कनिष्ठ सहायक मनीष यादव, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमानीगंज के वरिष्ठ सहायक राजेन्द्र यादव, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हैदरगंज के वरिष्ठ सहायक रोहित कुमार और राजकीय इंटर कॉलेज के परिचारक सुनील कुमार को लगाया गया है। संबधित को निर्देश दिया गया है कि कॉलेज वार लिफाफे सात दिन के अंदर जिले के प्रत्येक संस्था के प्रधानाचार्य को वितरित कर प्राप्ति का प्रमाणपत्र जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को उपलब्ध कराएं। इतना ही नहीं यह भी प्रमाण पत्र लें कि सभी छात्र-छात्राओं को अंक पत्र और प्रमाणपत्र वितरित कर दिया गया है। अन्यथा की स्थिति में किसी विपरित परिस्थितियों व न्यायालय में वाद आदि के लिए संबधित की जिम्मेदारी होगी। वहीं कर्मियों का कहना है कि सात दिन का समय जिले भर के कॉलेजों में लिफाफे के वितरण के लिए बेहद कम है। प्रधानाचार्य तर्क दे रहे हैं कि एक-एक कॉलेज में 800 से 1500 तक छात्र-छात्राएं हैं, ऐसे में इतने कम समय में वितरण संभव नहीं है।

> माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश के अनुपालन में समय तय किया गया है। प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज से भी अपने कॉलेज के छात्र-छात्राओं के अंकपत्र और प्रमाण-पत्र ले जा सकते हैं। विभाग द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा है। -डॉ. पवन कुमार तिवारी, डीआईओएस।



कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, अयोध्या

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जारी पत्र।

# सीएम से मिले मिल्कीपुर विधायक कई कार्यों का दिया प्रस्ताव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने गुरुवार को लखनऊ आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। विधानसभा क्षेत्र की विकास योजनाओं को लेकर बातचीत की। हैरिंग्टनगंज क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बेहतर करने के लिए खड़भड़िया सब स्टेशन की क्षमता वृद्धि कर कुछ लोड स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया। कुरावन और अमरगंज में प्रस्तावित विद्युत उपकेंद्रों के निर्माण को शीघ्र शुरू कराने की मांग की।

विधायक ने त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 22 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति का आग्रह किया। इनमें धरमगंज बाजार से दूधाधारी का पुरवा, रामपुर गौहनिया से चिरौली संपर्क मार्ग, सेवरा मौड़ से पूरे प्रसाद, रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज से भरत के पुरवा बलारमऊ और प्रधानमंत्री सड़क योजना से पूरे भदरई का पुरवा तक की सड़कें शामिल हैं। बताया कि पूर्वांचल विकास निधि से छह सड़कों का निर्माण किया जाना है। इसका स्टीमेट बना कर प्रस्तुत किया जा चुका है लेकिन स्वीकृत नही हो पाई है। मुख्यमंत्री से चर्चा कर शीघ्र मंजूरी की मांग की। विधायक ने कहा जो प्रस्ताव रखे गए हैं, वे क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े हैं। बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार से जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इन प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति करवाकर शुरू किया जाएगा। जिससे जनता को सुविधा और राहत दोनों मिल सके।



लखनऊ में मुख्यमंत्री से भेंट करते मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान।

» बुनियादी सुविधाओं में सुधार से जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा : चंद्रभानु

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है। ...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने एवं वर्षा होने की संभावना है।

| 36.0° | 25.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## आज के कार्यक्रम



- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना सुबह 10:00 बजे से।
- सराय चैमल गांव में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय में सुबह 11:00 बजे से।
- अवध विश्वविद्यालय के योग विभाग में योग का पूर्वाभ्यास सुबह 11:00 बजे से



- श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय की प्रेस कांफ्रेंस अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर रामकोट अयोध्या धाम में अपराह्न 03 : 30 बजे से।

# जिले में फैला सर्जनों का कॉकस ऑपरेशन कर हो जाते हैं गायब

## अधिकतर मामले प्रसव के, मौके पर नहीं मिले चिकित्सक व स्टाफ, आशा संभालती दिखीं मरीज

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। जिले में कुछ चिकित्सकों का कॉकस सक्रिय है, जो खासकर उन अस्पतालों में पहुंचकर सर्जरी या प्रसव कराते हैं जो मानकों के विपरीत चल रहे हैं। केस करने के बाद वे रकम लेकर गायब हो जाते हैं। मरीजों को आशा संभालते देखी जाती हैं। इसमें संलिप्त चिकित्सक कौन हैं? यह सवाल स्वास्थ्य विभाग के लिए टेढ़ी खीर बना हुआ है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक हफ्ते में की गई कार्रवाई के बाद पता चला है कि अस्पतालों में सिजेरियन तो हुआ, लेकिन किस चिकित्सक ने किया? इसकी जानकारी कोई नहीं दे सका। मरीजों से बातचीत के दौरान भी कुछ निकलकर सामने नहीं आया। सूत्रों की मानें तो इस खेल में कहीं न कहीं सरकारी सेवाओं से जुड़े डॉक्टर भी शामिल हैं। निजी सर्जन की संलिप्तता से इन्कार नहीं किया जा सकता। यह कॉकस संगठित रूप से काम करता है। कुछ चिकित्सक मरीजों की सर्जरी या प्रसव कराने के बाद मरीज की स्थिति की पुष्टि किए बिना अस्पताल छोड़ देते हैं। कई मामलों में मरीजों को गंभीर जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। खासकर प्रसव के केस में ऐसी शिकायतें अधिक हैं, जहां प्रसव के बाद मां या नवजात की हालत बिगड़ने पर चिकित्सक गायब पाए गए।





▸▸ स्वास्थ्य विभाग अब ऐसे चिकित्सकों के धरपकड़ की तैयारी में

रुदौली के न्यू मुस्कान सेंटर में कार्रवाई के दौरान सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान व स्वास्थ्य विभाग की टीम। (फाइल फोटो)

### ये तीन मामले दे रहे गवाही

#### रुदौली का न्यू मुस्कान मेडिकल सेंटर

**13 जून** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रुदौली ब्लॉक के अंतर्गत न्यू मुस्कान मेडिकल सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। वहां पर दो आशा द्वारा दो गर्भवती महिलाओं नूरी व सोनमती को सिजेरियन के लिए लाया गया था। हॉस्पिटल में न तो कोई डॉक्टर था न ही कोई स्टाफ नर्स थी। हॉस्पिटल का संचालन मानक के अनुरूप नहीं था। दोनों गर्भवती महिलाओं को सीएचसी भेज सिजेरियन कराया गया। आशा की सेवा समाप्त कर मेडिकल सेंटर सील कर दिया गया।

#### कुमारगंज का वंश हॉस्पिटल

**17 जून** स्वास्थ्य विभाग ने ब्लॉक खंडासा अंतर्गत वंश हॉस्पिटल का आकस्मिक निरीक्षण किया। वहां पर 13 जून को एक आशा द्वारा गर्भवती महिला का सिजेरियन कराया था। हॉस्पिटल में आकस्मिक जांच के समय पांच महिलाओं का सिजेरियन किया जाना मिला था। मौके पर हॉस्पिटल में न तो कोई डॉक्टर था नहीं कोई स्टाफ नर्स थी। हॉस्पिटल की ओटी को सील कर दिया गया था। इसके साथ ही आशा पर भी कार्रवाई की गई थी।

#### तारुन का आरोग्य चिकित्सालय

**18 जून** तारुन ब्लॉक के जाना बाजार रोड स्थित नन्सा बाजार में आरोग्य चिकित्सालय में सलमा पत्नी मुकद्दर अली को सीजर से डिलीवरी हुई थी। गर्भवती महिला को एक दिन पूर्व चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षण में न तो कोई डॉक्टर था। न ही लाभार्थी सर्जन का नाम बता पा रहे थे। चिकित्सालय की ओटी सील की गई। पता चला कि गर्भवती महिला को चंद्रिका गंज में अवैध प्रसव केंद्र की संचालिका रुखसाना बानो यहां लेकर पहुंची थी। टीम के अनुसार वह खुद कच्चे घर में प्रसव कराती थी। इस मामले में तहरीर दी गई है, लेकिन अभी केस नहीं दर्ज हुआ है।

#### ग्रामीण इलाकों में अधिक परेशान मरीज

अब तक हुई कार्रवाई में यह सामने आया है कि जितने भी केस सामने आ रहे हैं उनके ग्रामीण के सर्वाधिक मामले हैं। सूत्रों की मानें तो गांव-गांव में आशा व दायी ऐसे कई अस्पतालों के संपर्क में रहती हैं। इन्हें प्रसव के केस ले जाने पर कमीशन मिलता है। भोली-भाली जनता को ये चुटकियों में बहला लेती हैं।

> जांच अभियान के दौरान मुझे अस्पतालों में ऐसे मामले मिले हैं, जहां सिजेरियन से प्रसव हुआ और वहां चिकित्सक व स्टाफ मौजूद नहीं था। इस बात की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि इस खेल में कहीं न कहीं सरकारी और गैर सरकारी सर्जन भी शामिल हैं। फिलहाल हमारी कार्रवाई जारी है। मानक के विपरीत चल रहे अस्पतालों में जाकर सिजेरियन कराने वाले चिकित्सकों की धरपकड़ की योजना बनाई जा रही है। -**डॉ. सुशील कुमार बानियान, सीएमओ।**

## लोहे के दरवाजे में उतरे करंट से बालक की मौत

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेतवारी चतुरपुर मजरे पाठक पूरा गांव में गुरुवार सुबह दिव्यांक(6) पुत्र धर्मेंद्र निषाद क़ी लोहे के दरवाजे में उतरे विद्युत करंट क़ी चपेट में आने से मौत हो गई। दरवाजे के ऊपर से तार ले जाया है। जो दरवाजे से टच कर रहा था। कटा होने के कारण दरवाजे मे करंट उतर आया। दरवाजा खोलते ही बच्चा करंट क़ी चपेट में आ गया और उसकी मौत गई। मृतक बच्चे के पिता अहमदाबाद शहर में नौकरी करता है। पिता के आने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। थानाध्यक्ष तारुन संदीप त्रिपाठी ने बताया कि जानकारी मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## एक दवा, दो ब्रांड नेम, निर्माता व मार्केटिंग कंपनी को नोटिस

**अयोध्या, अमृत विचार :** औषधि विभाग ने रिकाबगंज स्थित सिटी फार्मा में छापा मारकर दवा के डिब्बे पर दो ब्रांड नेम लिखी औषधि बरामद की है। टैबलेट फेबुक्सोस्टेट के डिब्बे पर दो ब्रान्ड नेम लिखा मिला। औषधि निरीक्षक सुमित वर्मा ने बताया कि उक्त औषधि का नमूना जांच के लिए राजकीय औषधि विश्लेषक प्रयोगशाला आगरा भेजा गया है।

दवा बिक्रीकर्ता फर्म के प्रोप्राइटर को औषधि क्रय-विक्रय का अभिलेख प्रस्तुत करने सम्बन्धी और दवा निर्माता कम्पनी एलेनमेड को नोटिस जारी की गई है। निरीक्षक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सिटी फार्मा में एक दवा का डिब्बा मिला, जिस पर एक ही दवा के दो नाम यूरिकमेड-40 व हेप्टोमेड-40 दोनों थे। यही नहीं एक ही दवा दो नाम से बिक्री भी हो रही है। इस सिलसिले में पूछताछ करने पर फर्म के प्रोप्राइटर ने बताया कि इसमें दवा निर्माता और दवा मार्केटिंग कम्पनी की गलती है। हिमाचल प्रदेश के सोलन की दवा निर्माता कम्पनी व हरिद्वार की मार्केटिंग कंपनी को इस संबंध में नोटिस जारी की गई है।





दवा के डिब्बे पर लिखा दो ब्रांड नेम।

## 18 घंटे में ही बदल गया बीएसए का प्रभार अब सह जिला विद्यालय निरीक्षक को चार्ज

अयोध्या कार्यालय

▸▸ तत्कालीन बीएसए संतोष कुमार ने बुधवार शाम डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता लालचंद सरोज को दिया था प्रभार, शिक्षा निदेशक बेसिक ने जारी किया आदेश

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में महज 18 घंटे में ही बेसिक शिक्षा अधिकारी का प्रभार बदल दिया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय के कानपुर तबादले के बाद बुधवार शाम करीब पांच बजे डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता लालचंद सरोज को प्रभारी बीएसए बनाया गया। कानपुर रवाना होने की जल्दी में तत्कालीन बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बिना शासन के मार्गदर्शन के आनन - फानन डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता लालचंद सरोज को चार्ज सौंप दिया और कानपुर कूच कर गए। तत्कालीन बेसिक शिक्षा अधिकारी ने डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता को प्रभार सौंपते हुए बाकायदा फोटो भी कराई जो ग्रुपों पर खूब वायरल भी हुई। डायट प्रवक्ता को प्रभारी बीएसए के रुप में बधाईयाँ भी मिलने लगी। इसकी सूचना जब शासन को मिली तो शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल ने तत्काल प्रभाव से आदेश जारी किया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी की नवीन तैनाती तक सह जिला विद्यालय निरीक्षक अवनीश कुमार पाण्डेय को प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। जारी आदेश में कहा गया है कि प्रोन्नत किए गए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय के स्थान पर अग्रिम आदेश एवं तैनाती तक सह जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यभार देखेंगे। इस आदेश के आने के बाद सह जिला विद्यालय निरीक्षक अवनीश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार दोपहर प्रभारी बीएसए के रुप में पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा निदेशक बेसिक के आदेश के पालन में उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है।



अवनीश कुमार पाण्डेय, प्रभारी बीएसए सह जिला विद्यालय निरीक्षक

# सगाई में शामिल होने आए बुजुर्ग की हत्या

मवई, अयोध्या

▸▸ सिर और गले में किसी नुकीले हथियार से वार के गहरे निशान घर से 50 मीटर दूर मिला शव

**अमृत विचार:** बाबाबाज़ार थाना क्षेत्र के कला मजरे रेछ गांव में एक बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। सिर और गले में किसी नुकीले हथियार से वार के गहरे निशान मिले हैं। उसका शव घर गुरुवार सुबह घर से 50 मीटर दूर नल के पास मिला। पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच कर रही है।

रेछ गांव के करहने वाले जगजीवन पाल (62) परिवार के साथ कई साल से देहरादून में रहते थे। वहीं पर वह किसी प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे व दो बेटियां हैं। वह परिवार के लोगों के साथ 10 दिन पूर्व एक सगाई में शामिल होने गांव आए थे। तीन दिन पहले उनके परिवार के लोग देहरादून चले गए। जगजीवन पाल गांव में ही रुक गए। उनका गुरुवार को खून से लथपथ शव घर से 50 मीटर दूर पड़ा मिला। उनके शरीर में कई घाव थे। शव को घसीटने के भी निशान मिले हैं। आशंका है कि उनकी हत्या पहले घर के अंदर की गई उसके बाद घसीटकर नल के पास शव को फेंका गया। मृतक के भतीजे जागव राम ने बताया कि गुरुवार सुबह आठ बजे जब वह चाचा को चाय पीने के लिए बुलाने आए तो बाहर नल के पास वह औंधे मुंह जमीन पर पड़े मिले। पुलिस और फारेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

बाबा बाज़ार थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार आजाद ने बताया कि परिजन देहरादून से आ रहे है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। हत्या किस हथियार से की गई है। पोस्टमॉर्टम के बाद ही पता चलेगा। हत्या का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।



जगजीवन पाल (फाइल फोटो)।



घटनास्थल पर छानबीन करते एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी।

## 10 जुलाई से खुलेगा आवेदन के लिए पोर्टल

**अयोध्या, अमृत विचार:** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन के लिए पोर्टल 10 जुलाई खुलेगा। विद्यार्थियों का समय से आवेदन प्रस्तुत करने को सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए समय-सारिणी जारी की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी आरबी सिंह ने कहा कि जिले सभी शिक्षण अपने स्तर से कार्रवाई कराएं। जिससे कोई पात्र छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ पाने से वंचित न हों।

## महिला अस्पताल में भी मिलेगा ब्लड, डोनर का डाटा तलब

अयोध्या कार्यालय।

▸▸ गौतम और आकाश का फोन रिसीव न होने से बढ़ी परेशानी, डीएम से मिले प्रमुख अधीक्षक

**अमृत विचार :** खून के काले धंधे में संलिप्त लोगों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। 72 घंटे बाद भी पुलिस और जिला अस्पताल प्रशासन के हाथ खाली हैं। नवागत प्रमुख अधीक्षक डॉ. अजय सिंह गौतम ने गुरुवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से मुलाकात की। इसके बाद अस्पताल पहुंचते ही ब्लड बैंक से तीन माह के रक्तदाताओं की सूची मांग ली। इसके साथ ही उन्होंने अब महिला अस्पताल से भी ब्लड दिलाने की पहल कराई है।

मामले का सोमवार को खुलासा होने के बाद से जिला अस्पताल व ब्लड बैंक में हड़कंप मचा हुआ है। संदिग्ध आकाश व गौतम से संपर्क करने में विभागीय जांच टीम जुटी हुई है, लेकिन दोनें का फोन रिसीव नहीं हो रहा है। जांच टीम के सदस्य व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने गुरुवार को बताया कि पीड़ित मरीज रीना के तीमारदार अरविंद को रजिस्ट्री द्वारा पत्र भेजा गया है। एक हफ्ते में आकर बयान दर्ज कराना होगा। टीम के सदस्य गुरुवार को भी आकाश और गौतम को फोन लगाते रहे, लेकिन रिसीव नहीं हुआ है। अस्पताल में जगह-जगह पर यह लिखवाया जा रहा है कि जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को ब्लड निशुल्क दिया जाता है। इसकी शुरुआत ब्लड बैंक के सामने से करा दी है।





बोर्ड में लिखाया गया गर्भवती महिलाओं को ब्लड नि:शुल्क दिया जाता है।

> जिलाधिकारी से मुलाकात करने गया था। आदेश जारी किया है कि महिला अस्पताल में भी ब्लड रखवाया जाए। इसके साथ ही 48 घंटे में डोनर का डाटा मांगा गया है। -**डॉ. अजय सिंह गौतम, प्रमुख अधीक्षक, जिला अस्पताल।**

> हर एक अस्पताल में स्टोरेज यूनिट होता है। हम भी अब ब्लड को स्टोरेज यूनिट में रखवाएंगे। इसमें सभी ग्रुप के ब्लड शामिल रहेंगे। -**डॉ. विभा कुमार, सीएमएस, महिला अस्पताल।**

## बिजली गिरने से किशोर की मौत

**रुदौली, अमृत विचार:** थाना पटरंगा के ग्राम पूरे चौहान मजरे गनौली गांव में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से प्रियांशु यादव (13) पुत्र जमुना प्रसाद की मौत हो गई। वह बुधवार शाम को छत पर बारिश में नहा रहा था। इसी दौरान अचानक गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। अचेतावस्था में परिजन उसे लेकर सीएचसी खैरनपुर पहुंचे। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। प्रियांशु अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था। जिसकी असमय हुई मौत में घर का चिराग बुझ गया। जिससे परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अयोध्या का मास्टर प्लान-टू प्राधिकरण बोर्ड से पास

अयोध्या कार्यालय

▸▸ शासन से मंजूरी के बाद आसान होगा प्राधिकरण क्षेत्र में नक्शा पास कराना

**अमृत विचार:** अयोध्या का मास्टर प्लान-टू अयोध्या विकास प्रधिकरण बोर्ड की गुरुवार को हुई बैठक में पास कर अनुमोदन के लिए शासन को भेजे जाने का फैसला लिया गया। मास्टर प्लान लागू होने से शहर में निवेश और व्यवस्थित विकास का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।

प्राधिकरण सभागार में गुरुवार को आयोजित बोर्ड की 87वीं बैठक में एक मात्र एजेंडे मास्टर प्लान-दो पर फोकस रहा। अध्यक्षता कर रहे मंडलायुक्त व प्राधिकरण के अध्यक्ष गौरव दयाल ने मास्टर प्लान के बारे में पूरी जानकारी ली। प्राधिकरण के प्रधान नियोजक ने अयोध्या महायोजना-2031 प्रारूप (भाग-ख) को पेश किया। बताया कि आम जनमानस से 783 आपत्तियों/सुझाव प्राप्त हुए थे। इसकी सुनवाई शासन से गठित समिति के माध्यम से की गई। निस्तारण के बारे में समिति के निर्णय को पटल पर रखा गया। बोर्ड से चर्चा के बाद अयोध्या महायोजना-2031 प्रारूप (भाग-ख) को स्वीकार कर लिया गया। इसे अनुमोदन के लिए अंतिम रूप दिए जाने के लिए शासन को भेजे जाने का निर्णय लिया गया।

बता दें 873 वर्ग किमी. में फैले प्राधिकरण क्षेत्र में अब तक केवल 133 वर्ग किमी. पर मास्टर प्लान लागू है। अयोध्या में निवेश की प्रक्रिया है। निर्माण के लिए बड़ी कंपनियों लाइन में हैं, लेकिन मास्टर प्लान न होने से व्यवस्थित विकास नहीं हो पा रहा है। चोरी-चुपके जो हो भी रहा है वह सुनियोजित नहीं कहा जा सकता है। मास्टर प्लान लागू होने पर यदि एडीए ने इस पर ढंग से अमल किया तो वैश्विक शहर का लुक दिखेगा। अन्य अनियोजित विकास वैदिक सिटी के आकर्षण को प्रभावित करेगा। अब शहर का विकास अयोध्या के साथ ही बस्ती और गोंडा जिलों के प्रधाकरण क्षेत्र में होगा। बैठक में महापौर नगर निगम महंत गिरीश पति त्रिपाठी, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्वनी कुमार पांडे, सचिव अयोध्या विकास प्राधिकरण, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग उ.प्र. के प्रतिनिधि सहयुक्त नियोजक नगर, ग्राम नियोजन विभाग, अपर निदेशक कोषागार, और शासनसे नामित सदस्य सहित अन्य लोग थे।



अयोध्या विकास प्रधिकरण के सभागार में बोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते मंडलायुक्त गौरव दयाल, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पांडे।

## सार-संक्षेप

### चौक में ड्यूटी कर रहा टीएसआई गश खाकर गिरे



इमरजेंसी ओपीडी में उपचाराधीन टीएसआई।

**अयोध्या, अमृत विचार :** तेज धूप व भीषण गर्मी के बीच चौक में ड्यूटी कर रहा टीएसआई गश खाकर गिर पड़ा। साथी कर्मचारियों ने आनन-फानन जिला अस्पताल पहुंचाया। इमरजेंसी ओपीडी में उपचार के बाद उसे भर्ती कराया गया है। रायबरेली निवासी रियाजुल हक डेढ़ वर्ष पूर्व अयोध्या में तैनात हुए हैं। वह गुरुवार को टीम के साथ चौक में ड्यूटी कर रहे थे। चक्कर आया और गिर पड़े। अस्पताल की स्टेमी केयर यूनिट में चिकित्सकों ने उनका ईसीजी किया। नॉर्मल दिखने के बाद सीटी स्कैन कराया गया है। ईएमओ डॉ. आशीष पाठक ने बताया कि लक्षण हीटस्ट्रोक के दिख रहे हैं। उनके साथ मौजूद पुलिस कर्मियों ने बताया था कि उन्हें उल्टियां भी हुई थीं।

### महिला ने लगाया खाते से पैसा निकालने का आरोप

**शुजागंज, अमृत विचार :** शुजागंज चौकी अंतर्गत हसनामऊ गांव निवासी विधवा महिला ने आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट करने के नाम पर खाते से 50 हजार रुपये निकालने का आरोप जनसेवा केंद्र संचालक पर लगाया है। गांव की अनवरी पत्नी स्व. मो. रियाज ने पुलिस को दी तहरीर में शुजागंज स्थिति एक जनसेवा केंद्र संचालक पर आरोप लगाया है कि आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लगवाने के बहाने उसके बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से कई बार में पैसे निकाल लिए गए। जरूरत पड़ने पर उसने बैंक जाकर खाता देखा तो उसके खाते में रूपये ही नहीं थे। जब इसकी शिकायत संचालक से की तो उसने अभद्रता की। शुजागंज चौकी इंचार्ज शंकर लाल यादव ने बताया कि शिकायत मिली है मामला दो महीने पुराना है जांच की जा रही है।

### आधारकार्ड अपडेट न होने से लोग परेशान

**सोहावल, अयोध्या।** तहसील क्षेत्र के लोगों के आधार कार्ड अपडेट नहीं हो पा रहे हैं। इसके कारण लोगों दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा नेता कप्तान तिवारी, ग्राम प्रधान राजेश तिवारी, पूर्व प्रधान पुत्र राजेंद्र गोस्वामी, नदीम मलिक आदि का आरोप है कि तीन माह से सोहावल क्षेत्र में बैक ऑफ बडौदा ग्रामीण बैंक, सोहावल बड़ागांव डाकघर की ऑन लाइन सेवा बंद है। सिस्टम की खराबी के कारण आधार कार्ड में सुधार नहीं पा रहा है। वजीफा सहित अन्य जरुरी सरकारी लाभ पाने के लिए, बच्चों को स्कूल में दाखिले के लिए अति महत्वपूर्ण होने के कारण 12 किमी दूर रूदौली डाकघर की दौड़ लगाने को विवश हैं। सभी ने व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

### सड़क पार करते समय महिला घायल

**रानीबाजार, अमृत विचार :** थाना पूराकलंदर क्षेत्र अंतर्गत अयोध्या- रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रानीबाजार निवासी सविता देवी (58) पत्नी निर्वाण चंद बुधवार देर रात सड़क पार कर रही थी। अयोध्या से कुमारगंज की ओर जा रही बाइक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन जिला चिकित्सालय ले गए स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टर ने पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया। यह जानकारी निर्वाण चंद्र ने देते हुए बताया कि थाना पूरा कलंदर में तहरीर दी है। बाइक पुलिस के कब्जे में है।

**राममंदिर** | दो भंडारी और चार सहयोगी प्रतिदिन तीन समय अलग-अलग समय पर तैयार करेंगे व्यंजन

# रामलला के भोग व प्रसाद के लिए बनी सीता रसोई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में विराजमान रामलला समेत अन्य देवी-देवताओं के भोग लगाए जाने की व्यवस्था के लिए परकोटे में मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर के पास अंडर ग्राउंड फ्लोर पर सीता रसोई बनकर तैयार हो गई है, जिसमें दो भंडारी और चार सहयोगी प्रतिदिन तीन समय अलग-अलग समय पर व्यंजनों को तैयार करेंगे। यहां हाइटेक सुविधा दी जा रही है। फ्रिज, मिक्सर के साथ इलेक्ट्रॉनिक चूल्हे का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा रसोई को मौसम के अनुकूल व्यंजनों को तैयार किए जाने के लिए आकर्षक रूप से सजाया गया है।

ट्रस्ट के मुताबिक सावन माह के प्रारंभ होने से पूर्व ही रसोई को शुरू कर दिया जाएगा। 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के वक्त ही एक रसोई परिसर में बनाई गई थी, लेकिन वह व्यवस्थित नहीं थी। अब भूतल के साथ मंदिर के दोनों मंजिल बनकर तैयार हो चुके हैं। इसके साथ ही पांच जून को राजा राम भी प्रथम तल पर विराजमान हो चुके हैं। आठ अन्य मंदिरों में भी देवी-देवता विराजमान हो चुके हैं। ऐसे में भोग के लिए भी नई व्यवस्था की गई है। जहां प्रत्येक दिन सुबह, दोपहर और शाम के भोग को तैयार की जाएगी।

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर के उत्तर दिशा में स्थित माता अन्नपूर्णा देवी के मंदिर के पास एक रसोई को तैयार किया गया है। जहां पर भगवान को लगने वाले भोग वाले व्यंजनों को तैयार किया जाएगा। अभी वहां पर कुछ व्यवस्थाएं बाकी हैं, जिसे पूरा किया जा रहा है जैसे ही सभी कार्य संपन्न हो जाएंगे। रसोई का कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा।



गर्भ गृह में विराजमान रामलला।

#### यह है भोग की व्यवस्था

**बाल भोग :** सुबह रामलला को दलिया, पराठा, आलू टिक्की, तहरी, पोहा, मैंगो शेक, लस्सी जैसे हल्के भोजन का भोग लगाया जाता है।

**राजभोग :** दोपहर में रामलला को दाल, चावल, रोटी, पूड़ी, सब्जी, सलाद और खीर का भोग लगाया जाता है।

**संध्या भोग :** शाम को मीठे के साथ नमकीन व्यंजन शामिल होते हैं।

## महिला पॉलिटेक्निक में रोजगार मेला 25 को

**अयोध्या, अमृत विचार:** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक परिसर, सहादतगंज में एक दिवसीय रोजगार मेला 25 जून को सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। सहायक निदेशक सेवायोजन देवव्रत कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिष्ठित अमेरिकन कंपनी मोरिस गैरेज (एमजी) मोटर इंडिया प्रा. लि. और धूत ट्रांसमिशन जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 28 वर्ष के मध्य है और शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा (वर्ष-2023, 2024 और 2025 उत्तीर्ण अभ्यर्थी) एमजी मोटर के लिए महिला पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है और आईटीआई(अनुभवी व गैर अनुभवी) है, प्रतिभाग कर सकते है। सके लिए किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं है।



# मारपीट के मामले में एसपी ने सिपाही को किया निलंबित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में स्थित नवीन मंडी सिझौली में एक पुलिस कर्मी की दबंगई का मामला सामने आया है। जिसके बाद मामला संज्ञान में आने पर एसपी ने आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक बुधवार रात अकबरपुर थाने में तैनात सिपाही अमित तिवारी स्कॉर्पियो और एक कार से मंडी पहुंचा। इस दौरान सिपाही ने मंडी में जमकर हंगामा करते हुए एक व्यापारी की पिटाई कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। कई घंटे तक चले इस हंगामे के दौरान अन्य व्यापारी भी भयभीत रहे। सूचना मिलने पर अकबरपुर कोतवाल श्रीनिवास पांडेय मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों वाहनों को सीज कर मामला शांत कराया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी सिपाही अमित तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। व्यापारियों ने प्रशासन से मंडी में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और नियमित पुलिस गश्त की मांग की है।

# उपजिलाधिकारी लंबित वादों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारणः जिलाधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैसबोर्ड के संबंध में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित विभागों उद्योग विभाग, खनन विभाग, खाद्य, जीएसटी, मंडी परिषद, आबकारी विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से प्रत्येक बिंदु पर गहन समीक्षा की। उन्होंने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के बाद समय अंतर्गत विभागीय पोर्टल पर फीड कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी द्वारा सभी राजस्व से संबंधित विभागों को निर्देश दिए। जिसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ज़ूम मीटिंग के माध्यम से उप जिलाधिकारियों को तहसीलों में लंबित मुकदमों को निर्धारित समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों को निर्देशित किया कि पांच वर्ष से ऊपर के लंबित मुकदमों को डेट लगाकर निस्तारित करें। धारा 24, 33, 34, 67, 80 के लंबित मुकदमें को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता तथा संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी आदि लोग उपस्थित रहे।


सीएम डैसबोर्ड की समीक्षा करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व अन्य। अमृत विचार

**डीएम ने की सीएम डैसबोर्ड की समीक्षा, जिम्मेदार अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**

## जल जीवन मिशन की परियोजनाओं को जल्द कराएं पूरा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में जन सामान्य को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित हर घर जल योजना की परियोजनावार प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत कुल 571 योजनाएं हैं, जिसमें 1573 राजस्व गांव सम्मिलित हैं। अब तक 156 ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि 885 राजस्व गांवों में जलापूर्ति हो रही है, अन्य योजनाओं में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने जनपद के कार्यदाई संस्थाओं को अपने-अपने निर्माणाधीन समस्त परियोजनाओं को अलग-अलग टीम और अधिक से अधिक मैनपॉवर लगाकर तीव्र गति से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं पर आज की तिथि में काम बंद है वहां पर भी आगामी एक सप्ताह के अंदर प्रत्येक दशा में टीम में लगाकर तीव्रता कर कार्य कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम सहित जल जीवन मिशन और कार्यदाई संस्थाओं के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### एआरटीओ ने टैक्स न जमा करने वाले वाहन मालिकों को भेजा नोटिस

**अंबेडकरनगर :** जनपद में रोड टैक्स की बकाया राशि न जमा करने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ संभागीय परिवहन कार्यालय ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्यालय ने 115 वाहनों के मालिकों के खिलाफ 1 करोड़ 70 लाख रुपये की वसूली के आदेश जारी किए हैं। एआरटीओ सतेंद्र कुमार यादव ने बताया कि एक हजार वाहन मालिकों पर लगभग एक करोड़ रुपये का टैक्स बकाया है। इन सभी को नोटिस भेजा गया है। नोटिस के बाद भी टैक्स जमा नहीं करने पर वसूली प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। जनपद में कई वाहन मालिक 4 से 5 साल से टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। अधिकतर मालिक केवल वाहन का चालान कटने पर ही टैक्स जमा करने की याद करते हैं। परिवहन विभाग पहले नोटिस भेजेगा। इसके बाद भी टैक्स नहीं जमा करने पर आरसी जारी की जाएगी। आरसी जारी होने के बाद भी भुगतान नहीं करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बिना रूट परमिट के चल रहीं छह बसें सीज, हड़कंप

**बसखारी, अंबेडकरनगर :** जनपद में बिना रूट परमिट और आवश्यक दस्तावेजों के चल रही बसों पर पुलिस ने कार्रवाई किया है। बसखारी थाना पुलिस ने छह बसों को सीज कर थाने में खड़ा कर दिया है। बसखारी थाना प्रभारी संत कुमार सिंह ने बताया कि नियमित जांच के दौरान इन बसों में रूट परमिट, फिटनेस प्रमाण-पत्र, बीमा और अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं मिले। बस संचालकों को पहले भी कई बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने नियमों का पालन नहीं किया। पुलिस टीम ने बसखारी चौराहे से लेकर आसपास के प्रमुख मार्गों तक सघन चेकिंग अभियान चलाया। सीज की गई सभी बसें निजी हैं। यह बसें लंबे समय से बिना रूट परमिट के सवारियों का परिवहन कर रही थीं। थाना प्रभारी ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए आगे भी नियमित जांच जारी रहेगी। इस कार्रवाई से बस संचालकों में हड़कंप मच गया है।

### दो पक्ष आपस में भिड़े पुलिस कार्रवाई में जुटी

**अंबेडकरनगर :** जनपद के बेवाना थाना क्षेत्र के खुलासपुर गांव में बुधवार रात प्रदीप यादव और उनके साथियों ने पुरानी रंजिश के चलते वीरेंद्र यादव के घर में घुसकर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से लैस आरोपियों ने वीरेंद्र यादव और उनके परिवार पर हमला किया। इस दौरान घर में मौजूद महिलाएं और बच्चे भी दहशत में आ गए। हमले में वीरेंद्र यादव सहित कई लोगों के सिर में चोटें आईं। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष ने बेवाना थाने में शिकायत दर्ज कराई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुख्य आरोपी प्रदीप यादव पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह क्षेत्र में दबंगई के लिए जाना जाता है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस बाबत सीओ सिटी नीतीश तिवारी ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों को चोट आईं हैं।

# योग दिवस की तैयारियां समय से करें पूर्ण

## आगामी योग दिवस को लेकर जिलाधिकारी ने बैठक करके जिम्मेदार अधिकारियों को दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के सफल आयोजन के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ समस्त तहसीलों, विकास खण्डों, थानों, स्कूलों, महाविद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, अमृत सरोवरों, स्वास्थ्य केंद्रों आदि स्थलों पर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर सभी कार्यक्रमों में अधिकाधिक जन सहभागिता एवं प्रतिभाग सुनिश्चित करते हुए सभी स्थलों पर योग दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला। अमृत विचार

बैठक में जिला क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि योग दिवस का कार्यक्रम पूर्वाह्न 5:30 बजे प्रारंभ होगा। क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी ने बताया कि जनपद स्तर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन चंद्रशेखर आजाद पार्क कचेहरी रोड पर मुख्य विकास अधिकारी आवास के सामने आयोजित होगा। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी को कार्यक्रम से संबंधित समस्त तैयारियों को समय से पूर्ण करने, योग दिवस पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अकबरपुर बीना सिंह को मोबाइल टॉयलेट, पेयजल, साफ-सफाई और नगरीय क्षेत्र में लाउडस्पीकर से व्यापक प्रचार-प्रचार कराने, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय शैवाल को गर्मी के मौसम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल पर ओआरएस, एम्बुलेंस मय स्टाफ और जीवन रक्षक दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी को जनपद स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही पुलिस लाइन, तहसीलों, विकास खण्डों, स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केंद्रों आदि पर आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों तथा प्रत्येक कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर, ट्रेनर और प्रतिभागियों को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में संचालित स्मार्ट कक्षाओं में भी बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम का सजीव प्रसारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को आयुष कवच एप में योग करते हुए फोटो शेयर कराने को कहा।

### प्रभारी मंत्री विजेताओं को करेंगे सम्मानित

बैठक में क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी ने बताया कि योग सप्ताह में आयोजित योग से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं निबंध प्रतियोगिता आदि के विजेताओं को जनपद स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री व मंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव द्वारा पुरस्कृत और सम्मानित किया जाएगा। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में शासन द्वारा नामित जनपद के नोडल अधिकारी प्रांजल यादव द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को किया लाइन हाजिर

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने सम्मनपुर थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। थाना प्रभारी पर पीड़ितों की शिकायतों पर समय से कार्रवाई न करने का आरोप था। थाना प्रभारी उच्चाधिकारियों के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद मुकदमा दर्ज करने में देरी कर रहे थे। जिससे पीड़ितों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। थाना प्रभारी के विरुद्ध पूर्व में भी कई मामलों में लापरवाही के आरोप लगे थे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थानों में न्याय दिलाने में विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। जनता को समय पर न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है। यह कार्रवाई अन्य थाना प्रभारियों के लिए एक संदेश है। काम में लापरवाही या जनता की शिकायतों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पिछले दशक में कृषि बजट 5 गुना बढ़ा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार के विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों के शानदार कार्यकाल पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम जिला संयोजक डॉ. राना रणधीर सिंह के संयोजन में जनपद की मंडलों के शक्ति केंद्रों पर चौपाल कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जलालपुर विधान सभा क्षेत्र की जीवत मंडल की डीह भियांव, सोनगांव की बडग़ांव शक्ति केंद्र में चौपाल का आयोजन किया गया।

पूर्व जिलाध्यक्ष व अयोध्या जनपद प्रभारी डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक नए आत्मनिर्भर, सुरक्षित, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का सपना है। अब यही 140 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढक़र 23 हजार 622 करोड़ तक पहुंच गया है। मोदी के साहस और दूरदर्शी विजन के चलते ही भारतीय सशस्त्र बलों के सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पीओके और पाकिस्तानी धरती पर 9 आतंकी शिविर और 11 सैन्य एयरबेस तबाह किए। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में अन्त्योदय की नीति को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने सुनिश्चित किया है कि विकास का लाभ सबसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कोई गरीब परिवार भूखा नहीं सोए इसके लिए प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना के तहत अब 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। पिछले दशक में कृषि बजट 5 गुना बढ़ा है। जिससे किसानों को मजबूती मिली है। 11 वर्षों में आयुष्मान भारत योजना ने 55 करोड़ लाभार्थियों को आर्थिक बोझ से राहत दी है।


चौपाल में लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी देते डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी।

**चौपाल**

वहीं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि शक्तिकेंद्रों की चौपाल कार्यक्रम में शामिल लोगों को विकसित भारत का संकल्प पत्र भरवा कर उनसे विकसित भारत के लिए सहयोग का संकल्प दिलाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता डॉ अमित त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष सरिता निषाद, रवींद्र भारती आदि लोगों की भागीदारी रही।

# कब्रिस्तान में शव दफनाने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

संवाददाता,, आजमगढ़

**अमृत विचारः** जिले के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के नेवादा शेखवलिया गांव में स्थिति कब्रिस्तान में शव दफनाने को लेकर बुधवार की रात दो पक्ष में विवाद हो गया। सूचना मिलने पर एसडीएम के साथ सीओ फूलपुर फोर्स के साथ पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। इसके बाद शव दफन किया गया।

फूलपुर कोतवाली के नेवादा शेखवलिया गांव निवासी मुजम्मिल की पत्नी का बुधवार की शाम निधन हो गया था। परिजन गांव के पास स्थित कब्रिस्तान में शव को दफनाने के लिए कब्र खोद रहे थे। इसकी खबर दूसरे पक्ष के लोगों को हुई इस पर काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और कब्र खोदने से रोक दिया। कहने लगे कि विवादित भूमि झाड़ी के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। वहीं मुस्लिम पक्ष के नसीम अहमद न बताया कि कब्र खोदने की जगह का 1940 और 1967 में मुंसिफ हवेली का फैसला है कि इस भूमि पर शव को दफन करने से न रोका जाए। शव दफन करने को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव काफी बढ़ गया।

जानकारी मिलते ही एसडीएम फूलपुर संत रंजन, सीओ फूलपुर अनिल वर्मा, कोतवाल सच्चिदानंद फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले को शांत कराया। एसडीएम ने दो दिन अंदर दोनों पक्ष के लोग अपना कागजात लेकर तहसील मुख्यालय पर बुलाया। दोनों पक्ष में कई घंटे चले विवाद के बाद देर रात खोदे गई कब्र में शव को दफन किया गया।

### सचिव और प्रधान ने हैंडपंप रिबोर के नाम पर निकाले लगभग 1 लाख 40 हजार रुपये

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** चितई पट्टी की ग्राम पंचायत में सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम सचिव और प्रधान ने हैंडपंप रिबोर और मरम्मत के नाम पर एक महीने में 1.40 लाख रुपये निकाल लिए। हैंडपंप रिबोर के लिए दो बड़ी निकासी की गईं। 27 मई को 39 हजार 465 रुपये और 20 मई को 39 हजार 168 रुपये निकाले गए। इसी दिन 844 रुपए की एक अतिरिक्त निकासी भी की गई। रिबोर कार्य में कुल 79 हजार 477 रुपये खर्च दिखाए गए। हैंडपंप मरम्मत के नाम पर चार अलग-अलग निकासी की गईं। 27 मई को 19 हजार 870 रुपये निकाले गए। इसके बाद क्रमशः 844 रुपये, 19 हजार 473 रुपये और 389 रुपये की निकासी की गई। मरम्मत कार्य में कुल 60 हजार 576 रुपये खर्च किए गए हैं। सरकारी नियमानुसार विकास कार्यों की ऑनलाइन प्रविष्टि और जियो टैग के साथ फोटो अपलोड करना आवश्यक है। लेकिन इन कार्यों का न तो स्थल दर्शाया गया और न ही कोई फोटो अपलोड की गई। एक ही कार्य के लिए अलग-अलग राशि की निकासी से नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आया है। जहां एक जगह रिबोर कार्य में 844 रुपये खर्च दिखाए गए।

## सार-संक्षेप

### टड़वा फरीदपुर में पीड़ित परिवार से मिले सांसद


पीड़ित परिवार को सांत्वना देते सांसद लक्ष्मीकांत व अन्य। अमृत विचार

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** रामनगर के टड़वा फरीदपुर गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। गिरिजेश कुमार गौतम के दो बेटे आदर्श और आयुष नदी में नहाते समय डूब गए। दोनों बच्चों की मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है। सूचना मिलते ही सांसद लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद गुरुवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी। सांसद ने प्रशासन से मदद दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह परिवार को अकेला नहीं छोड़ेंगे। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के कई नेता और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। पूर्व जिलाध्यक्ष राम शकल, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव प्रद्युम्न यादव, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र निषाद समेत कई नेताओं ने परिवार से मुलाकात की। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को राहत देने की मांग की है। सभी ने दिवंगत बच्चों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### पिछड़ा वर्ग के युवाओं को मिलेगा फ्री कम्प्यूटर प्रशिक्षण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवाओं के लिए नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा शुरू की गई है। यह प्रशिक्षण पूर्णत: ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नीलिट से मान्यता प्राप्त चार संस्थानों में यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिनमें विट्स कंप्यूटर इंस्टीट्यूट टांडा रोड, ट्रांस इंस्टीट्यूट बसखारी रोड, कमला कंप्यूटर एजुकेशनल सोसाइटी और ईसीआई कंप्यूटर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट अकबरपुर शामिल हैं। आवेदन के लिए अभ्यर्थी की उम्र 35 वर्ष से कम होनी चाहिए। अभ्यर्थी इंटरमीडिएट पास होना आवश्यक है। वहीं अभ्यर्थी की वार्षिक आय 1 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। वह किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो। इच्छुक उम्मीदवार विभागीय वेबसाइट पर जाकर 14 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### किसानों को गन्ना की खेती का दिया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण में मौजूद ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उदय सिंह व अन्य। अमृत विचार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के ब्लॉक कटेहरी के न्याय पंचायत सुमेरपुर के ग्राम पंचायत चक कोडार में गन्ना विकास परिषद ने एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उदय सिंह ने किसानों को गन्ना खेती की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने गन्ना बुआई की आधुनिक पद्धति, ड्रिप सिंचाई और जैविक उर्वरक के उपयोग पर विशेष जोर दिया। साथ हीए गन्ना विकास विभाग द्वारा बीज और खाद पर दी जा रही अनुदान योजनाओं की भी जानकारी साझा किया। कार्यक्रम में गन्ना पर्यवेक्षक महेश कुमार यादव और कल्लू राम ने भी किसानों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर राम तीरथ, राम उजागिर, अब्दुल हमीद, राम मूरत, रमाकांत तिवारी, नरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### ग्राहक और दुकानदार भिड़ें, जमकर काटा हंगामा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के यादव चौराहा स्थित नाश्ते-पानी की ठेला नुमा दुकान पर खाने के बाद पैसा न देने पर ग्राहक और दुकानदार के मध्य जमकर हंगामा हुआ। पहले ग्राहक ने ठेले पर रखे सामानों को फेंकना शुरू किया। इसके बाद दुकान मालिक और उसके अन्य साथियों ने भरे चौराहे पर ग्राहक की जमकर पिटायी कर दी। पिटायी का वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला पुलिस के संज्ञान में है लेकिन अभी तहरीर नहीं मिली है। बता दें कि बुधवार शाम दिलीप गुप्ता की ठेले नुमा दुकान पर अज्ञात युवक ने छोला-भटूरा खाने के बाद पैसे मांगने पर हंगामा शुरू कर दिया। दुकानदार ने बताया कि रुपए मांगने पर युवक ने गाली-गलौज शुरू कर दी और गुस्से में आकर दुकान पर रखे खाद्य पदार्थ फेंकने लगा। विरोध करने पर युवक ने लाठी-डंडा उठाकर दुकान पर ईंट भी फेंका। इसके कुछ समय बाद दुकान मालिक दिलीप ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर युवक की लाठी-डंडे और लात घूसों से जमकर पिटायी शुरू कर दी। जिस का वीडियो सोसल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। हालांकि, परिजनों के पहुंचने के बाद युवक को उनके सुपुर्द कर दिया गया है।

### दो बच्चों का पिता युवती को लेकर फरार, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** दो बच्चों का पिता फेरी करने वाला व्यक्ति एक युवती को लेकर फरार हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने फेरी वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। पीड़ित ने बुधवार को पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सीतापुर जनपद के ग्राम मेवा निवासी मोहम्मद मुशीर फेरी करता है। जो मेरे मोहल्ले में किराए के कमरे में लगभग एक वर्ष से अपने साथियों के साथ रह रहा था और यह मेरे परिवार से लगाव बनाकर मेरी पुत्री को प्यार का झांसा देकर फंसाने लगा। जानकारी होने पर मोहल्ले के लोग इसे वहां से भगा दिए, लेतिकन यह मेरी पुत्री के मोबाइल पर संपर्क करता रहा और अंत में 18 जून को सुबह लगभग 4 बजे भगा ले गया है।

### बिजली कटौती लेकर आम आदमी पार्टी का विरोध-प्रदर्शन

**संवाददाता, आजमगढ़, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी ने बदहाल विद्युत व्यवस्था और अघोषित कटौती को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट चौराहा पर सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी ने बिजली के निजीकरण का विरोध करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि प्रदेश में लगातार महंगी हो रही बिजली और उस पर घंटों बिजली की कटौती की मार झेल रही प्रदेश की जनता, सरकार से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बिजली कटौती के कारण आम आदमी और किसान बेहद परेशान हैं। भीषण गर्मी में घंटों बिजली कटौती से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष कृपाशंकर पाठक ने कहा कि किसानों को भी बिजली कटौती के कारण अपनी फसलों की सिंचाई करने में परेशानी हो रही है, जिससे उनकी फसलें खराब हो रही हैं और उनकी आय प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि यूपी में बिजली कटौती एक बड़ी समस्या है, लेकिन सरकार इस समस्या से निपटने के बजाए लगातार बिजली की दरों में वृद्धि के काम में लगी हुई है। प्रदर्शन के दौरान संजय यादव, कलीमुर्रहमान, महेंद्र यादव, तनवीर रिजवी, अनिल यादव, उमेश यादव दीनबंधु, नेबूलाल, उमेश यादव, रामरूप यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

**सख्ती** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 20 के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# मुख्य सचिव ने लोकार्पण कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचारः** विकासखंड पवई के चकिया में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 20 जून को प्रस्तावित पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण कार्यक्रम के दृष्टिगत मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।


कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अन्य।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंच, फोटो गैलरी, सैंड आर्ट, डी एरिया, स्विस कॉटेज, सेफ हाउस सहित गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण स्थल के निरीक्षण के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने समस्त नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दिन प्रातः 7:00 बजे तक अपने ड्यूटी पॉइंट पर पहुंच कर दिए गए उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग में लगे अधिकारियों को निर्देश दिए कि वाहनों की पार्किंग प्रॉपर तरीके से करायें एवं कार्यक्रम में आने वाले जन सामान्य की चेकिंग व फ्रीसकिंग सावधानी पूर्वक कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कार्यक्रम के पश्चात जब तक कार्यक्रम स्थल से पूरी भीड़ न चली जाए, तब तक सभी अधिकारी अपने ड्यूटी पॉइंट पर तैनात रहेंगे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने कार्यक्रम में लगे पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य सौंपे गए हैं, उसकी रिहर्सल कर लें और सौंपे गए कार्यों का शत प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करें।इस मौके पर मंडलायुक्त विवेक, पुलिस उपमहानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सीएम गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का आज करेंगे लोकार्पण

**आज़मगढ़ः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोड कनेक्टिविटी की शानदार सौगात गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का शुक्रवार को लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण का समारोह करीब 92 किमी लंबे लिंक एक्सप्रेस-वे का आजमगढ़ के सलारपुर टोलप्लाजा के पास होगा। लिंक एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण और जनसभा करने के बाद मुख्यमंत्री एक्सप्रेस-वे का भ्रमण करते हुए गोरखपुर पहुचेंगे।-मार्ग के रूप में तैयार किए गए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 91.35 किमी है। यह गोरखपुर के एनएच-27 पर जैतपुर के पास शुरू होकर आजमगढ़ के सलारपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से मिलता है।

# 38.49 लाख गबन के आरोप में प्रधान समेत छह गिरफ्तार

## तीन तालाब के जीर्णोद्धार के नाम पर किया था फर्जीवाड़ा



गबन के गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस अधीक्षक व उनकी टीम। अमृत विचार

**कामयाबी**

पचपेड़वा बलरामपुर

**अमृत विचारः** बलरामपुर पुलिस ने मनरेगा घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी ग्राम सभा विशुनपुर टनटनवा में तीन तालाबों के जीर्णोद्धार के नाम पर फर्जीवाड़ा कर 38 लाख 49 हजार रुपये का गबन करने के मामले में शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों में अब्दुल वहाब पुत्र छेदी ग्राम प्रधान विशुनपुर टनटनवा, मो. जुबेर खान पुत्र मो. रफीक खान रोजगार सेवक विशुनपुर टनटनवा, गिरिजाशंकर पुत्र देवतादीन ग्राम विकास अधिकारी दीनापुर जौनपुर, अतुल कुमार मिश्रा पुत्र रामप्रकाश मिश्रा अतरिक्त कार्यक्रम अधिकारी लखनऊ, प्रदीप कुमार चौधरी पुत्र रामचन्दर जेई बहराइच और अजय यादव पुत्र गुलाब चन्द्र यादव ग्राम विकास अधिकारी गोरखपुर शामिल हैं। आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से सरकारी धन का गबन करने के लिए फर्जी तरीके से तालाब जीर्णोद्धार व निर्माण करने के लिए गलत प्रस्ताव पारित कर मनरेगा मजदूरों का फर्जी एवं कूटरचित मास्टर रोल तैयार किया था।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। आरोपियों के खिलाफ थाना पचपेडवा में मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

# झारखंडी मंदिर सरोवर में ताजिया दफन को लेकर हिंदू संगठनों में रोष

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** झारखंडी महादेव मंदिर परिसर से सटे प्राचीन सरोवर में ताजिया दफन करने को लेकर बलरामपुर में धार्मिक विवाद गहराता जा रहा है। श्री गणपति महोत्सव समन्वय समिति एवं जय मां दुर्गा महोत्सव केंद्रीय समन्वय समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपते हुए झारखंडी सरोवर की धार्मिक और ऐतिहासिक महत्ता को बनाए रखने की अपील की है। दोनों समितियों ने प्रशासन से आग्रह किया कि इस पवित्र सरोवर में ताजिया दफन करने पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंडी महादेव मंदिर बलरामपुर का अत्यंत प्राचीन धार्मिक स्थल है। मंदिर से सटे पश्चिमी छोर पर स्थित यह सरोवर मंदिर परिसर का ही अंग है जिसमें मंदिर की सीढ़ियाँ सीधे उतरती हैं। सरोवर सनातन परंपराओं के अनुसार व्रत, स्नान, आचमन एवं पूजा के लिए सदियों से उपयोग में लाया जा रहा है। समितियों ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि इस स्थल को कुछ तत्वों द्वारा करबला बताकर ताजिया दफन करने की अनुमति प्राप्त करने का प्रयास किया गया था। जिसे उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ ने 21 मार्च 2025 को सिरे से खारिज कर दिया। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि राजस्व अभिलेखों में इस भूमि का उल्लेख करबला के रूप में नहीं है। और यह सरोवर मंदिर परिसर से सम्बद्ध है।



डीएम से मिलने पहुंचे विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

ज्ञापन में बताया गया कि सरोवर के सौंदर्यीकरण का कार्य नगर पालिका परिषद बलरामपुर द्वारा वर्ष 2018-19 में 29.92 लाख की लागत से करवाया गया था। जिसे नगरीय झील/तालाब संरक्षण योजना' के अंतर्गत वित्तीय स्वीकृति प्राप्त थी। शासन द्वारा स्वीकृत इस योजना में भी करबला का कोई उल्लेख नहीं है जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह सरोवर किसी अन्य धर्म की आस्था का केन्द्र नहीं रहा। संयुक्त समिति का कहना है कि मोहर्रम के अवसर पर जब हजारों की संख्या में ताजिए सरोवर में दफन किए जाते हैं तो सरोवर का जल अत्यधिक प्रदूषित हो जाता है। इससे न केवल धार्मिक क्रियाकलापों में विघ्न उत्पन्न होता है बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी यह जल अनुपयोगी हो जाता है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा भी सार्वजनिक जलस्रोतों को प्रदूषित करने पर रोक लगाई गई है जिसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। समितियों ने जिलाधिकारी से यह आग्रह किया कि नगर पालिका परिषद बलरामपुर द्वारा ताजिया विसर्जन के लिए जो वैकल्पिक स्थल निर्धारित किया गया है। वहीं ताजिए विसर्जित कराए जाएं। यह स्थान सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त है और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए भी उपयुक्त रहेगा। मौके पर अविनाश मिश्रा, रामकृष्ण सिंह, शौर्य मिश्रा, चंदन मिश्र, विशाल सिंह, महेश कुमार पाण्डेय, नरेन्द्र मिश्र, आर्य अशोक तिवारी, रक्षाराम यादव, ललिता तिवारी, शिवम मौर्या, हिमांशु शुक्ल, नीरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



गिरफ्तार दुष्कर्म के चार आरोपियों के साथ एसपी और पुलिस टीम। अमृत विचार

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना का सफल अनावरण करते हुए चारों आरोपियों को 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान शिवा यादव, अख्तर रजा, राज कुरैशी और फिरोज कुरैशी के रूप में हुई है, जो अलग-अलग स्थानों से ताल्लुक रखते हैं। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है और बताया कि उन्होंने नाबालिग के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया था, जिसने बढ़या पकड़ी नहर पुलिया के पास से आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने भागने की कोशिश की, जिसमें उन्हें चोटें आईं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई है। आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# केक काटकर मनाया राहुल का जन्म दिन

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** जनपद मुख्यालय स्थित कांग्रेस पार्टी कैंप कार्यालय पर राहुल गांधी के जन्म दिवस पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर खुशी जताई।

बताते चलें कि गुरुवार को राहुल गांधी का जन्म दिवस है जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखा। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवलाल कोरी की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटते हुए राहुल गांधी के दीर्घायु जीवन की कामना की।उक्त अवसर पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं के आवाज बन चुके हैं और आने वाला समय राहुल गांधी के नेतृत्व में नया इतिहास लिखेगा। इसी प्रकार जिले भर में एकदूसरे का मुंह मीठा कर राहुल गांधी का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया।

इसी तरह कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर सभी लोगों ने राहुल गांधी के दीर्घायु होने की भी कामना की। उक्त अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ विनय कुमार मिश्रा अमेरिका प्रसाद कुरील इजहार अहमद मोहम्मद जमील विशाल कश्यप अवधेश पाल सिंह जिला मीडिया प्रभारी बृजेश चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



केक काटकर राहुल गांधी का जन्म दिवस मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

## लापरवाही में रोका 120 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** स्थानीय ब्लॉक बाल विकास परियोजना कार्यालय ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों का चेहरा सत्यापन और ई-केवाईसी अभियान चलाया। लेकिन 120 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अभी तक किसी भी लाभार्थी का चेहरा सत्यापन और ई-केवाईसी नहीं कराया। बाल विकास परियोजना अधिकारी पचपेड़वा अरुण कुमार ने एक पत्र जारी कर इन सभी 120 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का माह जून का मानदेय रोक दिया है। यह निर्णय इन कार्यकत्रियों की घोर लापरवाही और उदासीनता के कारण लिया गया है। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को अवगत करा दिया था, जिसके बाद इन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय रोक दिया गया है।




समर कैंप में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी। अमृत विचार

## समर कैंप में बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

**संवाददाता, बलरामपुर, अमृत विचार :** पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में गुरुवार को एक समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस कैंप में क्राफ्ट कटिंग, संगीत, योगा और नृत्य जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं। छात्रों ने क्राफ्ट कटिंग में वर्णमाला आकृति, छाता आकृति, पेड़ आकृति और सूर्य आकृति बनाई। संगीत में छात्रों ने ट्रिपलेट और हारमोनियम का प्रशिक्षण प्राप्त किया। योगा में छात्रों ने सूर्य नमस्कार और भुजंग आसन का अभ्यास किया। नृत्य में छात्रों ने कथक नृत्य का अभ्यास किया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ. एम.पी. तिवारी ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या/प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव और समस्त अध्यापक/अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# बुनियाद परियोजना के तहत 80 मॉडल केंद्र विकसित

**आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प**

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** जिले में संचालित 'बुनियाद परियोजना' ने एक वर्ष पूर्ण कर लिया है। इस अवसर पर बुधवार को विकास भवन सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में 'पानी संस्था' के प्रतिनिधि जगदीश गिरी ने बताया कि टाटा ट्रस्ट के सहयोग से जिले के तुलसीपुर, गैंसड़ी और रेहरा बाजार ब्लॉक में बुनियाद परियोजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत 436 आंगनबाड़ी केंद्रों और 60 प्राथमिक विद्यालयों को चयनित किया गया है। जिनमें बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही ईसीसीई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) के महत्व और लिंग आधारित भेदभाव के विरुद्ध समुदाय को जागरूक किया जा रहा है।



उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करते अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

जगदीश गिरी ने जानकारी दी कि वर्तमान में 80 आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल के रूप में विकसित किया जा चुका है। और अब शेष 356 केंद्रों को भी इसी तरह उन्नत बनाने का लक्ष्य है। इन मॉडल केंद्रों में शैक्षिक गतिविधियों के लिए बेहतर संसाधन, रंगीन और आकर्षक वातावरण, तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने वाली सुविधाएं शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं निश्चित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। बच्चों की उपस्थिति, सीखने की प्रवृत्ति और अभिभावकों की भागीदारी में वृद्धि देखी जा रही है। इस अवसर पर परियोजना से जुड़े ग्राम प्रधानों, सीडीपीओ और बीडीओ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय, बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ल, टाटा ट्रस्ट से विश्वम्भर, परियोजना निदेशक शिवानंद शुक्ल और कार्यक्रम प्रबंधक शिवकुमार भी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### गरीब बेटियों के हाथ पीले करने में सहारा बनी योजना

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना गरीब परिवारों की बेटियों के लिए राहत बनकर आई है। योजना अंतर्गत अब तक 20 पात्रों के खाते में 20-20 हजार रुपये की सहायता राशि भेजी जा चुकी है। वहीं 132 लाभार्थी अभी भी सहायता राशि का इंतजार कर रहे हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजीव कुमार यादव ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में विभाग को कुल 424 बेटियों को अनुदान देने का लक्ष्य मिला है। अब तक पोर्टल पर कुल 302 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 185 का सत्यापन पूरा कर लिया गया है, जबकि 33 आवेदन नियमों के तहत निरस्त कर दिए गए। सत्यापन के बाद 152 आवेदन पात्र पाए गए।

### संदिग्ध हालात में गड्ढे में मिला पुजारी का शव

**बलरामपुर, अमृत विचार :** गौरा चौराहा थाना क्षेत्र के नाथूडीह गांव स्थित रामजानकी मंदिर के पुजारी सुरेंद्र कुमार शुक्ल का शव संदिग्ध हालात में सड़क किनारे गड्ढे में मिला। वह मूल रूप से महराजगंज तराई के महादेव अतरपरी गांव के निवासी थे। बुधवार रात वे मंदिर से निकलकर पूर्व दिशा की ओर स्थित सड़क की तरफ गए थे, लेकिन गुरुवार सुबह उनका शव सड़क किनारे एक गड्ढे में पड़ा मिला। गौरा थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### महिलाओं से मारपीट, आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**परसपुर, गोंडा :** थाना क्षेत्र के ग्राम पूरेअजब और ग्राम अभईपुर में महिलाओं के साथ मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने कार्यवाही शुरू की है। ग्राम पूरेअजब की पीड़िता आशा सिंह अपने खेत में लकड़ी लेने गई थी। तभी पहले से घात लगाए बैठे उनके गांव निवासी लाल बहादुर सिंह उर्फ नंगा सिंह, राजबहादुर सिंह, रामलाल सिंह और एक अन्य व्यक्ति ने अचानक हमला कर दिया। दूसरी घटना ग्राम अभईपुर की है, जहां पीड़िता सूरसती पत्नी सीताराम लोनिया के दरवाजे के सामने उनके गांव निवासी मस्तराम, संते, रामसूरत और एक अन्य व्यक्ति नादा रख रहे थे। मना करने पर उन्हें गालियां दीं और मुक्का, थप्पड़, लाठी-डंडों से पीटा। शोर सुनकर बचाव में आईं काजल, चाँदनी और पृथ्वीराज को भी मारपीट का शिकार होना पड़ा। आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि दोनों घटनाओं में कुल आठ नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### जालसाजी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** धानेपुर पुलिस ने जलसाजी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। रामप्रताप मौर्य पुत्र रामसंवारे मौर्य निवासी ग्राम पूरे नेवल, थाना धानेपुर ने तहरीर दी कि उनकी पैतृक संपत्ति ग्राम पहडवा में है,जो कि सीतापती पत्नी राम सहाय की मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र द्वारा बैनामे के माध्यम से उनके पिता रामसंवारे मौर्य को हस्तांतरित की गई। बैनामा दिनांक 15 जनवरी 2014 को हुआ तथा पिता का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज हुआ, जिनकी मृत्यु के बाद उनके व भाइयों का नाम दर्ज हो गया। लेकिन विपक्षी उमेश चन्द्र ने दुर्भावनावश 9 जुलाई 2021 को फर्जी तरीके से सीतापती की मृत्यु तिथि 6 नवंबर 2014 दर्ज कराकर गलत दस्तावेज तैयार करवा लिया, जबकि वास्तविक मृत्यु तिथि 15 जनवरी 2014 से पूर्व की है, जिसका उल्लेख पहले से खतौनी में दर्ज है। विपक्षियों ने आपस में मिलीभगत कर न्यायालय में वाद दायर किया गया है। वादी की तहरीर पर थाना धानेपुर में सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ। धानेपुर पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी उमेशचन्द्र वर्मा पुत्र रामसहाय निवासी ग्राम खीरभारी थाना धानेपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

### डिडिसिया कलां के 16 मजरों में जलापूर्ति शुरू

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** नागरिकों ने ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण जलापूर्ति पूरी तरह से प्रभावित हो गई है, जिससे ग्राम पंचायत के 16 मजरों में रहने वाली लगभग 3800 की आबादी को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनसमस्या को गंभीरता से लिया और मौके अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड को ट्रांसफार्मर को प्रतिस्थापित कर जलापूर्ति व्यवस्था को पुनः चालू कराने का निर्देश दिया। ट्रांसफार्मर को बुधवार शाम तक ठीक कर विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। इसके परिणामस्वरूप गुरुवार प्रातः से ही ग्राम पंचायत डिडिसिया कलां के 16 मजरों में जलापूर्ति प्रारंभ हो गई है।

# झाड़ियों में युवक का शव मिलने से सनसनी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** नगर कोतवाली थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब गुरुवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध हालात में मिला। घटना छोटा परेड ग्राउंड और रेलवे ट्रैक के बीच स्थित बंधे की झाड़ियों की है, जहां 40 वर्षीय राजू पुत्र मोहम्मद शफीक का शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोग सुबह टहलने निकले थे तभी झाड़ियों में शव दिखाई दिया। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक के सिर पर गहरे चोट के निशान और चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त था, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक के भाई ने बताया कि राजू बुधवार रात करीब आठ बजे घर के पास टहल रहा था। रात में वह कब और कैसे लापता हुआ, इसकी जानकारी नहीं है। सुबह सूचना मिली कि उसका शव झाड़ियों में मिला है। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति श्री, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। नगर कोतवाली प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है।फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।



घटनास्थल पर मामले की छानबीन करती पुलिस टीम। अमृत विचार

# पंचायत सहायक के कार्य पर रोष

**बालपुर, गोंडाः** बीडीओ और सहायक विकास अधिकारी को चौरी के प्रधान मुरलीधर गुप्ता ने एक शिकायती पत्र दिया है। ग्राम प्रधान का आरोप है कि पंचायत भवन का काम पूर्ण करा दिया गया है और पंचायत भवन में सभी सुविधा कि व्यवस्था करा दी गयी है लेकिन पंचायत सहायक पूनम गुप्ता पंचायत भवन पर पंचायत का काम करने नहीं आती हैं। पंचायत सहायक के जिम्मेदारी पर जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र, आय/जाति प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर नक़ल आदि का काम होता है। पंचायत सहायक के काम न करने कि वजह से गांव के लोगों को बाहर से काम कराना पड़ रहा है।

# हत्या आरोपियों को सश्रम आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा

**गोंडा, कार्यालयः** न्यायालय में दो हत्या आरोपियो को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए दोनों पर एक लाख से अधिक का अर्थ दण्ड लगाया है। कोतवाली देहात अंतर्गत 14 मई 2019 को ग्राम मुगलजोत चिस्तीपुर निवासी राजकुमार गोस्वामी के चचेरे भाई विष्णु गोस्वामी व महेश गोस्वामी गोण्डा-फैजाबाद मार्ग स्थित तिवारी की दुकान के पास खड़े थे। तभी विपक्षी तुफैल, इमरान, मास्टर उर्फ रमजान एवं निजामुद्दीन द्वारा गाली-गलौच व मारपीट की गई। विरोध करने पर विपक्षियों ने पास खड़ी टैंकर से पेट्रोल निकालकर विष्णु गोस्वामी पर डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसे विष्णु को जिला अस्पताल गोण्डा से लखनऊ रेफर किया गया। जहां पर उसकी मृत्यु हो गयी थी। कोतवाली देहात पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। तत्कालीन विवेचक द्वारा साक्ष्य संकलन व विवेचनात्मक कार्यवाही के बाद विरूद्ध आरोप पत्र 31मई 2019 को न्यायालय प्रेषित किया गया। अभियोजक अमित पाठक, थाना कोतवाली देहात के पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर के द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार तृतीय ने तुफैल पुत्र लिल्लाही, इमरान पुत्र शमशाद को दोषसिद्ध करते हुए सश्रम अजीवन कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# उतरौला में गन्ना किसानों को मिला उन्नत खेती का प्रशिक्षण

उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचारः** स्थानीय तहसील अंतर्गत ग्राम बांकभवानी में गन्ना विकास परिषद उतरौला द्वारा मुख्यमंत्री गन्ना कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में किसानों को आधुनिक और टिकाऊ खेती के गुण सिखाए गए। कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह, महाप्रबंधक (गन्ना) डॉ. आरपी शाही, मास्टर ट्रेनर/गन्ना प्रबंधक योगेश त्रिपाठी, पर्यवेक्षक अतुल कुमार सिंह, अभिनंदन त्रिपाठी, और इफको के क्षेत्र प्रतिनिधि ने भाग लिया। नरेंद्र कुमार सिंह ने किसानों को न्यूनतम लागत में अधिक उत्पादन के लिए जैव उर्वरक, मशीनरी बैंक, और ट्राइकोडरमा के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने जीवंत व टिकाऊ खेती की जरूरत पर बल दिया। डॉ. आर.पी. शाही ने सहफसली और पेड़ी प्रबंधन के महत्व को समझाया। जिससे गन्ने की गुणवत्ता व उत्पादन दोनों बेहतर हो सकें। अभिनंदन त्रिपाठी ने खेती के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए स्थानीय किसानों को उनके संसाधनों के बेहतर उपयोग की सलाह दी। पर्यवेक्षक अतुल कुमार सिंह ने कीट व रोग प्रबंधन और पोषक तत्व प्रबंधन की वैज्ञानिक विधियों से अवगत कराया ताकि फसल को स्वस्थ और सुरक्षित रखा जा सके।

# सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल

**गैसड़ी बलरामपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र में एक हादसा हुआ जब एक डीसीएम ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे पांच लोग घायल हो गए। यह घटना डालपुर बकौली तिराहा के पास भंवरिया मोड़ पर हुई। डीसीएम चालक घटना के बाद वाहन लेकर फरार हो गया। घायलों की पहचान उम्मे हबीबा, सुकिया, सुमैया, सफूरा और कामरान के रूप में हुई है, जो सभी भंवरिया गांव के निवासी हैं। इनमें से तीन घायलों को इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक बलजीत कुमार राव ने बताया कि घटना की सूचना मिली है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।



नाला निर्माण के लिए शुरू हुआ काम। अमृत विचार

## मुंगरा बाजार में नाला निर्माण कार्य शुरू

**बेलसर, गोंडा :** मंगुरा बाजार में नाला निर्माण कार्य शुरू होने से जलभराव की समस्या से लोगों को आजादी मिलेगी। मंगुरा बाजार में काफी दिनों से जलभराव की समस्या बनी रहती थी। कस्बा वासियों ने कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से नाला निर्माण कराए जाने की मांग की थी। प्रधान प्रतिनिधि विनय उपाध्याय ने बताया कि जिला पंचायत से नाला निर्माण की स्वीकृति मिली है। दोनों पटरियों पर नाला निर्माण कराए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अब लोगों को बरसात में जलभराव की समस्या नहीं होगी।

## जमीन को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**परसपुर, गोंडा :** थाना क्षेत्र के ग्राम रिहारन पुरवा मरचौर में पुश्तैनी जमीन को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट और धमकी की नौबत आ गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष के अभय मिश्रा ने बताया कि उनके हिस्से की जमीन पर खूंटा तोड़कर विपक्षी कालिका प्रसाद मिश्रा, आनन्द कुमार मिश्रा, अभिषेक मिश्रा और अमरीश मिश्रा जबरन मिट्टी डालकर मेड़ बांधने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट की गई। दूसरे पक्ष के कालिका प्रसाद मिश्रा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पुश्तैनी जमीन पर वह मेढ़ बांध रहे थे तभी विपक्षी कुबेरनाथ, शिवम और शिवा ने लाठी-डंडों से पीटा। प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**जे0बी0एस0 कॉलेज ऑफ लॉ, मालिनपुर राम सनेही घाट, बाराबंकी**

**एल0एल0बी0 (विधि) त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है -**

प्राचार्य 01 पद ।
प्रवक्ता विधि (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम- 09 पद।
प्रवक्ता विधि (पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम- 05 पद। प्रवक्ता अर्थशास्त्र, प्राचीन इतिहास, मनोविज्ञान, राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी एवं समाज शास्त्र प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01- 01 पद।
योग्यता एवं वेतनमान- **यू0जी0सी0, बी0सी0आई0, एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।**
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रति के साथ विद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

**प्रबंधक**
मो0नं0-8743958360

# सड़क हादसे में कारोबारी के बेटे समेत 4 लोगों की मौत, पत्नी व बेटी गंभीर

## मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के करनवास थाना क्षेत्र में अनहोनी, परिजन बदहवास

**मातम में बदली खुशियां**

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार:** गुजरात प्रांत के सूरत शहर से अपने भतीजे की शादी में शामिल होने गांव आए भोलानाथ दूबे को मांगलिक कार्यक्रम में परिवार समेत शामिल होने का फैसला जीवन भर न खत्म होने वाला दर्द दे गया। भतीजे की वैवाहिक खुशियों को संजोकर वापस गुजरात जा रहा भोलानाथ का परिवार बृहस्पतिवार की सुबह मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के करनवास थाना क्षेत्र में सड़क हादसे का शिकार हो गया। इस भीषण हादसे में भोलानाथ के बेटे समेत चार लोगों की मौत हो गयी जबकि वह अपनी पत्नी व बेटी के साथ गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की खबर से पूरे गांव में शोक की कहर है। मृतकों के परिजन मध्यप्रदेश के लिए रवाना हो गए हैं। धानेपुर थाना क्षेत्र के दूबेपुरवा भवानीपुर गांव के रहने वाले भोलानाथ दूबे गुजरात प्रांत के सूरत शहर में परिवार समेत रहते हैं। वहां उनका पैकिंग का बड़ा कारोबार है। बीते 30 मई को उनके भतीजे की शादी थी। शादी समारोह में शामिल होने वह परिवार समेत सूरत से अपने गांव आए थे। भतीजे के विवाह को लेकर पूरे परिवार में उत्साह था। मांगलिक कार्यक्रम संपन्न होने के बाद भोलानाथ अपने परिवार के साथ निजी कार से बुधवार को गुजरात के लिए रवाना हुए थे। कार वह खुद चला रहे थे। उनके साथ तरबगंज थाना क्षेत्र के शीशौ गांव के रहने वाले रमेश पांडेय का परिवार भी था। रमेश अपने बहनोई दिवाकर के साथ दूसरी कार में थे जबकि उनकी पत्नी प्रमिला, बेटा प्रियांशु व बहन शिवदेवी पत्नी दिवाकर तिवारी भोलानाथ दूबे की कार में बैठे थे। बृहस्पतिवार को वह मप्र के राजगढ़ के करनवास थाना क्षेत्र से गुजर रहे थे तभी हाइवे पर भोलानाथ की एसयूवी कार हादसे का शिकार हो गयी। हादसे में कार सवार भोलानाथ दूबे के बेटे अनमोल उर्फ आयुष (16) तथा रमेश पांडेय के बेटे प्रियांशु (14), पत्नी प्रमिला व बहन शिवदेवी पत्नी दिवाकर तिवारी निवासी रतोहिया धौरहरा थाना तरबगंज की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि भोलानाथ दूबे, उनकी पत्नी पुष्टम (46) व बेटी अंशिका (13) गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और उन्हे अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने आयुष, प्रियांशु, शिवदेवी व प्रमिला पाण्डेय को मृत घोषित कर दिया जबकि भोलानाथ, उनकी पत्नी पुष्टम व बेटी अंशिका को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार


आयुष।


शिवदेवी।


प्रमिला।


प्रियांशु।

### अयोध्या दर्शन के बाद सूरत हुए थे रवाना

भोलानाथ दूबे और रमेश पांडेय का परिवार घर से निकलने के बाद पहले अयोध्या गया था। वहां दर्शन पूजन करने के बाद सभी लोग गुजरात के लिए रवाना हुए थे। बच्चों समेत परिवार के सभी सदस्य अयोध्या दर्शन के बाद काफी खुश थे लेकिन बृहस्पतिवार की सुबह इस दर्दनाक हादसे ने दोनों परिवारों की खुशियों को मातम में बदल दिया।

### उजड़ गयी रमेश पांडेय की दुनिया

इस भीषण हादसे में तरबगंज थाना क्षेत्र के शीशौ गांव के रहने वाले रमेश पांडेय उर्फ रामबाबू की दुनिया ही उजड़ गयी। उनकी पत्नी प्रमिला, बेटे प्रियांशु व बहन शिवदेवी ने सड़क हादसे में दम तोड़ दिया। वह अपने बहनोई दिवाकर के साथ दूसरे कार मे होने के कारण बच गए। इस भीषण हादसे के बाद से परिजन बदहवास हो गए हैं।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**नवाबगंज, गोंडा :** दुल्लापुर गांव के ऊंचे पुरवा मजरा निवासी संतोषी देवी (50) बुधवार की शाम अपने बेटे विनय निषाद के साथ बाइक से नवाबगंज बाजार जा रही थी। रास्ते में अयोध्या-गोंडा मार्ग पर कटी तिराहे से पहले एक ढाबे के पास साइकिल सवार बुजुर्ग को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर साइकिल से टकरा गई थी। जिससे संतोषी घायल हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए अयोध्या के दर्शन नगर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान रात्रि में ही उनकी मौत हो गई।


ढाबली से टकराया वाहन। अमृत विचार

### डीसीएम की टक्कर से ढाबली टूटी, बचे लोग

**नवाबगंज, गोंडा :** स्थानीय थाना क्षेत्र के दुल्लापुर गांव स्थित दुल्लापुर रेलवे क्रासिंग के पास मोड़ पर गांव के ही धर्मेन्द्र पांडे ढाबली रखकर पान-बीड़ी-गुटखा और पानी बेचते हैं। बृहस्पतिवार की दोपहर करीब एक बजे वह अपनी ढाबली पर बैठे थे। ढाबली के बगल रखी बेंच पर दो-तीन ग्राहक भी बैठे थे। इसी दौरान अयोध्या की तरफ से एक डीसीएम तेजी से ढाबली की तरफ आती दिखने पर ग्राहक और ढाबली संचालक घबराकर भागने लगे। देखते ही देखते डीसीएम जाकर ढाबली से टकरा गई जिससे ढाबली क्षतिग्रस्त हो गई है। दोनों पक्षों में विवाद होता देखकर स्थानीय लोगों ने मामले को शांत कराया और ढाबली के नुकसान की भरपाई डीसीएम चालक द्वारा की गई है। ढाबली संचालक ने बताया कि तीव्र मोड़ होने के कारण अब तक दर्जनों बार उनकी ढाबली अलग-अलग हादसों में टूट चुकी है। और दर्जनों वाहन अनियंत्रित होकर सडक किनारे पलट भी चुके हैं।

# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, युवक की मौत

**कटरा बाजार, गोंडा:** बृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र के कटरा दुबहा मार्ग पर राजगढ़ अमीनपुर के पास एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया जिसमें एक युवक की मौत हो गई। बाइक पर बैठे दो अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।



कटुआनाला गांव निवासी तीन युवक अखिलेश, शेखर व हिमांशु एक बाइक से कटरा बाजार से अपने घर जा रहे थे। राजगढ़ अमीनपुर के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गए जिनमें एक अखिलेश पुत्र हरिराम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई व बाइक पर सवार शेखर व हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी कटरा पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने हालात गंभीर होने दोनों को जिला चिकित्सालय गोण्डा रेफेर कर दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर राय ने बताया कि सड़क दुर्घटना एक युवक की मौत हुई है दो अन्य घायल है जिनका उपचार चल रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अखिलेश चंडीगढ़ में रहकर मजदूरी करता था वह अभी कुछ दिन पूर्व पुत्र प्राप्ति के उपलक्ष्य में बरही संस्कार में शामिल होने आया था। बाइक सर्विस कराकर घर वापस जाते समय बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें मौत हो गई।

## पांच ग्राम पंचायतों में जिलाधिकारी की चौपाल आज

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि गांवों में ही ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण के लिए ग्राम चौपाल लगाया जा रहा है। शुक्रवार को बंधवा, चंदापुर, रामापुर, तुलसीपुर माझा एवं सिंगहा चंदा गांव में जन चौपाल लगाया जाएगा। इसमें ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उसका निस्तारण कराया जाएगा। अपील की गई है कि सभी अपनी समस्याओं से अवगत कराएं। सभी विभागों के संबंधित अधिकारी इसमें उपस्थित रहेंगे और मौके पर ही निस्तारण का प्रयास होगा। साथ में गांवों में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन भी होगा।

# सीएचसी में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन

बालपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** सीएचसी हलधरमऊ में गुरुवार को कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। बालिकाओं के जन्म को उत्सव के रूप में मनाकर समाज में सकारात्मक संदेश देने और लिंग समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत अधीक्षक डॉ. संत प्रताप वर्मा, डॉ. अरुन तथा हलधरमऊ चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक बृजेश कुमार द्वारा बालिका से केक कटवाकर की गई। इस अवसर पर सेंटर मैनेजर चेतना सिंह ने वन स्टॉप सेंटर पर महिलाओं को मिलने वाली सहायता और सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक आशीष मिश्र ने बच्चों के लिए संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी साझा की। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर (एचईडब्लू) शिवेंद्र श्रीवास्तव ने महिलाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। वहीं जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योत्सना सिंह ने महिलाओं के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने 'हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन' योजना की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में अभिषेक त्रिपाठी, राहुल पांडेय, मुकेश भारद्वाज, मणिकांत चौहान, जितेंद्र चौबे आदि रहे।


कन्या जन्मोत्सव मनाते महिला कल्याण विभाग के अधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

# कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया राहुल का जन्मदिन

**गोंडा, कार्यालय:** गुरुवार को कांग्रेस भवन में पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी का जन्म दिन केक काट कर धूमधाम से मनाया गया 1 शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस के राहुल गांधी जनहित की लड़ाई लड़ रहे हैं। जनता के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष किया जा रहा है। राहुल गांधी ने हमेशा गरीब, परेशान किसान के हित की बात उठाई है। आज उनके जन्मदिन पर हम सभी कांग्रेसी उनको बधाई व दीर्घायु की कामना करते हैं। वह हमेशा जनहित की लड़ाई लड़ते हुए भारत को मजबूत करेंगे, ऐसी उनसे उम्मीद है। आईसीसी सदस्य हनुमान प्रसाद, प्रवक्ता शिवकुमार दुबे, सेवादल अध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ला, मुजीब अहमद, ज्ञान चंद्र श्रीवास्तव, पीसीसी सदस्य जलील अहमद खान, मुकेश सोनी, अजय रस्तोगी, वाजिद अली, खगेश चतुर्वेदी, महिला नेत्री निर्मला देवी ने केक काटे और खुशियां मनाई तथा एक दूसरे को केक खिलाया। इस अवसर पर विकास मनोहर श्रीवास्तव, डॉ जफर अशफाक, हाफिज महमूद, सलीम कुरैशी, शिवेंद्र शर्मा, रिजवान टेलर, इशांत, शमशाद अहमद, श्रेया, नबी बक्स, मुस्कान, सईद खान, सद्दू बाबा, वसीम रैनी, बृजेंद्र कोरी, जानकी देवी, मनोज प्रजापति आदि रहे।

### केवीके परिसर में रेड नेपियर घास का किया गया रोपण

**बालपुर, गोंडा :** दीनदयाल रिसर्च इंस्टीट्यूट, लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र गोंडा में गुरुवार को पशुपालन विभाग की ओर से वैज्ञानिक विधि से रेड नेपियर घास का रोपण किया गया। यह कार्य पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक मिश्रा के निर्देशन में केंद्र परिसर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. सी. एम. त्रिपाठी, प्लांट प्रोटेक्शन वैज्ञानिक डॉ. आशीष पांडेय, एवं प्रसार वैज्ञानिक डॉ. सुधांशु उपस्थित रहे। सभी वैज्ञानिकों ने इस पहल को पशुपालन में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। डॉ. मिश्रा ने बताया कि रेड नेपियर एक उच्च उत्पादक हरा चारा है, जो प्रति हेक्टेयर 250 से 300 टन तक उत्पादन देने में सक्षम है। यह घास विशेष रूप से दुधारू पशुओं के लिए अत्यंत पौष्टिक है और इसके वैज्ञानिक तरीके से रोपण से उत्पादन क्षमता में कई गुना वृद्धि होती है।

# पतंजलि की जन्मस्थली पर आयोजित होगा योग

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** डीएम के निर्देशन में महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली पर योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित होगा। आयोजन में यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। योग दिवस के उपलक्ष्य में सरयू किनारे बसे गांवों के मल्लाह, बुनकर, दिहाड़ी मजदूरों के बच्चों को प्रतिदिन उनके घर जाकर योग प्रशिक्षण देने की अभिनव पहल की गई है।

इस प्रयास की अगुवाई आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक आदर्श मिश्र कर रहे हैं। वे 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की थीम पर आधारित कार्यक्रम में बच्चों को एडवांस योग आसनों का अभ्यास करवा रहे हैं। प्रशिक्षण एक जून से जिले के सभी 16 ब्लॉकों और सभी तहसीलों में चलाया जा रहा है। गुरुवार को करनैलगंज डाक बंगले में योग प्रशिक्षण शिविर का पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आदर्श मिश्र द्वारा उपस्थितजनों को कॉमन योग प्रोटोकॉल का विधिवत अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में एसडीएम यशवंत राव, नपा पालिका प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, सुरभि पाण्डेय, दिनेश चंद्र, अधीक्षक डॉ अनुज कुमार सहित तमाम अधिकारी, कर्मचारी और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयुष विभाग की इस पहल को स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के एक सार्थक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।


योगाभ्यास कराते योग प्रशिक्षक आदर्श मिश्र। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### घाघरा घाट पुल पर मरम्मत कार्य पूर्ण, यातायात बहाल

**करनैलगंज, गोंडा :** घाघरा नदी पर बने संजय सेतु की ज्वाइंट में दरार और बेयरिंग में आई तकनीकी खराबी को दुरुस्त कर दिया गया है। तीन दिनों से जारी मरम्मत कार्य के पूर्ण होते ही गुरुवार दोपहर से पुल पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बहाल कर दी गई है। मरम्मत के चलते करनैलगंज से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों को पहले ही रोक दिया गया था। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद अब ट्रकों, डंपरों सहित सभी वाहनों को निर्बाध रूप से आवागमन की छूट मिल गई है। जरवल रोड थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मरम्मत के दौरान भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया था, ताकि पुल पर दबाव न पड़े और कार्य समय पर पूरा हो सके।

### सीएचसी पर प्रतिदिन लगता है रेबीज का टीका

**बेलसर, गोंडा :** सीएचसी बेलसर पर रेबीज के टीके रोज लगाए जाते हैं। अधीक्षक डॉक्टर सतपाल सोनकर ने बताया जनता की सुविधा के लिए यहां रोज रेबीज के टीके लगाए जाते हैं। सीएचसी पर काफी दूरदराज से लोग जानकारी के अभाव में चले आते थे। फिर उनको सीएचसी से लौटना पड़ता था।

### कौमारी माता मंदिर बहराइच रोड पर जागरण कल

**गोंडा, अमृत विचार :** सिद्ध पीठ श्री श्री मां वैष्णो देवी एवं कौमारी माता मंदिर का वार्षिक उत्सव बहराइच रोड तिवारी पुरवा में 21 जून को मनाया जाएगा। श्री कौमारी माता सेवा समिति के अध्यक्ष अंश गुप्ता लिटिल ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारी की जा रही है। श्री आनंदेश्वर महादेव का श्रृंगार एवं पूजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में रवि शंकर जी महाराज गुरु भाई मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर के वार्षिक उत्सव के अवसर पर विशाल जागरण रात्रि 8 :00 बजे से शुरू होगा, जबकि भंडारा 22 जून को आयोजित किया जाएगा। जागरण में गायक पंकज निगम, कंचन त्रिवेदी, प्रभात निगम, शिवा पंडित, मास्टर शिवा आदि अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके साथ-साथ मोंटी नटराजन ग्रुप दिल्ली द्वारा झांकी प्रस्तुत की जाएगी।

### सौमित्र को पीएचडी की उपाधि



**गोंडा, अमृत विचार :** शहर के जानकीनगर निवासी व अवध पब्लिक स्कूल के प्रशासक सौमित्र शुक्ला को डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि मिली है। उन्होंने 'गोण्डा जनपद के हाईस्कूल के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर बुद्धि और सृजनात्मकता के संबंध के प्रभाव का एक अध्ययन' विषय पर शोध किया है। सौमित्र शुक्ला के पिता डॉ शिव शरण शुक्ला स्थानीय एलबीएस कालेज में प्रोफेसर हैं। सौमित्र को पीएचडी की उपाधि मिलने पर एलबीएस कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार पाण्डेय, डिफेंस काउंसिल बृज लाल तिवारी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी दिवाकर तिवारी, राजेश मिश्रा, उर्मिला शुक्ला, वंदना शुक्ला, शौनक शुक्ल, सौम्य शुक्ल, राधेश्वर तिवारी, देवेंद्र मिश्रा, शंभू शरण शुक्ल तथा श्रीकांत शरण शुक्ल सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### कीचड़ से लोगों को आवागमन हुआ प्रभावित


प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंगुरा को जाने वाला संपर्क मार्ग। अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा :** सड़क पर कीचड़ होने से हजारों लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया है। मामला ग्राम पंचायत मंगुरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ा है। यहां तक आने के लिए लोगों को सरयू नहर खंड प्रथम की तरबगंज करनैलगंज शाखा से होकर आना पड़ता है। उक्त नहर की पटरी विकासखंड बेलसर में बनी हुई है। जबकि विकासखंड परसपुर क्षेत्र में भी पटरी का निर्माण हो चुका है लेकिन ग्राम पंचायत मंगुरा क्षेत्र करीब आठ सौ मीटर नहर की पटरी अधूरी है। हल्की सी बरसात होने पर कीचड़ हो जाता है जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक लोगों को पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीण लल्लू मिश्र, रोहित मिश्र ने बताया कि क्षेत्रीय एमएलसी अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह एवं क्षेत्रीय विधायक करनैलगंज अजय प्रताप सिंह से मिलकर सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।

### लो वोल्टेज की समस्या से मिली निजात

**बेलसर, गोंडा :** नवसृजित नगर पंचायत के रगड़गंज बाजार में उमरी रोड के उपभोक्ताओं को अब बेलसर टाउन से मिलेगी आपूर्ति नगर पंचायत क्षेत्र के रगड़गंज बाजार में उमरी रोड के उपभोक्ताओं को उमरी फीडर से आपूर्ति की जाती थी जिससे लो वोल्टेज एवं ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती थी। इस समस्या को लेकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह ने कई बार विभागीय अधिकारियों के साथ साथ जन प्रतिनिधियों से पत्राचार किया था। अवर अभियंता शुक्लगंज अमोद कुमार सिंह ने बताया कि उमरी ग्रामीण के लिए नया फीडर दुर्गागंज बना दिया गया है। जबकि उमरी रोड के लोगों को अब बेलसर टाउन से आपूर्ति की जायेगी। समस्या के समाधान के लिए कस्बावासियों ने नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# 1 से 7 जुलाई तक चलेगा वन महोत्सव कार्यक्रम

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** गुरुवार को डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति/ जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने वर्ष -2025 में होने वाले वृक्षारोपण के लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पौधरोपण करने की तैयारी समय से पहले करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने विभाग में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत गढ्ढे की जियो टैगिंग कर लें। अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जनपद में वेटलैंड को अतिक्रमण एवं जलकुंभी से मुक्त किया जाए।

नगरपालिका गोण्डा को निर्देश दिये हैं कि शहर से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण समय से कराते रहे। खनन विभाग को निर्देश दिया गया है कि जनपद के सभी ईंट भट्ठों का नियमानुसार निरीक्षण करें तथा जनपद में हो रहे अवैध खनन को प्रभावी कार्यवाही करते हुए रोक लगायें। बैठक में डीएम ने सभी विभाग के अधिकारियों से पौधरोपण की गहन समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये है कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पौधों के जियो टैगिंग करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, डीसी मनरेगा, खनन विभाग, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र सिंह, नगर पालिका गोण्डा, और नगर पंचायत सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार अधिकारियों के साथ बैठक करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

## झूठी गवाही से इनकार करना महिला को पड़ा भारी, ससुरालीजनों ने घर से निकाला

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के थाना कौड़िया बाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटिया मदारा की रहने वाली एक महिला को झूठे मुकदमे में गवाही देने से इनकार करना इस कदर भारी पड़ गया कि उसे ससुराल पक्ष के अत्याचारों का शिकार बनना पड़ा। मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता अपने बच्चे के साथ मायके में रहने को मजबूर है।

पीड़िता गुड्डी देवी ने पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल को प्रार्थना पत्र सौंपकर पति कृष्ण कुमार, चचेरा ससुर हरिराम, जेठ फूलचंद, जेठानी अनीता, बच्ची देवी व क्रांति देवी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि उसके ससुराल वालों और गांव के ही पड़ोसी लाल बहादुर के बीच खेत की मेड़ को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। इसी क्रम में 14 मई को दोनों पक्षों की महिलाओं में कहासुनी हो गई। इसी दौरान चचेरा ससुर हरिराम ने खुद को ब्लेड से घायल कर फर्जी एफआईआर दर्ज करा दी। जिसमें पड़ोसी लाल बहादुर सहित चार लोगों को झूठे आरोपों में नामजद किया गया। इस केस को मजबूत करने के लिए गुड्डी देवी पर दबाव बनाया गया कि वह कोर्ट और पुलिस के सामने झूठी गवाही दे, कि पड़ोसियों ने तलवार से हरिराम पर हमला किया था। जब उसने इनकार किया, तो उस पर शारीरिक और मानसिक अत्याचार शुरू हो गए।गुड्डी देवी ने बताया कि उसे गालियां दी गई, डंडों से पीटा गया, जान से मारने की धमकी दी गई और अंततः घर से बाहर निकाल दिया गया। पीड़िता इस समय अपनी सात साल की बेटी के साथ मायके में शरण लिए हुए है।


बेलसर-गोंडा मार्ग पर इंटरलाकिंग कार्य करते मजदूर। अमृत विचार

### 1200 मीटर सड़क किनारे लगेगी इंटरलॉकिंग

**बेलसर, गोंडा :** पंचायत क्षेत्र के रगड़गंज बाजार में 1200 मी इंटरलॉकिंग लगाए जाने का काम शुरू हो गया है। नवसृजित नगर पंचायत बेलसर में लोक निर्माण विभाग ने सड़को का निर्माण कराया था लेकिन सड़क के किनारे पटरी का निर्माण नहीं कराया था। पटरी न होने के कारण बरसात में सड़क के किनारे जलभराव व कीचड़ हो जाता था जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ता था। बुधवार को गोंडा बेलसर मार्ग पर इंटर लाकिंग का काम शुरू कर दिया गया है। ईओ अनुराग शुक्ल ने बताया कि गोंडा बेलसर मार्ग पर छ सौ मीटर, बेलसर उमरी बेगमगंज मार्ग पर छ मीटर इंटर लाकिंग कार्य को स्वीकृति मिली है। काम शुरू करा दिया गया है। बताया कि तरबगंज बेलसर मार्ग, परसपुर बेलसर मार्ग चौड़ीकरण होने के कारण कार्य अभी नहीं होगा।

# धनराशि खर्च करने में पंचायतें रहीं फिसड्डी

## तरबगंज और बेलसर की 20 ग्राम पंचायतों के खाते में डंप हैं 2.15 करोड़ रुपये

**15वां वित्त**

▸▸ डीपीआरओ ने ग्राम प्रधान और सचिव को जारी किया कारण बताओ नोटिस

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** गांवों के विकास के लिए 15 वें वित्त आयोग से भेजी गयी धन राशि को खर्च करने में जिले की सैकड़ों ग्राम पंचायते फिसड्डी साबित हुई हैं। इन पंचायतों में विकास कार्य के करोड़ों रुपये डंप पड़े हैं। समीक्षा के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी की तरफ से प्रत्येक ब्लाक में सर्वाधिक धनराशि डंप करने वाली पंचायतों की सूची तैयार करायी गयी है और वहां के ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इस फैसले के बाद ब्लाकों में अफरा तफरी मची है। ग्राम प्रधान व सचिव डंप धनराशि को खर्च करने की जुगत भिड़ा रहे हैं। गांवों के विकास कार्य कराए जाने के लिए पंचम राज्य वित्त व 15 वां वित्त आयोग से धनराशि ग्राम पंचायतों के खाते में भेजी गयी थी। इस धनराशि से गांव में मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराते हुए विकास के अन्य कार्य कराए जाने थे, लेकिन जिले की अधिकतर ग्राम पंचायतों ने इस धनराशि को छूने से परहेज किया। समीक्षा के दौरान सैकड़ों ऐसी ग्राम पंचायतें सामने आई जिनके खाते में 15 वें वित्त आयोग के करोड़ों रुपये डंप पड़े हैं। अकेले तरबगंज व बेलसर की 20 ग्राम पंचायतों में करीब 2.15 करोड रुपये की धनराशि डंप पायी गयी। इनमे तरबगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत घांचा बीकापुर में 21.72 लाख, सिंगहा चंदा में 19.22 लाख, असरथा में 13.64 लाख, रामपुर टेंगरहा में 10.70, लाख, जमथा में 10.39 लाख, अकबरपुर में 9.96 लाख, बौरिहा में 7.70 लाख, सरावां में 7.68 लाख तथा नरायनपुर में 7.55 लाख रुपये डंप मिले। बेलसर की ग्राम पंचायत अमदही में 21 लाख, ऐली परसौली में 17.41 लाख, उमरीबेगमगंज में 12.76 लाख, गोनवां में 10.96 लाख, गढ़ी में 7.88 लाख, जफरापुर में 6.85 लाख, महादेवा में 4.96 लाख, पकड़ी में 4.36 लाख, सिसई में 4.32 लाख तथा बड़नापुर में 2.82 लाख रुपये डंप हैं। यही स्थिति लगभग प्रत्येक ब्लाक की है। जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे का कहना है कि समीक्षा के दौरान प्रत्येक ब्लाक की 10 ऐसी ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया गया है जहां वित्त आयोग की सर्वाधिक धनराशि डंप है। सभी ग्राम पंचायतों के प्रधान व सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

यत् सुखं सेवमानोपि धर्मार्थाभ्यां न हीयते।
कामं तदुपसेवेत न मूढव्रतमाचरेत्। ॥

व्यक्ति को यह छूट है कि वह न्यायपूर्वक ओर धर्म के मार्ग पर चलकर इच्छानुसार सुखों का भरपूर उपभोग करें ,लेकिन उनमें इतना आसक्त न हो जाए कि अधर्म का मार्ग पकड़ ले।

## संपादकीय

# रक्षा सहयोग पर सहमति

विश्व व्यवस्था में तेजी से हो रही उठापटक के बीच दुनिया के विकास, दुनिया को समझने का तरीका साफ तौर पर बदल गया है। इससे भारत और यूरोपीय संघ भी अछूते नहीं रहे हैं। वास्तव में आज भारत और यूरोप के बीच साझेदारी का महत्व है। यूरोपीय संघ के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने में क्रोएशिया का समर्थन एवं सहयोग जरूरी है। कनाडा से वापस लौटते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्रोएशिया दौरा भारत की यूरोपीय रणनीति के लिए अहम है। प्रधानमंत्री मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की। दोनों देशों ने रक्षा सहयोग योजना तैयार करने पर सहमति जताई। इस दौरे में रक्षा सहयोग, निवेश, तकनीक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर कई समझौते हुए। भारत और क्रोएशिया के संबंध पुराने हैं। क्रोएशिया ने 1991 में यूगोस्लाविया से अलग होकर स्वतंत्रता की घोषणा की। भारत ने मई 1992 में क्रोएशिया को औपचारिक रूप से मान्यता दी और 9 जुलाई 1992 को भारत से राजनयिक संबंध स्थापित हुए। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। क्रोएशिया छोटा देश है परंतु भौगोलिक रूप से महत्वपूर्ण है। यूरोपीय संघ और नाटो में उसकी राजनीतिक पकड़ भी है। यह यूरोप का महत्वपूर्ण समुद्री प्रवेश द्वार है, जो यूरोप को निर्यात करने के लिए महत्व रखता है। क्रोएशिया की चीन पर कम निर्भरता और उसके बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के प्रति संदेह इसे भारत के लिए एक अच्छा भागीदार बनाते हैं। यानी क्रोएशिया भारत के लिए एक भरोसेमंद साथी साबित हो सकता है।

क्रोएशिया में भारतीय समुदाय पिछले तीन वर्षों में तेजी से बदला है। वहां जनसांख्यिकीय स्थिति बहुत बदल गई है। वहां अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए बहुत से विदेशी श्रमिकों को नियोजित किया जा रहा है। द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ क्रोएशिया में बढ़ते भारतीय प्रवासी हैं। 2023 में दोनों देशों के बीच 337.68 मिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ। दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव, हालांकि मामूली पैमाने पर है, लेकिन इसमें वृद्धिशील प्रगति देखी गई है। जानकारों के मुताबिक पीएम मोदी का यह दौरा भारत की यूरोपीय रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। भारत के रुख की बड़ी वजह उसके व्यावहारिक भू-राजनीतिक हित भी हैं, बहुपक्षीय सहयोग की भारत की नीति यहां अहम हो जाती है। साथ ही इस यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी।

# भारत-कनाडा रिश्तों का नया दौर



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए उसे ऊर्जा संक्रमण, टेक्नोलॉजी और भू-राजनीति में एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत के बिना वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव नहीं।

भारत और कनाडा के संबंधों में हाल के समय में एक नया मोड़ आया है। जी-7 शिखर सम्मेलन में भागीदारी के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कनाडा यात्रा ने इस द्विपक्षीय संबंध को पुनर्जीवित करने की दिशा में नई शुरुआत की है। यह यात्रा कई मायनों में प्रतीकात्मक ही नहीं बल्कि व्यावहारिक दृष्टिकोण से भी ऐतिहासिक मानी जा रही है। बीते वर्षों में भारत और कनाडा के रिश्तों में जो ठहराव आया था, उसका कारण केवल राजनयिक मतभेद नहीं थे बल्कि गहरे राजनीतिक तनाव और सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं भी थी। प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा ने न केवल इन अवरोधों को दूर करने की पहल की बल्कि भविष्य में सहयोग के व्यापक द्वार भी खोल दिए हैं। प्रधानमंत्री की यह यात्रा मात्र 23 घंटे की थी लेकिन इसका प्रभाव बहुआयामी रहा। यह यात्रा ऐसे समय हुई, जब कनाडा की राजनीति में परिवर्तन हुआ है और मार्क कार्नी के रूप में एक नया नेतृत्व सामने आया है। ट्रूडो सरकार के दौर में भारत और कनाडा के बीच खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर भारी तनाव रहा। भारत की कई बार की चेतावनी और शिकायतों के बावजूद ट्रूडो सरकार ने इन्हें नजर अंदाज किया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों के राजनयिक संबंध लगभग ठप पड़ गए थे।

हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। भारत ने इन आरोपों को सिरे से नकारा और कनाडा की धरती से भारत विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की प्रवृत्ति को मुख्य समस्या बताया लेकिन अब जब कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने खुद यह स्वीकार कर लिया है कि खालिस्तानी तत्व कनाडा से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, तब जाकर भारत की वर्षों पुरानी चिंता को औपचारिक मान्यता मिली है। मार्क कार्नी के नेतृत्व में कनाडा की नीति में स्पष्ट बदलाव देखा जा रहा है। भारत के साथ संबंध सुधारने की कोशिशों में ईमानदारी और व्यावहारिकता दोनों दिख रही है। प्रधानमंत्री मोदी और कार्नी की कनैनिस्किस में हुई मुलाकात इस नई दिशा की शुरुआत का प्रतीक बनी। इस बैठक

जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के नेताओं की मुलाकात ने दिखा दिया कि दोनों देश अब अपने संबंधों को एक नए आधार पर पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। यह आधार है आपसी सम्मान, संप्रभुता की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी और वैश्विक मंचों पर संयुक्त सहयोग। उच्चायुक्तों की बहाली केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि विश्वास बहाली की दिशा में पहला ठोस कदम है।

में न केवल उच्चायुक्तों की पुनर्नियुक्ति पर सहमति बनी बल्कि वर्षों से रुकी पड़ी व्यापार वार्ता को पुनः शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। दोनों देशों ने डिजिटल ट्रांजिशन, खाद्य सुरक्षा, टेक्नोलॉजी और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग गहराने पर सहमति जताई।

प्रधानमंत्री की इस यात्रा के बाद कनाडा सरकार द्वारा खालिस्तानियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानना और इसके सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना एक बड़ा कूटनीतिक बदलाव है। यह केवल बयान भर नहीं बल्कि भारत के पक्ष को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैधता देने जैसा है। यह बदलाव भारत-कनाडा संबंधों में नया आत्मविश्वास भरता है। इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पक्ष ऑपरेशन 'प्रोजेक्ट पेलिकन' रहा, जिसमें कनाडा और अमेरिका में सक्रिय खालिस्तानी समर्थक ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। इस ऑपरेशन ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि खालिस्तान समर्थक न केवल विचारधारा बल्कि संगठित आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल हैं। इन गतिविधियों से प्राप्त धन भारत विरोधी अभियानों में लगाया जा रहा था। ऐसे मामलों में कार्रवाई कर कनाडा ने यह संकेत दिया है कि अब वह भारत की सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से ले रहा है।

जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की भागीदारी भी एक प्रमुख संकेत है। यह प्रधानमंत्री मोदी की इस मंच पर छठी उपस्थिति थी। भारत की इस निरंतर भागीदारी ने उसे वैश्विक मंचों पर एक स्थायी और प्रभावी आवाज बना दिया है। सम्मेलन में भारत ने वैश्विक दक्षिण के मुद्दों, आतंकवाद, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण जैसे मुद्दों पर अपनी स्पष्ट भूमिका प्रस्तुत की। यह भारत की उस भूमिका को रेखांकित करता है, जो वह 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति में निभाना चाहता है। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद पर अपनी मजबूत स्थिति को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद और उसे प्रोत्साहन देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी भी उन्होंने साझा की, जिससे यह संदेश गया कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए कठोर और निर्णायक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के नेताओं की मुलाकात ने दिखा दिया कि दोनों देश अब अपने संबंधों को एक नए आधार पर पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। यह आधार है आपसी सम्मान, संप्रभुता की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी और वैश्विक मंचों पर संयुक्त सहयोग। उच्चायुक्तों की बहाली केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि विश्वास बहाली की दिशा में पहला ठोस कदम है। इससे वीजा, व्यापार, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसी सेवाएं सामान्य होंगी और प्रवासी भारतीयों को राहत मिलेगी। यह संबंध दोनों देशों के लाखों नागरिकों के हितों से जुड़ा है। कनाडा में भारतीय मूल के लगभग 30 लाख लोग रहते हैं, जिनमें सिख समुदाय की बड़ी भागीदारी है। यह जनसंपर्क दो देशों के बीच एक जीवंत सेतु की भूमिका निभाता है। अतीत की घटनाओं के कारण जो अनिश्चितता बनी थी, वह अब दूर होती दिख रही है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए उसे ऊर्जा संक्रमण, टेक्नोलॉजी और भू-राजनीति में एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत के बिना वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव नहीं। उनका यह दृष्टिकोण स्पष्ट करता है कि कार्नी की सरकार भारत को एक साझेदार के रूप में देखती है, न कि समस्या के रूप में। अंतर्राष्ट्रीय अपराध और आतंकवाद के खिलाफ एक संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने की दिशा में बातचीत भी एक सकारात्मक पहल है। इससे यह संभावना बनती है कि दोनों देश न केवल द्विपक्षीय मुद्दों पर बल्कि वैश्विक अपराध नियंत्रण में भी साझेदारी करें। भारत की ओर से यह अपेक्षा रहेगी कि कनाडा अपनी धरती पर भारत विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए ठोस और दिखने योग्य कदम उठाए।

प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा एक ऐसे संबंध को फिर से जीवित करने की दिशा में पहला ठोस कदम बनी है, जो कभी निकटता का प्रतीक रहा था। यह कहना गलत नहीं होगा कि दोनों देश अब अतीत की कड़वाहट को पीछे छोड़कर भविष्य की ओर देख रहे हैं। विश्व आज कई जटिल संकटों से गुजर रहा है, यूक्रेन युद्ध, गाजा संघर्ष, ईरान-इजरायल तनाव जैसे मुद्दों ने वैश्विक संतुलन को अस्थिर किया है। ऐसे में भारत और कनाडा जैसे लोकतांत्रिक देशों का सहयोग न केवल द्विपक्षीय स्तर पर बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। भारत का संतुलनकारी रुख, मध्यस्थता की क्षमता और नैतिक नेतृत्व इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान देता है।

बहरहाल, कनाडा और भारत के बीच उच्चस्तरीय संवाद पुनः प्रारंभ हो चुका है। दोनों देशों ने यह स्वीकार किया है कि उनकी साझेदारी केवल आर्थिक लाभों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि यह रणनीतिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग के व्यापक आयामों को भी समाहित करे। संबंधों के इस नए अध्याय को सफल बनाने के लिए दोनों देशों को निरंतर प्रयास करने होंगे। पारस्परिक विश्वास को मजबूत करना, सुरक्षा चिंताओं को समझना और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में साझेदारी निभाना ही वह रास्ता है, जिससे भारत और कनाडा अपने संबंधों को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकते हैं। यह यात्रा इस मार्ग की शुरुआत है लेकिन असली काम अभी बाकी है।

## प्रसंगवश

# बढ़ती उम्र के साथ बढ़ रही हैं बीमारियां

विश्व स्वास्थ्य संगठन की आंकड़े बताते हैं कि बीते पांच दशकों के दौरान भारत में इंसान की औसत उम्र यानि जीवन प्रत्याशा में 22 साल का इजाफा हुआ और यह 70.42 साल हो गई। इसी के साथ आम आदमी का दवाई और अस्पताल का खर्च बढ़ता जा रहा हैं। सबसे बड़ी बात अधिकांश बीमारियां जीवन शैली से जुड़ी हैं जिनमें खान-पान की अनियमितता या गुणवत्ता से उपजे रोग सर्वाधिक हैं।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

बीते एक दशक के दौरान भारत में घर से बाहर खाने, सड़क के किनारे स्नेक्स या पेय पदार्थ लेने का चलन बढ़ा है। सोशल मीडिया पर सड़क पर बिकने वाले खानों की तारीफ के हजारों चैनल हैं और इनको देख कर स्वाद-परीक्षा करने वाले करोड़ों में। हाल ही में केंद्र सरकार ने मोटापा के खिलाफ एक अभियान शुरू किया है जिसमें भोजन में तेल, चीनी और नमक की मात्रा काम अकरने पर जोर दिया जा रहा है। जरूरी यह भी है कि भोजन बेचने वाले छोटे-बड़े स्थानों पर खाना बनाने की सामग्री की गुणवत्ता, रसोई-स्थल की साफ सफाई और भोजन परोसने के तरीकों और बर्तनों के प्रति सतर्कता की दिशा में जागरूकता और कार्य किया जाए। "लैंसेट" का शोध बताता है की बीमारियों का बोझ बढ़ाने वाले 11 मुख्य कारकों में छ आहार संबंधी हैं। जान आकर आश्चर्य होगा की अब बड़ी आबादी पेट भरने के बनिस्पत स्वाद और फेशन के लिए बहुत सा आहार ले रही हैं जिसका असर सबूत अनाज, फल-सब्जी और देरी उत्पाद के साथ साथ मांसाहार पर भी दिखता है। विटामिन और सूक्ष्म पोषक की मात्रा भोजन में कम हो रही है , वहीं गैरजरूरी वसा और कार्बोहाइड्रेड बढ़ रहा है, जिससे मोटापा और उसके साथ की रोग शरीर में घर बना रहे हैं।

फ्रंटियर्स इन न्यूट्रीशन नाम की पत्रिका में छपी एक एक बड़ी रिसर्च बताती है कि जो लोग ऐसी चीजें खाते हैं जिनसे शरीर में सूजन बढ़ती है (जैसे तली-भुनी और प्रोसेस्ड चीजें), उनमें लीवर की गंभीर बीमारी होने का खतरा 16 प्रतिशत ज्यादा रहता है, जिसमें क्रोनिक लिवर डिजीज (सीएलडी) शामिल है। कुछ साल पहले हैदराबाद के उस्मानिया मेडिकल कालेज की एक टीम ने शहर में एक सर्वे किया तो पता चला की स्ट्रीट फूड में मतवाले हैदराबादी असल में स्वाद के साथ जहर निगल रहे हैं अध्ययन में पता चल की हर छठा हैदराबादी सड़क का खाना खाने के बाद बीमार पड़ता है। शहर में भेलपुरी के 45.3 प्रतिशत नमूने आंतों को नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टिरिया से दूषित थे। चीनी फास्ट फूड तो जहर का दूसरा नाम पाया गया। इसके 90-92 प्रतिशत नमूनों में बेसिलस सेरेयस पाया गया, जो खाद्य विषाक्तता का बड़ा कारण होता है। मुंबई में मेट्रापोलिस हेल्थकेर द्वारा किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि मुंबई के 88 प्रदूषित सड़क खाद्य नमूने बैक्टीरिया से दूषित थे और 70 खाद्य नमूनों में से 61 में बैक्टीरिया पाए गए, जिनमें कोलीफॉर्म और फीकल स्ट्रेप्टोकोकस शामिल थे।

पिछले साल दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अक्टूबर 2024 में हेपेटाइटिस ए के अचानक मामले बढ़ कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गए। इस पर हुए अध्ययन में 145 नमूनों में से 70 से अधिक लोग हेपेटाइटिस ए के शिकार पाए गए जिसका मुख्य कारण असुरक्षित भोजन और पानी का सेवन था। कुछ महानगर तो बस बानगी हैं शहर छोटा हो या कस्बा, सास, चटनी आदि का सेवन खतरे से खाली नहीं होता। फिर ऐसी रेहड़ियां नाले के किनारे होती हैं, जूठे डिस्पोजेबल वहीं पड़े होते हैं जिनमें आवारा पशु मुंह मारते हैं, पास में यातायात चलता रहता है और धूल उड़ती है। इस तरह का भोजन धीरे-धीरे शरीर को ऐसी बीमारियों के चपेट में पहुंचा देता हैं, जहां जेब में छेद होना और खाने में दवा की मात्रा जिंदगीभर के लिए जुड़ जाना आम बात हैं। भारत में सड़क का खाना सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण और मजबूरी भी है। बहुत से मेहनतकश लोगों की आर्थिक स्थिति और काम के हालत ऐसे नहीं होते कि समय पर, घर का भोजन कर सकें या फिर बाहर महंगे रेस्टोरेंट का बोझ उठाया सकें। लेकिन इसके सेवन से जुड़ी स्वास्थ्य जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उचित निगरानी, शिक्षा, और जागरूकता के माध्यम से इन जोखिमों को कम किया जा सकता है।

# श्रम शक्ति के समक्ष बढ़ते तापमान का संकट

जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान एक ऐसी सच्चाई है जिसे आज चाह कर भी झुठलाया नहीं जा सकता। देखा जाए तो यह बढ़ता तापमान उन मेहनतकश लोगों का कहीं ज्यादा इम्तिहान ले रहा है जो कड़ी धूप और खुले आकाश तले पसीना बहाने को मजबूर हैं। इसकी पुष्टि अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने अपनी नई रिपोर्ट 'इंश्योरिंग सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क इन चेंजिंग क्लाइमेट' में भी की है। रिपोर्ट का कहना है कि अपने जीवन में काम के दौरान किसी न किसी मोड़ पर 241 करोड़ श्रमिकों को भीषण गर्मी का सामना करने को मजबूर होना पड़ेगा। इसका मतलब है कि दुनिया के 71 फीसदी श्रमिक या तो बढ़ते तापमान की वजह से गर्मी की मार झेल रहे हैं या उन्हें अपने काम के दौरान कभी न कभी इसका सामना करना पड़ेगा।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आईएलओ की एक रिपोर्ट, 'कार्यस्थल पर गर्मीः सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए निहितार्थ' में पाया गया है कि गर्मी एक मूक हत्यारा है जो दुनिया भर में बढ़ती संख्या में श्रमिकों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए खतरा बन रही है। मानवीय गतिविधियों के कारण होने वाली ग्लोबल वार्मिंग प्रति दशक 0.26 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रही है। शहरों में जब लोग एसी के रिमोट से टेंपरेचर ऊपर-नीचे कर रहे होते हैं, उसी दौरान मजदूर कहीं खेत या किसी घर की दीवारों की ईंट उठाते हुए पसीना बहा रहे होते हैं।

धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है। हालांकि सबसे बड़ा संकट खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए है। देश की करीब



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है।

90 फीसदी श्रम शक्ति अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़ी है। ज्यादातर मामलों में इन श्रमिकों को चिलचिलाती धूप, बारिश, आंधी-तूफान के बीच खुले में काम करना पड़ता है। उनके लिए न तो पर्याप्त सुविधाएं हैं और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम। ऐसे में इन किसानों, श्रमिकों को हर दिन अपना और अपने परिवार का पेट भरने के लिए खतरों से दो-चार होना पड़ता है।

'लेबरिंग थ्रू द क्लाइमेट क्राइसिस' नाम से एक रिपोर्ट वर्कर्स कलेक्टिव फॉर क्लाइमेट जस्टिस-साउथ एशिया और ग्रीनपीस इंडिया ने तैयार की है जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की गर्मी से जुड़ी चिंताओं पर रोशनी डालती है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की आमदनी में 19 फीसदी की कमी आती है और भीषण गर्मी उन्हें कठिन विकल्पों में से चुनाव करने को मजबूर करती है। यानी या तो वो ख़ुद को सुरक्षित करने का जतन करें या आजीविका कमाएं। इस रिपोर्ट में ये भी रेखांकित किया गया है कि गर्मी सिर्फ़ आजीविका पर ही असर नहीं डालती बल्कि श्रमिकों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है।

वन अर्थ द्वारा 2022 में 68 देशों में किए गए अध्ययन जिसका शीर्षक राइजिंग टेम्परेचर इरोड ह्यूमन स्लीप है, के अनुसार विश्व स्तर पर लोगों की नींद प्रभावित हुई, जिससे पता चला है कि गर्म तापमान की वजह से लोग कम नींद ले पाते हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और कम आय वाले देशों के लोग इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। 2099 तक, बढ़ता तापमान एक साल में प्रति व्यक्ति की 50-58 घंटे की नींद कम कर सकता है।

आइएलओ की 2019 की रिपोर्ट 'वर्किंग ऑन ए वार्मर प्लेनेट–द इम्पैक्ट ऑफ़ हीट स्ट्रेस ऑन लेबर प्रोडक्टिविटी एंड डिसेंट वर्क' में चेतावनी दी गई है कि भारत में हीट स्ट्रेस के कारण 2030 में 5.8 प्रतिशत काम के घंटे कम होने की उम्मीद है। अपनी बड़ी आबादी के चलते देश 2030 में 3.4 करोड़ लोगों को अपनी नौकरियां खोनी पड़ सकती हैं।

विश्व बैंक की 2022 की एक और रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 2030 तक, पूरे भारत में सालाना 16 से 20 करोड़ से ज्यादा लोगों के घातक गर्मी की चपेट में आने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारतीय शहर जलवायु पैटर्न में होने वाली तब्दीलियों के प्रति तेजी से संवेदनशील होते जा रहे हैं, जिससे असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को बड़ा खतरा है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण है। आयोग ने राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं।

## सोशल फोरम

# अंधकार कोई प्रतीक नहीं

समाज, अपनी जटिलता और विरोधाभासों के साथ, एक ऐसा दृश्य रचता है, जिसमें प्रकाश और अंधकार एक-दूसरे से अजनबी बने रहते हैं। जो लोग विशेषाधिकारों की रोशनी में जीते हैं-संपत्ति, शिक्षा, अवसर और मान की विरासत के साथ-उनके लिए जीवन एक स्वाभाविक सहजता में बहता है। वे चमकते नगरों, स्वचालित सुविधाओं, और स्वीकृति से सजे मंचों के अभ्यस्त हैं। इस उजाले की चकाचौंध में वे यह देखने से चूक जाते हैं कि समाज के एक बड़े हिस्से के लिए यह प्रकाश कभी पहुंचा ही नहीं। उनके लिए अंधकार कोई प्रतीक नहीं, बल्कि यथार्थ है-जीवन का कठोर, कटु और उपेक्षित यथार्थ।



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

इतिहास गवाह है कि जिन लोगों ने अंधकार को झेला है, उन्होंने ही उस प्रकाश की तीव्रता को सबसे पहले महसूस किया है, जो दिखने में उजाला होता है, पर भीतर से तिरस्कार और वंचना से भरा होता है। उन लोगों ने सत्य को अपनी त्वचा की सिलवटों में जिया है, और अब जब वे जाग रहे हैं-पढ़ रहे हैं, लिख रहे हैं, संगठित हो रहे हैं-तो वे किसी करुणा की याचना नहीं करते। वे पूछते हैं, प्रश्न उठाते हैं, और अपने अनुभवों के आधार पर उस सत्य की पुनर्रचना करते हैं, जो लंबे समय तक केवल विशेषाधिकारियों के शब्दों में बंधा रहा।

यह पुनर्रचना कोई विद्रोह नहीं, बल्कि न्याय की मांग है। यह मांग बताती है कि एकांगी दृष्टि से गढ़े गए समाज को अब उन आंखों से भी देखना होगा, जो अंधेरे की आदत में पारदर्शी हो गई हैं। उन्हें न ज्ञान की जरूरत है, न कृपा की-उन्हें चाहिए मान्यता, भागीदारी और वह सम्मान, जो किसी भी सामाजिक संरचना को नैतिक बनाता है। और यह भी याद रखा जाना चाहिए कि किसी राष्ट्र की आधुनिकता केवल तकनीकी प्रगति या बाज़ार की चमक में नहीं मापी जा सकती। वह इस बात से मापी जाती है कि उसमें रहने वाले सभी नागरिकों को गरिमा, अवसर और विकास का अधिकार है या नहीं। अगर कुछ लोग आगे बढ़ भी जाएं, पर समाज के बड़े हिस्से को पीछे छोड़ दिया जाए, तो वह राष्ट्र समग्र रूप से न तो शक्तिशाली बन सकता है, न ही स्थायी रूप से सुखी।

**-फेसबुक वॉल से**

# हर तरफ युद्ध, नागरिक अभिशप्त

ईरान और इजराइल लगातार संघर्षरत हैं। इजराइल से अमेरिका के अपने स्वार्थ बंधे हुए हैं। दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध हैं। जिसमें संयुक्त सैन्य अभ्यास, सैन्य अनुसंधान सबसे महत्वपूर्ण है। इजराइल इस बात को अच्छी तरह जानता है कि अगर अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने हितों की रक्षा करनी है तो इजराइल का साथ देना होगा। अगर अमेरिका चाहता तो ईरान पर इजराइल के हमले को रोक सकता था पर उसने ऐसा नहीं किया।

डोनाल्ड ट्रंप ने बिना शर्त समर्पण की चेतावनी दी। जिसे खारिज करते हुए ईरान के प्रमुख नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला खामेनेई ने कहा है कि अगर अमेरिका इजराइल और ईरान के बीच में युद्ध में कूदा तो परिणाम गंभीर होंगे। खामेनेईका साफ कहना है कि ईरान कभी भी आत्मसमर्पण नहीं करेगा।

युद्ध में आम जनता बेमौत मारी जाती है। ईरान में भारत के भी हजारों लोग फंसे हैं। जिनमें मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले और तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र छात्राएं हैं। युद्ध के चलते यातायात के हवाई मार्ग बंद हैं। अपने नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की जिम्मेदारी भारत सरकार की बनती है जिसके लिए वह प्रयासरत है। छात्रों को बसों के जरिए सुरक्षित स्थानों में भेजा जा रहा है और जिनका कहीं जाना संभव नहीं



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इजराइल के समर्थक ट्रंप का रुख कभी भी स्पष्ट नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव गहरा गया था तब भी ट्रंप ने यही नीति अपनाई, जिसे कोई नहीं समझ पाया।

है उन्हें घर के भीतर ही सुरक्षित रहने के निर्देश मिले हैं। पर सोचना यह है कि आज इंसान घर के भीतर भी कहां सुरक्षित है। अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना ने इस याद को और ताजा कर दिया है। मेडिकल के भी सारे छात्र भी तो अपने हॉस्टल और मेस में खुद को सुरक्षित समझ रहे थे। रॉकेट और मिसाइल के उपयोग ने हर पल हमारी सुरक्षा पर दांव लगाया है। कई छात्र आर्मेनिया की तरफ बढ़ रहे हैं। भारत ने हमेशा अलग-अलग देशों में युद्ध के दौरान भारतीय नागरिकों के साथ ही साथ पड़ोसी देशों के नागरिकों को भी बाहर निकाल कर संवेदनशीलता का परिचय दिया है और इसी का कर्ज उतारते हुए ईरान के पड़ोसी देश आर्मेनिया इस मुश्किल की घड़ी में इंसानियत के नाते भारतीय छात्रों को मदद को आगे आ रहा है। गाजा संघर्ष , यूक्रेन-रूस युद्ध और बहुत सारे देशों के संघर्ष में नागरिकों की दुर्दशा हम देखते आए हैं। अपने कुटिल स्वार्थ की पूर्ति के लिए राजनेता देश को युद्ध की भेंट चढ़ा देते हैं। ऐसे में आम नागरिक अभिशप्त जीवन जीते हैं।

इजराइल के समर्थक ट्रंप का रुख कभी भी स्पष्ट नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव गहरा गया था तब भी ट्रंप ने यही नीति अपनाई, जिसे कोई नहीं समझ पाया। वहीं पाकिस्तान के सेवा प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने भारत पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध रोकने के लिए ट्रंप को शांति का नोबेल दिए जाने की मांग की और बीते कुछ दिनों पहले ट्रंप द्वारा उन्हें व्हाइट हाउस में आमंत्रित भी किया गया था। भारत संघर्ष विराम में अमेरिका या किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता या भूमिका से लगातार इनकार करता रहा। ये सच है कि अखंडित एकता को अगर अपनी शक्ति बना लें तो हम एक मजबूत लोकतंत्र हैं, हमें अमेरिका की जी हुजूरी करने की कोई जरूरत नहीं है। हालांकि इस संदर्भ में भारतीय प्रधानमंत्री ने जी 7 शिखर सम्मेलन में अमेरिका और पश्चिमी देशों का नाम लिए बिना निशाना साधते ते हुए कहा कि अपने हितों की बात जहां पर हो, वहां पर देश पर तुरंत प्रतिबंध लगा दिया जाता है और आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश को पुरस्कृत किया जाता है। बाद में टेलीफोन वार्ता के दौरान ट्रंप ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को सीधा समर्थन देने की घोषणा की है।

इस संदर्भ में बहुत पहले पढ़ी गई भूतपूर्व अमेरिकी राजनीतिज्ञ हेनरी किसिंजर की यह पंक्तियां आज के संदर्भ में सटीक बैठती हैं, "यूनाइटेड स्टेट्स हेज़ नो परमानेंट फ्रेंड्स और एनिमीज़. ओन्ली इंटरेस्ट्स." उन्होंने यह भी कहा था कि अमेरिका का दुश्मन होना खतरनाक है लेकिन दोस्त होना घातक है। याद रहे कि किसिंजर को 1973 में शांति का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। ट्रंप को भी मिल जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। फिलहाल वर्तमान हालात के संदर्भ में भी चीन और रूस के नजरिए को भी भांपने की जरूरत है। जहां तक पाकिस्तान की बात है वह निश्चित ही चीन के इशारों पर नाचेगा। हैरानी की बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र एक मोहरा बनकर रह गया है जिस उद्देश्य से इसकी स्थापना हुई थी उसे पूरा करने में यह हमेशा से नाकाम रहा है। न जाने कब तक युद्ध की आग में धधकती रहेगी धरती। पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और संवर्धन के मुद्दों का क्या होगा? निर्दोष आम नागरिकों की जिंदगी का क्या होगा? यह सब सवाल भविष्य के पर्दे के पीछे हैं जिनसे शक्तिशाली राष्ट्रों का कुछ लेना-देना नहीं क्योंकि वे सिर्फ धमकी देना और विस्तार वाद की नीति जानते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# बरसात से पूर्व जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटा नगर प्रशासन

## जेसीबी और मजदूरों द्वारा वार्ड के नाली नालों की तरी झार हो रही सफाई



जेसीबी से हो रहा नाला सफाई का कार्य।

संवाददाता, पयागपुर,बहराइच

**अमृत विचार:** आदर्श नगर पंचायत पयागपुर के विभिन्न वार्डों में नाली और नालों की जेसीबी मशीन और मजदूरों द्वारा तरी झार सफाई कर बरसात के दौरान होने वाले जलभराव से नगरवासियों को निजात दिलाने में नगर प्रशासन युद्ध स्तर पर जुटा हुआ है। नगर प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर कूड़े करकट से पटी नाली नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है।

मालूम हो कि बरसात के दिनों में नगर क्षेत्र के अधिकांश घरों में जलभराव की स्थिति बनी रहती है। मानसून ने दस्तक दे दी है, ऐसे में नगर क्षेत्र के वार्डों में बने नाली और नालों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगरवासियों को जलभराव की समस्या से राहत पहुंचाने के लिये लगभग एक सप्ताह से जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से नालियों की तरी झार सफाई के साथ नालियों के मुख पर जमा कचरे और गाद को भी हटाया जा रहा है। भूपगंज बाजार स्थित वार्ड नम्बर बारह में ब्लाक मुख्यालय के सामने तथा ताल बघेल की सड़कों के तरफ बने नालों की जेसीबी द्वारा सफाई की गई।नगर प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे सफाई अभियान की नगरवासियों ने सराहना की।

वार्ड के सभासद बजरंग बहादुर शर्मा ने वार्डवासियों से नालों में कूड़ा करकट न फेंकने की अपील करते हुये वार्ड को स्वच्छ बनाने की अपील की।श्री शर्मा ने कहा कि जलनिकासी का स्थायी प्रबंध न होने तक वार्ड के सभी नालों की तरी झार सफाई कर वार्डवासियों को जलभराव जैसी समस्या से राहत पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# दुधवा पार्क में मानव वन्यजीव संघर्ष को लेकर कार्यशाला का आयोजन



सांसद व वन मंत्री के साथ बैठक करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव। अमृत विचार

**बहराइच , अमृत विचार ।** दुधवा नेशनल पार्क में मानव वन्य जीव संघर्ष प्रबंधन को लेकर आयोजित कार्यशाला को केन्द्रीय मंत्री पर्यावरण , वन एवं जलवायु परिवर्तन भूपेन्द्र यादव तथा बहराइच सांसद डॉ आनंद गोंड ने सम्बोधित किया ।

मौके पर श्री गोंड ने बहराइच वन क्षेत्र की समस्याओं को लेकर केन्द्रीय मंत्री से समाधान हेतु आग्रह किया। कार्यशाला में प्रदेश के वन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अरुण कुमार सक्सेना , वन राज्य मंत्री के पी मलिक, सांसद आनन्द भदौरिया , राम शिरोमणि वर्मा, उत्कर्ष वर्मा, विधायक रोमी साहनी आदि उपस्थित रहे ।केन्द्रीय मंत्री श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार वन्यजीवों के संरक्षण के साथ-साथ वन क्षेत्र के आसपास रहने वाले समुदायों के हितों की रक्षा के लिए कार्य कर रही है। बहराइच सांसद डॉ आनंद गोंड ने बहराइच वन क्षेत्र से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के लिए केन्द्रीय मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

# गन्ने की अच्छी पैदावार के लिए जून माह बेहद महत्वपूर्ण: संजीव राठी

**कैसरगंज (बहराइच),अमृत विचार।** पारले कंपनी के उप मुख्य गन्ना प्रबंधक संजीव राठी ने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान किसानों से अपील की कि गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जून माह बेहद महत्वपूर्ण है। किसानों को चाहिए कि वे समय रहते सभी जरूरी कृषि कार्य पूर्ण कर लें, जिससे आगामी सीजन में 500 कुंतल प्रति एकड़ गन्ना उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।उन्होंने किसानों को निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा प्रति एकड़ 100 किलो यूरिया और 20 किलो ऑर्गेनिक अमिनोज़ मिलाकर 15 दिन के अंतराल पर दो बार छिड़काव करें।समय से जुताई व गुड़ाई कर लें। इससे पौधों की बढ़वार अच्छी होगी और मिट्टी में वायु संचरण बेहतर होगा।3 बैग प्रति एकड़ की दर से पहले छिड़काव करें, फिर जून-जुलाई में मिट्टी चढ़ाना न भूलें। यह न केवल खरपतवार नियंत्रण में मददगार है, बल्कि जल निकासी, पोषण अवशोषण और पौधों की मजबूती में सहायक है।प्रत्येक 15 दिन पर प्रति एकड़ एन.पी.के. (19:19:19) 2 किलो, और इमिडाक्लोप्रिड 100 मि.ली. को 250 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।कुछ प्लॉटों में चोटी बेधक की उपस्थिति पाई गई है। इसके नियंत्रण हेतु प्रति एकड़ 150 मि.ली. कोराजन को 400 लीटर पानी में मिलाकर लाइन से जड़ों के पास ड्रेंचिंग करें।खासकर 0238 प्रजाति को रेड रॉट से बचाना जरूरी है। प्रभावित कल्लों/मूढ़ों को उखाड़कर नष्ट करें और उस स्थान पर 20 ग्राम ब्लीचिंग पाउडर डालकर मिट्टी से ढक दें।श्री राठी ने किसानों से आग्रह किया कि वे वैज्ञानिक विधियों को अपनाएं, जिससे उत्पादन बढ़े और लागत घटे।इस अवसर पर भोरी, सिपहिया, नंदवल, सिंदरखा, सिंदरखी, विजयपुर, बदरौली आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में किसानों के साथ-साथ चीनी मिल के अधिकारी आदर्श, भूपेंद्र और दीपक भी मौजूद रहे।

# सड़क पर फर्राटा भर रही अवैध बालू ट्रॉलियां

संवाददाता, कैसरगंज

**अमृत विचार।** तहसील मुख्यालय कैसरगंज पर अवैध बालू का कारोबार चरम पर है, सूरज के ढलने के साथी तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में अवैध बालू खनन जोर पकड़ लेता है, और अवैध खनन किए गए बालू के ठेकेदार प्रशासन की ठीक नाक के नीचे निर्धारित गंतव्य पर अवैध रूप से खनन किए गए बालू का पहुंचाया करते हैं, लेकिन जिम्मेदार प्रशासन यह खनन की प्रक्रिया बिल्कुल नहीं दिखती और वह दिखते हुए भी सब कुछ चुप्पी साध लेता है।



बालू लदी ट्राली।

शासन के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार के मिट्टी या बालू का खनन बिना अनुमति के एक संज्ञेय अपराध है लेकिन कैसरगंज क्षेत्र में अवैध खनन की भरमार आ चली है और जिम्मेदार प्रशासन अपनी आंख पर पट्टी बांधकर बैठा है।

सफेद सोने के इस अवैध व्यापार में विभिन्न क्षेत्रों में ट्रालियों के संचालक व उनके सरपरस्त रोजाना अवैध रूप से हजारों की कमाई कर प्रतिमाह लाखों की बचत कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस पूरे प्रकरण में जिम्मेदार प्रशासन व पुलिस की संलिप्तता से कहीं इनकार नहीं है, इनके ठीक नाक के नीचे यह सब कुछ होना निश्चित रूप से उनके द्वारा इन कार्य सुचारू व्यवस्था को व ठेकेदारों को दी जाने वाली सुविधाओं के कारण ही है, ऐसे में जब किसी भी जरूरतमंद किसान को अपने खेत से मिट्टी के लिए शासन प्रशासन की अनुमति लेते पड़ती है तो ऐसे में एक रात में दर्जनों अवैध ट्रालियों का संचालन कैसे हो सकता है ? यह भी बहुत बड़ा यक्ष प्रश्न है।

# सार-संक्षेप

## बीइओ ने बैठक कर नोडल संकुल शिक्षकों को दिए निर्देश

**मटेरा / बहराइच, अमृत विचार।** विकास खण्ड शिवपुर क्षेत्र के ब्लाक संसाधन केंद्र बरदहा बाजार में नोडल शिक्षक संकुलों की एक आवश्यक बैठक खंड शिक्षा अधिकारी रणजीत कुमार ने ली, बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने योग सप्ताह मनाए जाने व प्रत्येक बच्चे को निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित करवाने ,आधार कार्ड विहीन छात्रों के आधार बनवाने में सहयोग प्रदान करने तथा 1 जुलाई से 7 जुलाई के बीच वृक्षारोपण सप्ताह मनाये जाने के लिए प्रत्येक विद्यालय में गड्ढे खुदवाने और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण की तैयारी सुनिश्चित करने,कायाकल्प के अधूरे कार्यों की सूचना से शीघ्र अवगत कराया जाय ,विद्यालय में स्वच्छता संबंधी सामग्रियों का नियमित प्रयोग हो ,छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए ,मध्यान भोजन फल वितरण दूध वितरण पर नियमित अच्छे तरीके से ध्यान दिए जाने के लिए दिशा निर्देश दिया। बैठक में रविशंकर शुक्ल, योगेश त्रिपाठी,पंकज वर्मा,राधेश्याम कनौजिया,शौकत अली, हसीब अहमद खान, इतवारी लाल ,अजय वर्मा,रंजीत श्रीवास्तव, प्रेम कान्त यादव ,गया प्रसाद, संजीव चक्रवर्ती, सरोजनी मिश्रा, राहुल गुप्ता, नाज़िम अली,सत्येन्द्र यादव, लवकुश शुक्ला, संजय भास्कर प्रदीप यादव आदि नोडल कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## माटीकला कौशल विकास योजना के लिए मांगे गए आवेदन

**बहराइच, अमृत विचार।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि माटीकला कौशल विकास योजना के अन्तर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि माटीकला से जुड़े हुए कुम्हार जाति के अभ्यर्थी जिनकी आयु न्यूनतम 18 वर्ष हो वे ऑनलाइन वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडाटयूपीएमएटीआईकेएएलएबीओएआरडीडॉटइन या ऑफलाइन आवेदन पत्र 2 जुलाई तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदन के सापेक्ष निर्धारित लक्ष्य 15 पात्र अभ्यर्थियों का चयन परिक्षेत्रीय गामोद्योग अधिकारी के अध्यक्षता में शासन द्वारा गठित चयन कमेटी के द्वारा किया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों को मण्डलीय गामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र बहराइच द्वारा 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण दियाा जायेगा।

## तेंदुए ने किसान पर किया हमला घायल

**बहराइच, अमृत विचार।** गन्ने के खेत में काम करने के वक्त तेंदुए ने किस पर हमला बोल दिया इस हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया है साथी लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ भाग कर फिर से गाने के खेत में छिप गया। किसान को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया है। कटारिया घाट संरक्षित वन्य जीव क्षेत्र से तेंदुए ग्रामीण इलाकों की तरफ रुख करने लगे हैं अक्सर तेंदुए गन्ने के खेत में देखे जा रहे हैं अभी कल एक तेंदुआ गन्ने के खेत से निकलकर सड़क पर आकर बैठ गया जिससे काफी देर तक लोगों का आवागमन बंद रहा। गुरुवार की दोपहर कतर्निया घाट रेंज के सदर बीट में चढ़ावा गांव के कुछ मजदूर शेर सिंह के गाने के खेत में काम कर रहे थे। मजदूर में रामू के साथ छोटे, कौशल, रमेश, इंद्रेश, सलाम और ध्रुव शामिल थे। अचानक गन्ने के खेत से निकला तेंदुआ मजदूर किसान पर हमलावर हो गया। किसान के शोर मचाने पर अन्य मजदूर भी तेंदुए को भगाने के लिए लाठी डंडा लेकर दौड़े। इसके बाद मजदूर किसान की जान बची। मौके पर वन विभाग के अधिकारी जानकारी होने पर पहुंचे और घायल मजदूर किसान को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है।

## ट्रांसफार्मर खराब , 4 दिनों से अंधेरे में रह रहे लोग

**रायबोझा,बहराइच, अमृत विचार।** एक तरफ सरकार बेहतर विद्युत आपूर्ति का दावा कर रही है तो दूसरी तरफ जिले में बिजली व्यवस्था चौपट है। खराब ट्रांसफॉर्मर 48 घंटे में बदलने का आदेश भी बेअसर दिख रहा है। ट्रांसफॉर्मर खराब होने पर उसे बदलने में 10 से 15 दिन लग जाते हैं। चार दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने की दशा में लगभग 5 हजार आबादी अंधेरे व इस उमस भरी गर्मी में रहने को मजबूर है लेकिन उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामला होने के बाद भी कोई एक्शन नहीं लिया गया ,एक उपभोक्ता ने बताया की गाँव में चार दिनों से बिजली नहीं है लेकिन अभी तक ना कोई लाइनमैन और ना कोई अधिकारी देखने आया है इस पर कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना दी गई। 4 दिन बीत चुके हैं पर ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला गया है। लोगों ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति बंद है। ग्रामवासियों ने कई बार बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से शिकायत किया लेकिन अधिकारियों में कोई असर नहीं दिखाउपखंड मिहींपुरवा के अंतर्गत रायबोझा पावर हाउस से आने वाली सप्लाई ग्राम सभा मोहनापुर गंगापुर में ट्रांसफार्मर खराब है बिजली व्यवस्था पूरी तरीके से बाधित है लेकिन ग्राम वासियों द्वारा विभागीय अधिकारियों को जानकारी दिया गया इसके बाद भी अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदलवाया गया इससे जहां रात में लोगों के घरों में अंधेरा पसरा रहता है तो वहीं लोगों को भीषण गर्मी में मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जब बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता से बात करने की कोशिश की गयी तो उनका फोन नहीं उठा। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है शीघ्र ही कमियों को दुरुस्त कराया जाएगा

## चाईनपुरवा में 132 मरीजों का हुआ इलाज

**भगवानपुर,बहराइच।** डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से तेजवापुर ब्लाक के चाईनपुरवा गांव में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष चिकित्सक डा. पवन कुमार वर्मा व डॉ. प्रियंका शर्मा ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी। चिकित्सकों ने मरीजों को भीषण गर्मी से बचने के उपाय भी बताएं। इस मौके पर गुरु प्रसाद, महेंद्र शुक्ला, भूपेंद्र वर्मा,अरूण यादव, अनामिका द्विवेदी, आकांक्षा मिश्रा, करिश्मा आर्या, आराधना देवीमौजूद रहीं।

# हिमाचल से 15 माह पूर्व लापता हुआ युवक बहराइच में मिला

**फखरपुर, बहराइच,अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के वजीरगंज में गुमसुम हालत में मिला 20 वर्षीय राहुल। फखरपुर पुलिस तथा कुशीनगर पुलिस के सहयोग से 15 माह से पिछड़ा हुआ राहुल अपने परिवार से मिला। बड़े पापा चंद्रमा, चाचा रविन्द्र चौहान, ने बताया के राहुल दिमागी रूप से कमजोर है। बताया कि हम लोग कुशीनगर के थाना क्षेत्र तमकुही के गौरी नरोत्तम गांव के निवासी हैं। लगभग 30 वर्षों से हिमाचल प्रदेश में रह रहे हैं। राहुल भी हम लोग के साथ रहता था अचानक 15 माह पहले राहुल लापता हो गया जिसकी शिकायत वहां के थाना नालागढ़ में दर्ज कराई थी। बीती रात फखरपुर पुलिस तथा पत्रकार अबू सहमा व सीओ कुशीनगर के सहयोग से बिछडा बेटा 15 माह बाद हम लोगों को मिल गया। क्षेत्राधिकार कुशीनगर राकेश कुमार थाना तमकुही राज प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शर्मा द्वारा ग्राम गौरी नरोत्तम गांव में पुलिस द्वारा परिवार के लोगों से राहुल की फोटो से पहचान कराई। इसकी सूचना हिमाचल प्रदेश में रह रहे राहुल के पिता व चाचा को फोन से दी। सूचना मिलते ही तत्काल बहराइच के लिए रवाना हुआ राहुल का परिवार।

# अपहरण और दुष्कर्म के दोषी को सुनाई दस वर्ष की सजा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपकांत मणि ने किशोरी के अपहरण व रेप के मामले में दोषी युवक को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने 70 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया। वहीं, अपहरण में सहयोगी को तीन वर्ष की सजा व तीस हजार अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

जिला शासकीय अधिवक्ता पॉक्सो संत प्रताप सिंह ने बताया कि 03 जून 16 को बौंडी थाने के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने 28 जून को तहरीर देकर कंदौली निवासी अनिल कुमार, मोल्हे तथा रामभजन के विरुद्ध केस दर्ज कराया। विवेचक ने विवेचना के बाद अपहरण, दुष्कर्म तथा पॉक्सो की धाराओं में अनिल कुमार, अपहरण की धारा में मोल्हू तथा धमकी के मामले में इसी थाने के ग्राम डोकरी के मजरा डगरहन पुरवा निवासी संतराम, लखन तथा मेवालाल के विरुद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायाधीश ने मामले के विचारण व उभय पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद अपहरण, रेप तथा पॉक्सो एक्ट के मामले में अनिल कुमार को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। 70 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया। वहीं, अपहरण के सहयोगी मोल्हू को तीन वर्ष की सजा व तीस हजार के अर्थदंड से दण्डित किया। अन्य आरोपी सबूत के अभाव में बरी कर दिये गये। न्यायाधीश ने अर्थदंड की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह व सुरेंद्र कुमार मौर्य ने पैरवी की।

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार।** ग्राम पंचायत गिरधरपुर के एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ मारपीट तथा छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। तहरीर देते हुए बताया कि उनकी बेटी सुबह करीब 8.30 बजे शौच के लिए खेत गई थी तभी गांव निवासी विपक्षी मोबीन पुत्र गोबरे तथा उनके भाई कमाल की बीबी ने कमरे के अंदर बंद करके मारा-पीटा तथा मोबीन ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ भी की। कोतवाल रामाज्ञा सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। संबंधित बीट इंचार्ज सौरभ पांडे ने जांच की है जिसमें पाया गया है कि छेड़छाड़ नहीं हुआ है। मारपीट हुई है जिसमें विपक्षी को शांति भंग में पाबंद किया गया है।

# अजय त्रिपाठी बने शाश्वत फाउंडेशन की चयन समिति के कोऑर्डिनेटर

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले में योग दिवस के अवसर पर योग को प्रोत्साहित करने वाले ऐसे 50 लोगों का चयन किया जाएगा जिन्होंने योग को जन-जन तक पहुंचाने और



उसके प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दिया है। ऐसे लोगों को जिन्होंने पत्रकारिता, शिक्षक,समाजसेवा, चिकित्सा व सामाजिक जीवन से जुड़े अन्य क्षेत्रों में रहते हुए योग को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है।उन्हें शाश्वत फाउंडेशन अहमदाबाद प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेगा। इसके लिए एक चयन समिति का गठन किया गया है जिसके कोऑर्डिनेटर जिले के वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार त्रिपाठी होंगे। सम्मान के लिए चयनित लोगों को आगामी 28 जून को किसान महाविद्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा यह जानकारी फाउंडेशन से जुड़े डॉ. सत्यभूषण सिंह ने दी है।

# कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दद्दन का हुआ विदाई समारोह

रूपईडीहा बहराइच

**अमृत विचार।** रूपईडीहा आदर्श थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह का ट्रान्सफर कोतवाली देहात बहराइच हो गया सम्मानित गणमान्य लोगों एवं थाना पुलिस टीम द्वारा भावभीनी बिदाई दी गई।

प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह लगभग सात माह तक अल्प समय के लिए थाना प्रभारी के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस अल्प कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए। थाने पर आने वाले सभी फरियादियों की बात सुनकर उसका निस्तारण करना उनकी प्राथमिकता में थी बृहस्पतिवार को थाना प्रांगण में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के बुद्धिजीवी,समाजसेवी एवं पत्रकार संघ टीम सहित थाने के समस्त कर्मचारियों ने प्रभारी को माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। आए हुए सभी आगंतुकों का थाना कोतवाली प्रभारी दद्दन सिंह ने धन्यवाद करते हुए कहा कि मुझे यहां से बहुत प्यार और आशीर्वाद मिला है मैं आप लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं । स्थानीय नागरिकों और पुलिसकर्मियों ने पूर्व थाना प्रभारी दद्दन सिंह के कार्यकाल की सराहना की।



मां भारती का चित्र देकर दद्दन सिंह को दी गयी विदाई। अमृत विचार

## वर्ग पहेली-7

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी स्थान पर प्रवेश हेतु लिखित अनुमतिपत्र, आज्ञापत्र 2. बिना टिकट लिए
3. 1. लौटाना, वापस करना 2. उलटाना, बदलना।
6. 1. कलकल की आवाज़ होना 2. शरीर में गरमी की अनुभूति होना 3. कुलबुलाना (शरीर का)।
7. 1. झाड़ी, झुरमुट 2. बालों का जूड़ा, जुट्टी 3. पौधों या झाड़ियों का झुरमुट 4. घास-फूस का पूला, जूरी 5. समूह, झुंड 6. झोंटा।
8. गंधी, इत्रफ़रोश, गंधद्रव्य, सुगंधित पदार्थ।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कुलबुलाने की अवस्था
4. 1. चारों ओर से ठीक एवं दुरुस्त 2. चुस्त, फुरतीला।
5. निरुपाधि।
7. 1. जोखिम 2. ज़िम्मेदारी,जवाबदेही, उत्तरदायित्व।




## वर्ग पहेली -6 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झ | | 2 उ | 3 प | जा | ति | |
| न | | | रं | | | |
| क | | | प | | 4 बू | ढ़ा |
| 5 ना | मी | गि | रा | मी | | |
| | | | नु | | 6 शी | राँ |
| | | | 7 ग | जा | ल | |
| 8 सं | घ | टि | त | | न | |

## सुडोकू -14

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | | | | 3 | 9 | |
| | | | 6 | | | 8 | | |
| 3 | 8 | 6 | | | 5 | | | 7 |
| | 1 | | | 8 | 9 | | | |
| | 2 | 5 | | | | 1 | 8 | |
| | | | 1 | 7 | | | 3 | |
| 9 | | | 3 | | | 6 | 1 | 5 |
| | | 4 | | | 1 | | | |
| | 5 | 8 | | | | 2 | 4 | |

## सुडोकू - 13 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 5 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 |
| 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 8 | 1 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 8 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 3 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :20 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी-09 .49 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 09 .45 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** – आज महिलाओं को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक प्रयोग करना चाहिये। पारस्परिक संबंधों को दूसरों के कारण प्रभावित न होने दें। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्र पढ़ाई को लेकर लापरवाह न रहें। उच्च अधिकारी आपके स्थानान्तरण को लेकर विचार कर सकते हैं।

**वृष** – आज आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। एसिडिटी जैसी समस्या हो सकती है। अविवाहित लोगों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यापार में आप विस्तार करने का विचार बना सकते हैं।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में नए तरीकों को अपना सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भावनात्मक संबंध काफी गहरे होंगे। छोटी कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यावसायिक सम्बन्ध काफी मजबूत हो सकते हैं।

**कर्क** – आज पैतृक व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हे साधने की कोशिश करेंगे। घर का वातावरण बहुत ही शान्तिपूर्ण रहेगा। आपकी दिनचर्या बेहद संतुलित रहेगी। विद्यार्थी अध्ययन के प्रति एकाग्र रहेंगे।

**सिंह** – आज आपके काम थोड़े मंद गति से होंगे। शरीर में आलस्य और सुस्ती छा सकती है। परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

**कन्या** – आज मित्रों के माध्यम से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। संपत्ति के विक्रय को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। लोग आपकी सोच और कार्यप्रणाली से काफी सहमत रहेंगे। मन में विचारों की अधिकता रहेगी।

**तुला** – आज कारोबार के विस्तार की योजना बना सकते हैं। घर के लिए नई वस्तुएं खरीद सकते हैं। समय का सार्थक उपयोग कर पायेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी। आज तले हुए भोजन का सेवन न करें।

**वृश्चिक** – आज आप संतान की शिक्षा पर अधिक ध्यान देंगे। सही रणनीति के साथ कार्य करने से आपको लाभ मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण करने का प्रयास करेंगे। प्रेमी जन के साथ घनिष्ठता का आनन्द लेंगे। मन में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। दूसरों के भरोसे बैठकर काम न करें।

**धनु** – आज अपनी बातों को लेकर अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। हल्की-फुल्की बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं। जीवनसाथी आपसे कुछ उपहार की अपेक्षा रख सकता है।

**मकर** – आज विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। प्रबल इच्छाशक्ति से नए कार्यों को शुरू कर सकते हैं। अधिकारी आपका उत्साहवर्धन कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। नए क्लाइंट्स के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**कुंभ** – आज आपको नजदीकी सम्बन्धियों के सहयोग से अभिभूत होंगे। अपनी परेशानियों को दोस्तों के साथ शेयर करें आपको बहुत अच्छा लगेगा। फाइनेन्स से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। आज खाली समय में पसन्दीदा संगीत का आनन्द उठा सकते हैं।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में योग्यता और कुशलता का परिचय देंगे। उच्च पदों पर आसीन लोगों के लिए दिन राहत भरा रहने वाला है। पूर्व में किए गए वादों पर खरे उतरेंगे। घरेलू खर्चों में कमी आयेगी। परिवार में आपसी सहयोग और सौहाद्र का वातावरण रहेगा।

# जिले के 297 सरकारी स्कूलों पर तालाबंदी का खतरा

## 31 सरकारी विद्यालय ऐसे जहां 20 या उससे भी कम है छात्र संख्या, 266 स्कूलों में 40 से कम है नामांकन

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और परिषदीय विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के बेहतर शिक्षा मिल सके, इसके लिए सरकार की ओर से एक बड़ा बजट खर्च किया जा रहा है। परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन के लिए अनगिनत योजनाएं भी चलाई जा रही है। फिर भी, जिले में नामांकन की स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है। अब शासन स्तर से जिन विद्यालयों में नामांकन संख्या नहीं बढ़ रही है उन स्कूलों को दूसरे स्कूलों के साथ मर्ज करने पर विचार किया जा रहा है।

जिले की बेसिक शिक्षा परिषद के 2,067 परिषदीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इसमें 1,453 प्राथमिक, 345 उच्च प्राथमिक और 269 कंपोजिट विद्यालय शामिल है। इन विद्यालयों में अब तक कुल 2,02,239 छात्र-छात्राएं नामांकित है। लंबी कवायदों के बाद जिन विद्यालयों में छात्र संख्या नहीं बढ़ रही है, शासन स्तर से ऐसे विद्यालयों के नजदीक के स्कूलों में विलय की तैयारी चल रही है। इसकी कवायद जिले में भी शुरू हो गई हैं। केंद्र सरकार की पोर्टल यूडायस पर दर्ज आंकड़ों की मानें तो जिले में 31 सरकारी विद्यालय ऐसे हैं जहां पर छात्र संख्या 20 या उससे भी कम है। जिन 31 विद्यालयों में नामांकन संख्या 20 से कम है इनमें ऐसे भी स्कूल हैं जहां कहीं 10, 12, 15 बच्चों का ही दाखिला है। कक्षा एक में एक भी दाखिला नहीं हो सका है। इसी तरह 266 स्कूल ऐसे हैं जहां पर छात्र संख्या 40 पार नहीं हुई है। शासन स्तर से कम नामांकन वाले विद्यालयों की सूची तैयार कराई गई है। इन विद्यालयों की पेयरिंग कर बच्चों को नजदीकी विद्यालयों में शिफ्ट करने पर विचार किया जा रहा है। जबकी, इन स्कूलों में सरकारी की ओर से कायाकल्प समेत अन्य योजनाओं के लिए करोड़ों का बजट खर्च किया है। शिक्षकों के वेतन के साथ अन्य मदों में बड़ा खर्चा किया जा रहा है। इसके बावजूद शिक्षक स्कूल के आसपास के क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा से नहीं जोड़ पा रहे हैं। जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या कम है उनको नजदीकी विद्यालय जिनका इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर स्थिति में होगा उनके साथ पेयरिंग कर अभिभावकों की रजामंदी से बच्चों को शिफ्ट किया जाएगा।



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भवन।

**20 और 40 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को दूसरे विद्यालय में विलय की कवायद**

> शासन के आदेश के अनुसार अभी तक जो रिपोर्ट सामने आई है, उसमें 20 या उससे कम छात्र संख्या वाले 31 और 40 से कम छात्र संख्या वाले 266 विद्यालय है। हालांकि स्कूल विलय करने के संबंध में छात्र संख्या के साथ ही अन्य मानकों को भी देखा जाएगा। अभी सिर्फ कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को चिह्नित करके सूची शासन को भेजी गई है। जुलाई में स्कूल खुलने पर स्कूल चलो अभियान चलेगा तो नामांकन संख्या बढ़ेगी। आगे जो भी निर्देश प्राप्त होंगे, उसी अनुरूप कार्यवाही की जाएगी।
> **-उपेंद्र गुप्ता,** बीएसए, सुलतानपुर

> संगठन मर्जर का पूरा विरोध करेगा। आरटीई 2009 के तहत हर 300 की आबादी पर एक विद्यालय खोलने का नियम है। 300 आबादी पर 50 बच्चों का होना संभव नहीं है। प्रांतीय नेतृत्व जो भी निर्णय लेगा, उसी आधार पर संघर्ष किया जाएगा। ग्रामीणों को स्वयं अपना हित-अनहित समझना चाहिए। ऐसे आदेश निश्चित रूप से ग्रामीण जनों में शिक्षा को लेकर अरुचि एवं शिक्षा को गांव से दूर ले जाएंगे। **-राम आशीष मौर्य,** जिला महामंत्री, प्राथमिक शिक्षक संघ

### खाली विद्यालयों का होगा सदुपयोग

जिन विद्यालयों के बच्चों को नजदीक के विद्यालय में विलय किया जाएगा, ऐसे स्कूलों में ताला नहीं लगेगा। खाली विद्यालय को प्री-प्राइमरी कक्षाओं के लिए बाल वाटिका के तौर पर तैयार किया जाएगा। लाइब्रेरी आदि बनाकर इमारत का सदुपयोग किया जाएगा। हालांकि, बीते दिनों शासन स्तर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग को आधार मानें तो चरणवार विद्यालय विलय किए जाएंगे। पहले 20 या उससे कम छात्र संख्या वाले विद्यालय, दूसरे चरण में 40 या उससे कम नामांकन वाले विद्यालयों का विलय होगा।

### बड़ी संख्या में शिक्षा से वंचित हैं बच्चे

जिले में बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे हैं जो शिक्षा से वंचित हैं। या तो कम उम्र में ही नशे के आदि हो गए हैं। भीख मांग रहे हैं या फिर कहीं ढेले, ढाबे या दुकान आदि पर काम कर रहे हैं। वहीं कई बच्चियों को अभिभावक छोटी उम्र में ही शिक्षा न दिलाकर घर के कामकाज में लगा देते हैं। जरूरी है कि शिक्षक इन बच्चों के अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर बच्चों का स्कूल में नामांकन कराएं। लेकिन शिक्षक भी ऐसे बच्चों का नामांकन करने से बचते हैं। विकास भवन, बस स्टेशन और कलेक्ट्रेट के आसपास भीख मांगते दर्जनों बच्चे हर समय मिल जाएंगे।

## एक नजर

### दुर्गा माता स्थान पर भंडारा

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के मजरे ऐंजर स्थित पूरे हनुमान दुबे गांव में शुक्रवार को दुर्गा माता स्थान पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन गांव और आसपास के श्रद्धालुओं के सामूहिक सहयोग से संपन्न होगा। दुर्गा माता स्थान पर होने वाले इस भंडारे के माध्यम से भक्ति और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया जा रहा है।

### बिजली मिस्त्री की करंट लगने से मौत

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम सांभरपुर निवासी दीपक कुमार वर्मा (32) की बुधवार शाम करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम दीपक बाइंडिंग की गई एक मोटर की जांच कर रहा था, तभी अचानक करंट की चपेट में आ गया। बगल के दुकानदार कुछ समझ पाते, इससे पहले ही दीपक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### रामतीर्थ बने व्यापार मंडल के प्रांतीय मंत्री

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लंभुआ नगर पंचायत निवासी रामतीर्थ सोनी को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का प्रांतीय मंत्री बनाए जाने पर व्यापारियों ने खुशी जाहिर की। श्री सोनी को प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने मनोनयन पत्र प्रदान किया। प्रांतीय मंत्री मनोनयन होने पर श्री सोनी ने कहा कि अध्यक्ष जी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं बखूबी निभाऊंगा और व्यापारी हित के लिए संघर्ष करता रहूंगा। श्री सोनी को प्रांतीय मंत्री बनाए जाने पर प्रांतीय उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, सीताराम मोदनवाल, कृष्ण कुमार बरनवाल, विजय शुक्ला आदि ने खुशी जाहिर की।

### क्लीनिक में घुसी पिकअप महिला समेत तीन घायल

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के बदरुद्दीनपुर गांव में गोमती नदी किनारे स्थित एक बंगाली डॉक्टर के क्लीनिक में एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन घुस गया। हादसे में एक महिला सहित तीन बच्चे घायल हो गए। घायलों की पहचान गीता देवी, उनकी बेटी गौरी और ब्रह्मादीन यादव की बेटी प्रियंका के रूप में हुई है। हादसे के वक्त तीनों लोग क्लीनिक में दवा लेने आए हुए थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि क्लीनिक के काउंटर पर रखी दवाएं 20 फीट ऊपर उड़कर दूर जा गिरीं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस और पुलिस ने घायलों को सीएचसी भदैया पहुंचाया। कोतवाली देहात के प्रभारी अखंडदेव ने बताया कि पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है। बताया गया कि यह वाहन लकड़ी ढोने वाले का है। मामले की जांच की जा रही है।

# भ्रामक रिपोर्ट देने पर दरोगा तलब, हलफनामा दाखिल कर दी सफाई

**अदालत से**

**ट्रैक्टर चालानी रिपोर्ट रद करने के मामले में भ्रामक रिपोर्ट देने से जुड़ा मामला**

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** ट्रैक्टर चलानी रिपोर्ट रद करने के मामले में भ्रामक रिपोर्ट देने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) नवनीत सिंह ने कुड़वार थानाध्यक्ष को तलब किया। मामले में गुरुवार को दरोगा कोर्ट में हाजिर हुए और हलफनामा दाखिल कर स्पष्टीकरण दिया। प्रकरण कुड़वार थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर सरकण्डे डीह निवासी अतीक उल्ला के ट्रैक्टर से जुड़ा है। अधिवक्ता अब्बास अहमद के अनुसार 17 फरवरी 2021 को पुलिस ने उक्त ट्रैक्टर का चालान कर दिया था, जबकि ट्रैक्टर कभी सीज नहीं हुआ था और अतीक के पास ही मौजूद रहा।

चालान रद करने की अर्जी पर पुलिस द्वारा थाने में ट्रैक्टर सीज होने की भ्रामक रिपोर्ट अदालत को दी गई थी। कोर्ट ने सख्त रूप अपनाते हुए थानाध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर हलफनामे सहित स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। गुरुवार को कुड़वार थाने के दरोगा अम्बरीश पाठक द्वारा दाखिल शपथ पत्र में बताया गया कि ट्रैक्टर को थाना कुड़वार पर सीज किया गया था और न्यायालय के आदेशानुसार 2 मार्च 2021 को वाहन स्वामी को सुपुर्द कर दिया गया था। मामले में कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा है तथा सुनवाई के लिए 21 जून की तारीख तय की है।


दीवानी न्यायालय परिसर में वादकारी व अधिवक्तागण। अमृत विचार

### पूर्व मंत्री जंग बहादुर के केस में गवाही दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह व अन्य के खिलाफ चल रहे 24 वर्ष पहले हत्या के केस में गुरुवार को अभियोजन गवाह मृतक की पुत्री गायत्री देवी ने कोर्ट में हाजिर होकर अपनी गवाही दर्ज कराई। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए 25 जून की तारीख तय की है। जामो थाना क्षेत्र के गौरा पूरे मतऊ निवासी शिव कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था कि 17 अप्रैल 2001 को आरोपी अशोक कुमार और विजय बहादुर पाल उसके घर पहुंचे और भाई राजकुमार को साथ ले गए। रात में दिछौली के पास राजकुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस की विवेचना में पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह और रामविलास की भूमिका हत्या की साजिश रचने में पाई गई। दौरान विचारण आरोपी विजय बहादुर पाल की मौत हो गई है।

### पूर्व नगर कोतवाल की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दर्ज हुई गवाही

**संवाददाता, सुलतानपुर :** बहुचर्चित लालचंद्र सिंह हत्याकांड में गुरुवार को तत्कालीन विवेचक व पूर्व नगर कोतवाल राम सिंह की गवाही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दर्ज की गई। बचाव पक्ष के वकील रणजीत सिंह त्रिशुंडी ने पूर्व नगर कोतवाल से जिरह की। यह गवाही लंबे समय से लंबित चल रही थी, क्योंकि कोतवाल के गैरहाजिर रहने के कारण मामला अधर में लटका हुआ था। स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट राकेश पांडेय की अदालत में इस सुनवाई चल रही है। यह मामला कोतवाली नगर क्षेत्र के इमलियाकला गांव से जुड़ा है, जहां 2 जनवरी 2000 को लालचंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसी घटना में सुभाष सिंह, चंद्र सिंह और सुशील सिंह घायल हो गए थे। पुलिस ने घटना के संबंध में राजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, उदयराज, प्रदीप, रमाकांत (सभी निवासी रामनगर कोट) और सुरेश निषाद, गयादत (निवासी नकहा) के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

### चिकित्सक हत्याकांड में दरोगा की जिरह पूरी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में बीते साल संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में अपर सेशन जज संतोष कुमार की कोर्ट में गुरुवार को दरोगा राम आशीष उपाध्याय से बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने जिरह पूरी की। वादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया हत्याकांड के दूसरे विवेचक पूर्व नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय को साक्ष्य के लिए 26 जून को कोर्ट ने तलब किया है। 23 सितंबर 2023 की शाम हुए हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह पर कोर्ट ने सामान्य आशय से हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और दहशत फैलाने के आरोपों में मुकदमा चलाने के लिए आरोप तय किए थे जिनका ट्रायल जारी है। इसी मामले में एक आरोपी विजय नारायण सिंह की हत्या हो चुकी है वहीं आरोपी जगदीश नारायण की मृत्यु हो चुकी है। जिससे दोनो पर मुकदमा समाप्त हो गया है।

### आईएएस बनाने के नाम पर ठगी के आरोपित की अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल

आईएएस बनाने का झांसा देकर 36.40 लाख रुपये की ठगी के मामले में आरोपित बजरंग द्विवेदी ने अधिवक्ता संतोष पांडेय के जरिए जिला जज की अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 30 जून की तिथि तय की है। कोतवाली नगर में दर्ज मुकदमे में बजरंग द्विवेदी, उनके पुत्र प्रणव समेत सात लोगों पर धोखाधड़ी व जालसाजी की धाराओं में केस दर्ज है। वादी प्रांजल त्रिपाठी ने फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ठगी करने का आरोप लगाया है।

### कोर्ट में पेश हुआ धर्म परिवर्तन व अपहरण के केस में पीड़िता का पिता

अमेठी जिले के थानाक्षेत्र रामगंज के एक गांव की 22 वर्षीय युवती के अपहरण और धर्म परिवर्तन के मामले में पीड़िता का पिता गुरुवार को कोर्ट में पेश हुआ। मामले में आरोपितों अरमान, सलमान, इमरान व मोहम्मद शहजाद के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र ने बताया कि प्रभारी जिला जज संतोष कुमार ने इमरान की नियमित और अरमान की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख तय की है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लाख की ठगी, एफआईआर दर्ज करने का आदेश

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बासूपुर निवासी देवेश पाल से स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर पूरे लालशाह बेलहरी निवासी अतुल सिंह ने पत्नी विद्यावती के खाते में करीब 6 लाख रुपये मंगवाए। बाद में न नौकरी मिली न पैसे लौटाए, उल्टा जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर देवेश ने कोर्ट की शरण ली। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयूरेश श्रीवास्तव ने एफआईआर दर्ज कर जांच का आदेश थानाध्यक्ष गोसाईगंज को दिया है।

## सार-संक्षेप


सीओ को ज्ञापन देते किसान नेता। अमृत विचार

### पुलिस की अभद्रता पर भड़के किसान, सीओ को ज्ञापन

**लंभुआ, सुल्तानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में पुलिस द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने से गुरुवार को किसानों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। नाराज़ किसानों ने सीओ कार्यालय पहुंचकर हंगामा किया और सीओ अब्दुस सलाम को ज्ञापन सौंप कर दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग की। भारतीय किसान यूनियन अंबावता गुट के तहसील अध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में किसान इकट्ठा हुए। उन्होंने बताया कि कोतवाली लंभुआ में किसान कार्यकर्ता दुखी यादव व अरविंद कुमार के साथ उपनिरीक्षक चंद्र प्रकाश शुक्ला ने दुर्व्यवहार किया। प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश पांडेय और महासचिव आनंद प्रताप सिंह ने भी तत्काल जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस पर सीओ ने जांच का भरोसा दिलाया, तब जाकर किसानों का गुस्सा शांत हुआ। इस मौके पर जिला प्रभारी मजीद खान, जिला सचिव सबरे आलम, मंडल अध्यक्ष धर्मराज त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष पिंटू चौबे सहित बड़ी संख्या में पुरुष व महिला किसान मौजूद रहे। किसान नेताओं ने चेताया कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ा आंदोलन होगा।

### राहुल गांधी के 55वें जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन गुरुवार को सादगी से मनाया गया। गुजरात के अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया हादसे को ध्यान में रखते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर किसी भव्य आयोजन से परहेज किया गया और पौधारोपण कर जन्मदिन मनाया गया। जिला और शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में पार्टी कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर राहुल गांधी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती को लेकर चर्चा हुई। जिला कांग्रेस के निवर्तमान प्रवक्ता नफीस फारुकी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर परिस्थिति में देशवासियों की भावनाओं का सम्मान करती है। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी के जन्मदिन पर हम सबने मोहब्बत और भाईचारे का प्रतीक पौधा लगाकर नफरत के खिलाफ जंग का संकल्प लिया है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी ने कहा कि राहुल गांधी ने देश में मोहब्बत और भाईचारे की जो मुहिम चलाई है, उसे हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर ममनून आलम, आवेश अहमद, शीतला साहू, पवन मिश्र कटावा, श्याम लगन, गुड्डू जायसवाल, अवधेश गौतम आदि रहे। साथ ही, जिले के सभी ब्लॉकों में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया।


कार्यालय में पौधरोपण करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### केएनआई इग्नू परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**सुल्तानपुर, अमृत विचार :** केएनआई इग्नू अध्ययन केंद्र पर चल रही परीक्षा का गुरुवार को इग्नू के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. श्रवण कुमार पांडेय ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता और संचालन व्यवस्था की सघन जांच कर केंद्र के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। परीक्षा केंद्र के अधीक्षक डॉ. शक्ति सिंह ने उन्हें केंद्र की व्यवस्थाओं से अवगत कराया। डॉ. पाण्डेय ने विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन और छात्र सेवा के निरंतर सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इग्नू अपने विविध कार्यक्रमों के जरिए दूर-दराज के शिक्षार्थियों और कामकाजी लोगों के उच्च शिक्षा के सपनों को साकार कर रहा है। डॉ. पाण्डेय ने जानकारी दी कि इग्नू में जुलाई 2025 सत्र हेतु ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।


इग्नू परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते सहायक क्षेत्रीय निदेशक।

# जानलेवा हमले में तीन दोषियों को मिली तीन साल की सजा

**अदालत ने साढ़े 16 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया**

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** धम्मौर थाना क्षेत्र के पूरे अहिरन उघड़पुर में जमीन विवाद को लेकर हुए एक हमले के 16 साल पुराने मामले में अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) तृतीय राकेश पांडेय की अदालत ने तीन आरोपितों को दोषी करार देते हुए उन्हें तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर साढ़े पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

एडीजीसी संदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला वर्ष 2009 का है। 27 अक्टूबर को धम्मौर थाना क्षेत्र के पूरे अहिरन उघड़पुर गांव में जमीन को लेकर चल रही पुरानी रंजिश के चलते आरोपितों ने वीरेंद्र गुप्ता, उसके भाई अरुण गुप्ता, मां लक्ष्मी देवी व बहन मंजू देवी पर लाठी, डंडा व सरिया से हमला कर दिया था। इस हमले में चार लोगों को गंभीर चोटें आई थीं। मामले में धर्मराज यादव, बजरंगी, बासदेव और राम सजीवन के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान दोष साबित होने पर कोर्ट ने तीनों को दोषी मानते हुए तीन साल की सजा सुनाई। चौथे आरोपी वासुदेव की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई, जिससे उसके विरुद्ध मुकदमा समाप्त कर दिया गया।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**कुड़वार, सुलतानपुर अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र के दुल्लापुर गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी श्यामजी यादव पुत्र राम खेलावन यादव घर के अंदर किसी काम के दौरान बिजली के करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही युवक बुरी तरह झुलस गया। परिजन आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल सुलतानपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। गांववालों ने बताया कि घटना बिजली के करंट से ही हुई है। मृतक के भाई रामजी व लालजी और मां विमला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक को जांच के लिए भेजा गया है, हालांकि कोई तहरीर मिली है परन्तु मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपा 25 जून को मनाएगी काला दिवस

**आपातकाल पर कांग्रेस को घेरने की तैयारी, 21 को योग दिवस व 23 को बलिदान दिवस पर होगी गोष्ठी**

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी 25 जून को आपातकाल की वर्षगांठ पर 'काला दिवस' मनाकर कांग्रेस के खिलाफ अभियान छेड़ेगी। इस मौके पर जिले में संगोष्ठी के साथ लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। पार्टी यह संदेश देने की तैयारी में है कि 25 जून 1975 को कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतांत्रिक मूल्यों का दमन किया था।

गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से जुटें। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता ही भविष्य का नेता है। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मंडल स्तर पर पूरे उत्साह से मनाया जाएगा। इसके लिए मंडल अध्यक्षों को टी-शर्ट वितरित की गई हैं। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी होगी, जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। 29 जून को बूथ स्तर पर बलिदान दिवस और 6 जुलाई को मंडल स्तर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित होगा। बैठक का संचालन जिला मंत्री प्रदीप शुक्ला ने किया। इस मौके पर जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, संदीप सिंह, घनश्याम चौहान, नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल, योगेंद्र सिंह, दुष्यंत सिंह, विजय लक्ष्मी शुक्ला, प्रदीप मालवीय, अमित त्यागी व रोहित यादव समेत तमाम भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी।

**फूटा गुस्सा** | विद्युत अभियंता कार्यालय का घेराव कर किया प्रदर्शन

# बिजली संकट से त्रस्त ग्रामीणों का टूट गया सब्र

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बिजली संकट से त्रस्त ग्रामीणों का सब्र टूट गया। लंभुआ क्षेत्र के परसीपुर ग्राम सभा के दर्जनों ग्रामीणों ने गुरुवार को बेदूपारा स्थित अधिशासी अभियंता विद्युत कार्यालय का घेरावकर जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की।

ग्रामीणों का कहना था कि गांव में वर्षों पुराना व क्षमता से कम लोड वाला ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जो अक्सर खराब रहता है। इसके अलावा पूरे गांव में जर्जर तारों से आपूर्ति की जा रही है, जिससे पिछले दस दिनों से बिजली पूरी तरह बाधित है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत के बाद भी न तो ट्रांसफार्मर बदला गया और न ही तारों को सुधारने की कोई पहल हुई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि एक दिन पहले ही क्षेत्रीय विधायक सीताराम वर्मा ने अधिकारियों संग बैठक कर व्यवस्था सुधारने, ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने व जर्जर तारों को बदलवाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अब तक कोई सुधार नहीं हुआ, जिससे नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया और कहा कि ट्रांसफार्मर बदला जाएगा व तारों की मरम्मत कराकर नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी। प्रदर्शन में बृजेश, सुनील कुमार वर्मा, संजय यादव, यशवंत विक्रम वर्मा, छोटू, शैलेश, रामकुमार, राहुल वर्मा, निर्मला, राजेश वर्मा, कन्हैयालाल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।


विद्युत अभियंता कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### ड्रग इंस्पेक्टर की छापेमारी में कई संदिग्ध दवाएं जब्त

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में नशीली दवाओं की अवैध बिक्री की शिकायतों पर ड्रग इंस्पेक्टर राजू प्रसाद की अगुवाई में बड़ी कार्रवाई की गई। बहुरावा, वलीपुर, देहली बाजार, लंगड़ी बाजार, पारा बाजार, तिरहुत, वरासिन, बल्दीराय, डेहरियावा और हलियापुर में संचालित कई मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी हुई। दवा घर मेडिकल स्टोर बहुरावा, जय लक्ष्मी स्टोर बहुरावा, विवेक मेडिकल स्टोर, मीरा मेडिकल स्टोर वलीपुर व अंकित मेडिकल स्टोर डेहरियावां से संदिग्ध दवाओं के सैंपल लिए गए। अंकित मेडिकल स्टोर पर एक बुक डिपो भी अवैध रूप से संचालित मिलता पाया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से मेडिकल कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

# रैंक गिराने वाले विभागों पर डीएम सख्त

**सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक में डीएम ने दी सख्त चेतावनी**

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता में नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख रुपये से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से की गई। बैठक में सीडीओ अंकुर कौशिक और प्रशिक्षु आईएएस रिदम आनंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान डीएम ने विद्युत विभाग की 74वीं रैंक पर नाराजगी जताते हुए अधिशासी अभियंता को कड़ी फटकार लगाई और चेताया कि अगली बैठक से पूर्व रैंक सुधार सुनिश्चित करें। पीओ नेडा, सीएमओ, आवास विकास, जल जीवन मिशन एवं लोक निर्माण विभाग को भी कार्यों में गुणवत्ता और प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि जनपद की निराश्रित महिला पेंशन, कृत्रिम गर्भाधान, और अंडा उत्पादन की रैंक प्रदेश में प्रथम है। वहीं जिन विभागों की रैंक घटी है, उन्हें सुधार लाने की सख्त हिदायत दी गई है।

50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्थाएं तय समय में निर्माण कार्य पूरा करें, अन्यथा उनके विरुद्ध शासन को पत्र भेजकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक की अनुपस्थिति पर नोटिस जारी किया गया है।


समीक्षा बैठक में मौजूद डीएम कुमार हर्ष व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कुशीनगर, अमृत विचार :** दूदही-सेवरही मार्ग पर स्थित विशुनपुरा थाने के पास बुधवार देर रात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे सीएचसी भेजा गया। मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही युवक की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार, बिहार के गोपालगंज निवासी धर्मदेव (45) बाइक से पडरौना से गोपालगंज जा रहे थे। अभी वे विशुनपुरा थाने से करीब 100 मीटर आगे बढ़े ही थे कि सामने से आ रहे एक पिकअप की चपेट में आ गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### 25 जून तक टैबलेट प्राप्त कर लें आईटीआई छात्र

**कुशीनगर, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पडरौना के प्रधानाचार्य आलोक कुमार मौर्य ने अवगत कराया है कि जनपद में संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पडरौना, हाटा, कसया, सेवरही, नौरंगिया, कसया के ऐसे प्रशिक्षणार्थी अपने-अपने संस्थान में दिनांक 25 जून तक अपना टैबलेट प्राप्त कर लें। अन्यथा की दशा में टैबलेट वापस कर दिया जाएगा।

# यात्री सुविधाओं में जल्द अग्रणी बनेगा गोरखपुर जंक्शन : सतीश

## रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जीएम के साथ क्रू लॉबी, रनिंग रूम और स्टेशन परिसर का किया गहनता से निरीक्षण

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने गुरुवार को पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबन्धक सौम्या माथुर, प्रमुख विभागाध्यक्षों, डीआरएम लखनऊ गौरव अग्रवाल एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गोरखपुर स्थित क्रू लॉबी, एकीकृत क्रू रनिंग रूम एवं स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने एसी लाउंज में यूनियन पदाधिकारियों से वार्ता की। इस दौरान सतीश कुमार ने गोरखपुर जं. स्टेशन के प्रस्तावित स्वरूप एवं पुनर्विकास के कार्यों के ले-आउट का अवलोकन किया। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने गोरखपुर जं. स्टेशन का निरीक्षण किया।

दौरे की शुरुआत रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अत्याधुनिक लोको पायलट रनिंग रूम के निरीक्षण से की। इसके पश्चात उन्होंने गोरखपुर स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया।




क्रू लॉबी एवं स्टेशन परिसर का निरीक्षण करते रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार साथ में पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबन्धक सौम्या माथुर।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत से गोरखपुर जंक्शन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। स्टेशन का नया भवन पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्जा-कुशल डिजाइन पर आधारित होगा। अध्यक्ष ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की प्रशंसा की तथा साथ ही अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गोरखपुर जं. स्टेशन, जो विश्व का दूसरा सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म रखता है, जल्द ही सुविधाओं और यात्री अनुभव में भी अग्रणी बनेगा।

गोरखपुर जं. स्टेशन पर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड सतीश कुमार ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास एवं विस्तार हेतु वर्ष 2025-26 के बजट में 19,858 करोड़ का आवंटन किया गया है। यह बजट आवंटन वर्ष 2009-2014 के दौरान औसत बजट आवंटन से 18 गुणा अधिक है। उन्होंने कहा कि देश भर में अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत 1,300 से अधिक तथा उत्तर प्रदेश के कुल 157 एवं पूर्वोत्तर रेलवे के 58 स्टेशन पुनर्विकास के लिये चयनित हैं। सतीश कुमार ने कहा कि 22 मई, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के 19 पुनर्विकसित स्टेशनों का उद्घाटन किया गया। पूर्वोत्तर रेलवे के 12 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों में से 11 स्टेशन उत्तर प्रदेश मे हैं और एक स्टेशन बिहार का है।उन्होंने कहा कि गोरखपुर को दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस 20 जून को मिल जायेगी, जो पाटलिपुत्र से चलकर मुजफ्फरपुर, नरकटियागंज के रास्ते यहां आयेगी, सतीश कुमार ने क्षमता विस्तार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खलीलाबाद-बहराइच वाया बलरामपुर, श्रावस्ती, भिनगा नई रेल लाइन निर्माण के प्रथम चरण में खलीलाबाद-बांसी के मध्य कार्य प्रगति पर है तथा आगे के चरणों के लिये भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। दोहरीघाट-सहजनवा (81.17 किमी.) तथा आनन्दनगर-घुघुली वाया महाराजगंज (53.51 किमी.) नई लाइन हेतु भूमि अधिग्रहण का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि डोमिनगढ़-गोरखपुर-गोरखपुर कैंट-कुसम्ही तीसरी लाइन निर्माण के अन्तर्गत गोरखपुर-कुसम्ही के मध्य तीसरी लाइन का निर्माण पूरा कर कमीशन कर दिया गया है। गोंडा-बुढ़वल के मध्य तीसरी लाइन निर्माण के अन्तर्गत गोंडा कचहरी-करनैलगंज का कार्य कमीशन कर दिया गया है तथा करनैलगंज-घाघरा घाट का कार्य जुलाई में पूर्ण कर लिया जायेगा। तराई क्षेत्र में बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड मीटर गेज खंड के आमान परिवर्तन के अन्तर्गत बहराइच-नानपारा का कार्य पूर्ण हो गया है। अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ट्रेड यूनियनों और रेलवे कर्मचारी एसोसिएशनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। अध्यक्ष ने उनकी मांगों को प्राथमिकता देने का वादा किया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### गोरखपुर-छपरा रेल खण्ड का किया विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने गुरुवार को अपने एक दिवसीय निरीक्षण के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधकसौम्या माथुर एवं डीआरएम, वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव के साथ गोरखपुर-छपरा रेल खण्ड का विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इसी क्रम में उन्होंने देवरिया सदर स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने भटनी स्टेशन पर अमृत भारत योजना के अन्तर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यों को देखा। इसके बाद मैरवां स्टेशन पर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। सीवान स्टेशन के पुनर्विकास के कार्यों का मास्टर प्लान देखा। इसके पश्चात उन्होंने सीवान स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, छपरा जं स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने गिनी गणराज्य को निर्यात होने वाले लोको का निरीक्षण किया जिसको 20 जून को प्रधानमंत्री हरी झंडी दिखाएंगे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# शाम से लापता थे मंजेश और पायल

संवाददाता, सिद्धार्थनगर




मंजेश और पायल की फाइल फोटो

**गुत्थी उलझी**
- जिले के सड्डा पुल पर एक दिन पूर्व मिले थे दोनों के शव
- महाराजगंज जिले के रहने वाले थे दोनों लोग

**अमृत विचार।** 18 साल की पायल शर्मा और 29 साल के मंजेश जायसवाल। दोनों ही सम्पन परिवारों के थे। दोनों के घर विदेश की कमाई की दौलत थी और गांव में भी अच्छा कारोबार था। दोनों के घर आमने-सामने थे। घरों में आना-जाना सामान्य बात थी। बस फर्क था उम्र और जाति का। उम्र और जाति का बड़ा फासला होने के बावजूद दोनों एक-दूसरे के प्यार में खोकर सब कुछ भूल चुके थे। पायल शर्मा यह भी भूल चुकी थी कि गांव के रिश्ते के तहत वह मंजेश जायसवाल को छोटपने से ही चाचा कहकर पुकारती थी। मंजेश और पायल एक-दूसरे के करीब आ गये। पायल के पिता और मंजेश के भाई दोनों एक साथ खाड़ी देश में रह रहे हैं और पायल द्वारा मंजेश को चाचा कहे जाने के कारण किसी को भी उन पर शक नहीं हुआ। फिर ऐसा क्या हुआ कि दोनों अपना जिला महाराजगंज छोड़कर सिद्धार्थनगर में जान देने चले आये। परिजनों ने कल शाम तक पुलिस को तहरीर नहीं दी थी।

महाराजगंज के बसहिया खुर्द गांव के पायल और मंजेश के शव बुधवार की सुबह मोहाना थाना के सड्डा बजार पुल के निकट सड़क के किनारे पड़े मिले। पास में मंजेश की स्कूटी भी खड़ी मिली। मोहाना पुलिस के पहुंचने और जांच करने पर उनके पास से जहर की गोली का रैपर भी मिला। इससे यह स्पष्ट हो गया कि दोनों की मौत जहर खाने से हुई होगी। बाद में पता चला कि दोनों मंगलवार की शाम पांच बजे से ही महाराजगंज से लापता थे। इससे अनुमान लगाया गया कि दोनों रात में किसी समय सड्डा पुल पर पहुंचे और वहीं पर जहर खाया।

पायल अभी इंटर की परीक्षा में पास हुई थी। दोनों के समक्ष कोई आर्थिक संकट भी नहीं था। घर वाले इस प्रेम प्रसंग से अंजान थे। इसलिए किसी प्रकार का उत्पीड़न भी नहीं हुआ था। मंजेश के भाई सिद्धार्थ ने इनकी पुष्टि भी की है। ऐसे में एक ही सवाल उभर कर सामने आता है कि दोनों ने आत्महत्या क्यों की। मौके पर पहुंचे लोगों का अनुमान है कि दोनों की जााति अलग होना ही शायद उनकी आत्महत्या का कारण रहा होगा। दोनो का दूसरे ज़िले में जाना भी अस्वाभाविक ही लगता है। दोनों परिवारों ने इस घटना की तहरीर भी कल शाम तक नहीं दी थी।

इस बारे में मोहाना थानाध्यक्ष चंचल पांडेय ने बताया कि शवों को पास्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक तहरीर भी नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# बेकाबू पिकअप की टक्कर से बालक घायल, हालत गंभीर

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पिकअप की टक्कर से एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बालक की हालत नाजुक बतायी जाती है।

रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के चिलमापुर निवाीस हमज़ा अहमद (8) पुत्र रियाज़ अहमद अपनी मौसी के घर शादी समारोह में शरीक होने आया था। गीडा थाना अंतर्गत गायत्री मैरिज हॉल के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी ततेज थी कि हमज़ा सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की तत्परता और परिजनों की सूझबूझ से उसे तत्काल सिटी अस्पताल पहंचाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उसका उपचार कर रही है। घटना के बाद मौजूद लोगों ने वाहन चालक को पकड़ लिया और थाना गीडा पुलिस के हवाले कर दिया। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# लक्ष्य के सापेक्ष मात्र एक चौथाई हो सकी गेहूं खरीद

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** गेहूं खरीद की समय सीमा समाप्त होने तक नवीन मंडी स्थल सहियापुर गेहूं खरीद का लक्ष्य पूरा कर पाने में विफल रहा। मंडी समिति सत्रावसान तक लक्ष्य के सापेक्ष मात्र एक चौथाई खरीद कर पाई।

बता दें कि जिले में 17 अप्रैल से 15 जून तक गेहूं खरीद करने का निर्देश दिया गया था। 15 जून तक मंडी में खुले छह केंद्रों पर 125 किसानों से 14101.50 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है। जबकि इन केन्द्रों को 56600 क्विंटल गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

सहियापुर मंडी में खाद्य विभाग की तरफ से संचालित राजकीय गेहूं खरीद केंद्र के 6 केंद्र खुले थे। वहीं, भारतीय खाद्य निगम द्वारा एक केंद्र संचालित था। इन केन्द्रों पर लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं की खरीद नहीं हुई है। मंडी परिसर में डुमरियागंज ए, और बी, नाम से दो गेहूं खरीद केंद्र खुले थे। दोनों पर 78 किसानों से 5066 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई।

दोनों केंद्रों का 20300 क्विंटल गेहूं खरीद का लक्ष्य था। वहीं, सहियापुर मंडी परिसर के नाम से भी दो गेहूं खरीद केंद्र खुले थे दोनों पर 61 किसानों से 3880.50 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है। जबकि इन दोनों केंद्रों को 16000 क्विंटल गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। भनवापुर के नाम से भी दो गेहूं खरीद केंद्र खुले थे। दोनों पर 77 किसानों से 5155 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है। इस केंद्र का गेहूं खरीद का लक्ष्य 20300 क्विंटल निर्धारित किया गया था। इस संबंध में खाद्य विभाग की ओर संचालित राजकीय गेहूं खरीद केंद्र के केंद्र प्रभारी धीरेंद्र पांडेय ने कहा कि गांवों में जाकर किसान चौपाल लगाकर केंद्रों पर बेचने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया था, लेकिन किसानों को बाजारों में गेहूं के समर्थन मूल्य से अधिक मूल्य मिलने से किसान केंद्र पर नहीं आए।

## सार-संक्षेप

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर गुरुवार को कांग्रेसजनों ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन उल्लासपूर्वक मनाया। इस अवसर पर राहुल गांधी के चित्र के सामने केक काटा गया और सबने एक दूसरे को केक खिलाकर राहुल गांधी के जन्मदिन की बधाई दी। कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी के स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना भी की। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने कहा कि राहुल गांधी देश के लाखों गरीबों, पीड़ितों के दु :ख सुख में बड़ी मजबूती से खड़े होते हैं और सबकी आवाज बुलन्द करते हैं। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार गुड्डू, सादिक अहमद, अनिल सिंह अन्नू, सुदामा प्रसाद, रियाजउद्दीन राईनी, ओमप्रकाश दूबे, शाहरुख पठान, हरि प्रसाद पासवान, राधेश्याम पाण्डेय, शौकत अली, अकरम अली सिद्दीकी, सन्तोष चौधरी, हफीजुर्रहमान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### किसानों ने खेत से मिट्टी निकाले जाने का लगाया आरोप

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मलगहिया गांव के करीब आधा दर्जन किसानों ने ग्राम प्रधान द्वारा आधी रात को ट्रैक्टर व ढोलू मशीन लगाकर चकरोड पटाई करने का आरोप लगाया है। गांव निवासी सलीम, सलाहुद्दीन, बुधराम, जयप्रकाश, ज़माल अहमद, लैस मोहम्मद, इसरार आदि ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल व डीएम, एसडीएम, सहित थाना प्रभारी ढेबरुआ आदि को लिखित शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराये जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जो कार्य मनरेगा द्वारा मजदूर लगाकर किया जाना चाहिए, वही कार्य ग्राम प्रधान द्वारा चोरी छिपे रात के अंधेरे में ट्रैक्टर व ढोलू मशीन लगाकर किसानों के बिना किसी सहमति के कराया गया है ,जो कि नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने मामले की जांच कर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में पुलिस चौकी प्रभारी बढ़नी अनिरुद्ध सिंह का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

### प्रशासन ने ध्वस्त कराया अवैध मदरसा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत धंधारी कला में नवयुवक मंगल दल की जमीन पर कब्जा कर बनाये गये अवैध मदरसे को प्रशासन ने गुरुवार को कार्रवाई कर ध्वस्त करा दिया। बता दें कि भारत-नेपाल सीमा से सटे 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित सभी अवैध मदरसों को चिह्नित कर ध्वस्त किया जा रहा है। सूत्रों द्वारा जानकारी मिली कि बिना किसी वैध दस्तावेज और सरकारी अनुमति के नवयुवक मंगल दल की सार्वजनिक जमीन पर वर्षों पहले एक धार्मिक संस्था द्वारा निर्माण कराया गया था। इस पर जनचर्चा शुरू हुई और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। तहसीलदार अजय कुमार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मदरसे के निर्माण को सील करवा दिया और बाद में बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया।

### आयुर्वेद कॉलेज में कराया गया योग का सामूहिक अभ्यास



योग का अभ्यास करते छात्र। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कालेज) के पंचकर्म सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह समारोह के अंतर्गत गुरुवार को प्रात :कालीन सत्र में योग का सामूहिक अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वैसाख और योगाचार्य चन्द्रजीत यादव ने किया। योग शिविर में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम, उप प्राचार्य डॉ सुमित, डॉ दीपू मनोहर, डॉ विष्णु, डॉ श्री लक्ष्मी, डॉ जितेन्द्र, डॉ नवोदय राजू, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ साध्वी नन्दन पाण्डेय, डॉ श्रीनाथ, सहित सभी प्राध्यापक और बीएएमएस के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया संपर्क मार्ग का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सरौली विन्देशरपुर मार्ग के किमी .2 से हंसराजपुर सम्पर्क मार्ग का जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान सड़क के बगल से मिट्टी निकालने से बने गड्ढे को देखकर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की । जिलाधिकारी ने जेई का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के साथ ही गड्ढे में मिट्टी डलवाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने उसका सोहांस मोहाना के बलुही चौराहा गोवर्धनपुर सम्पर्क मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सड़क की चौड़ाई और ऊंचाई को नपवाकर देखा गया। सड़क की मैटेरियल को टेस्टिंग हेतु लैब में भेजने का उन्होंनं निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बिरहा से बैरखी बैराखी भरवलिया होते हुए मुड़िला सम्पर्क मार्ग के पुर्ननिर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसदौरान डीएम ने सड़क की चौड़ाई और ऊंचाई को नपवाकर देखा गया। सड़क की मैटेरियल को टेस्टिंग हेतु लैब में भेजने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सड़क बीच बीच में टूट गयी थी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी।

# पीएम के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

**कुशीनगर, अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ट्रांजिट विजिट के आगमन को लेकर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये हैं। एयरपोर्ट के चारों तरफ पुलिस की अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। पूरे परिक्षेत्र में नो ड्रोन एरिया घोषित किया गया है।

दूसरे जिले से दो एसपी, तीन एएसपी, चार सीओ समेत 14 अधिकारियों के अलावा जिले के सभी आला पुलिस अधिकारी समेत पांच सौ से अधिक पुलिस कर्मी व पीएसी बल को तैनात किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी के 20 जून शुक्रवार को कुशीनगर ट्रांजिट विजिट को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग की पैनी नजर है। पीएम को लेकर दो कार्डेन के अलावा कंटीजेंसी रूट को आठ सेक्टर में विभाजित किया गया है। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 23 प्वाइंट बनाए गये हैं।

एएसपी निवेश कटियार व सीओ कसया कुंदन सिंह ने बताया कि सुरक्षा को लेकर दो कार्डेन बनाये गये। इसमें इनर कार्डेन तथा आउटर कार्डेन शामिल हैं। इनके अलावा कंटीजेंसी यानि आकस्मिक रूट को लेकर आठ सेक्टर में विभक्त किया गया है। जनपद समेत बाहरी जनपदों को मिलाकर 500 से अधिक पुलिसकर्मियों के अलावा अन्य अधिकारियों को तैनात किया गया है।

# चेहरा प्रमाणीकरण में लापरवाही पर समाप्त होगी सेवा

**कुशीनगर, अमृत विचार:** जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि लाभार्थियों की ई-केवाईसी व चेहरा प्रमाणीकरण में लापरवाही बरतने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को हिदायत जारी की गई है। 30 जून तक शत-प्रतिशत कार्य नही करती हैं तो उनका जून माह का मानदेय रोक दिया जाएगा। साथ ही सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जा सकती है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में पुष्टाहार पाने वाले बच्चों, धात्री महिलाओं व गर्भवती का चेहरा प्रमाणीकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्य जुलाई से पहले ही पूरा करना है। जिन लाभार्थियों का चेहरा प्रमाणीकरण होगा, जुलाई में उन्हें ही पुष्टाहार वितरित किया जाएगा।

# स्टेडियम में बनेंगे तीन खेलों के कोर्ट

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में जल्द ही कई नए खेलों का संचालन शुरू हो जाएगा। इससे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण का बेहतर मौका मिलेगा। स्टेडियम में खेल व्यवस्था को सही करवाने के लिए शासन को बजट के लिए पत्र भी भेज दिया गया है।

स्टेडियम में वॉलीबॉल, बॉस्केटबॉल व टेबल टेनिस कोर्ट जल्द बनवाया जाएगा। दर्शक दीर्घा के लिए छाजन लगवाई जाएगी। वहीं बैडमिंटन हॉल व कोर्ट की भी मरम्मत करवाई जाएगी। स्टेडियम में आने वाले खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए इसका कायाकल्प करवाया जाएगा। इसके लिए शासन को पत्र भेजा गया है।



बैडमिंटन कोर्ट। अमृत विचार

स्टेडियम के अधिकारियों के अनुसार, सीएसआर फंड से ढाई करोड़ रुपये का बजट भेजा गया है। इससे स्टेडियम का कार्य करवाया जाएगा। इसके लिए शासन से जल्द ही अनुमति भी मिल जाएगी।

स्टेडियम में बेहतर खेल मैदान, परिसर में पानी का छिड़काव, बच्चों को अन्य कई सुविधाओं के लिए कार्य करवाया जाएगा। उसके बाद खिलाड़ियों को और भी बेहतर सुविधा मिलगी, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मिलने लगेगी। खेल विभाग ने अपने प्रस्ताव में खेल मैदान की अत्याधुनिक सिंचाई का कार्य, ग्रांउड के चारों तरफ जाली लगवाने का कार्य, छोटे व बड़े तरणताल की मरम्मत, बाउंड्री के चारों तरफ इंटरलॉकिंग का कार्य, प्रशासनिक भवन की मरम्मत, बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल की मरम्मत, बास्केटबाल कोट की मरम्मत का कार्य, दर्शक दीर्घा के ऊपर छाजन का कार्य व ग्राउंड के चारों तरफ एलईडी लगवाने का का प्रस्ताव भेजा है। सभी व्यवस्थाओं के होने से खिलाड़ियों को सुविधा मिलेगी।

क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री ने बताया कि जल्द ही बजट स्वीकृत हो जाएगा। उसके बाद खिलाड़ियों को और भी बेहतर सुविधा मिलेगी।

**सुविधा** — गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर रहेगी पेट्रोलिंग वाहनों व जीपीएस लगे एम्बुलेंस की व्यवस्था

# कंट्रोल रूम पर फोन करते ही मिलेगी त्वरित मदद

संवाददाता, गोरखपुर

**व्यवस्था**
- यात्रियों की सुरक्षा के लिए 15 वाहनों का फ्लीट रहेगा तैनात
- दो पैकेज में है गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे

**अमृत विचार।** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर यात्रियों के लिए यातायात सुगमता के साथ सुरक्षा और संकट में सहायता के लिए भी पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मदद के लिए यात्रियों को बस कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नम्बर 14449 पर फोन करना ही पर्याप्त होगा। फोन करते ही यूपीडा के जीपीएस लगे वाहन/एम्बुलेंस मौके पर मदद के लिए पहुंच जाएंगे।

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर यात्रियों की सुरक्षा और सहायता के लिए कुल 15 वाहनों का सुरक्षा फ्लीट होगा जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को लोकार्पण समारोह के दौरान भगवानपुर टोल प्लाजा से रवाना करेंगे। यह एक्सप्रेसवे दो पैकेज में है।

45 किमी के प्रति पैकेज में यूपीडा के दो पैट्रोलियम वाहन (इनोवा), कार्यदायी संस्था द्वारा प्रदत्त सुरक्षा उपकरणों सहित दो पैट्रोलियम कैम्पर, दुर्घटना की स्थिति में तत्काल चिकित्सकीय सहायता के लिए दो एम्बुलेंस, दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को तत्काल मुख्य मार्ग से हटाने के लिए एक क्रेन तथा संपूर्ण लिंक एक्सप्रेसवे के लिए एक हायड्रा वाहन उपलब्ध कराए गए हैं।

इस प्रकार दोनों पैकेज मिलाकर कुल 15 वाहन यातायात को सुगम बनाने के 'राउंड ओ क्लॉक' उपलब्ध रहेंगे। यूपीडा के नोडल सिक्योरिटी ऑफिसर, सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक राजेश पांडेय बताते हैं कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना की सूचना देने के लिए यूपीडा के एकीकृत कंट्रोल रूम के नम्बर 14449 का प्रयोग किया जाएगा। जब तक लिंक एक्सप्रेसवे पर एटीएमएस (ऑटोमेटिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) की स्थापना नहीं हो जाती, तब तक पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर स्थित के एटीएमएस कंट्रोल रूम से ही सूचनाओं का आदान प्रदान संबंधित अधिकारी, पैट्रोलिंग वाहन, एम्बुलेंस और क्रेन तक प्रेषित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस व अन्य वाहन जीपीएस युक्त होंगे और कंट्रोल रूम सूचना मिलते ही सबसे नजदीक के वाहन, एम्बुलेंस को ट्रेस कर उसे मौके पर भेज दिया जाएगा। इससे न्यूनतम समय में मदद पहुंच जाएगी।

आने वाले दिनों में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर एटीएमएस लागू किया जाएगा। इस सिस्टम के तहत एक्सप्रेसवे पर एक निर्धारित दूरी पर सीसी कैमरे लगाए जाते हैं। इसकी मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जाती है।

इसके अलावा एटीएमएस में रफ्तार सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर नजर रखने के स्पीड कैमरे और एनपीआर (नम्बर प्लेट रीडर) की व्यवस्था भी होती है।

# तस्करी के लिए नेपाल ले जायी जा रही 14 बोरी खाद जब्त

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी खुनवा के जवानों ने तस्करी के लिए नेपाल ले जायी जा रही 14 बोरी डीएपी खाद और 05 साइकिलों को जब्त किया है।

सीमा चौकी खुनवा के जवानों ने नाका के दौरान सीमा स्तंभ संख्या 554/1 के समीप भारत से नेपाल ले जा रहे 05 साइकिल सहित 14 बोरी डीएपी खाद बरामद की। सीमा चौकी खुनवा से नाका दल करहिया डीह गांव के पास श्मशान के समीप सीमा स्तंभ संख्या 554/1 के समीप तैनात था। इसी दौरान नाका दल ने देखा कि कुछ व्यक्ति साइकिल पर बोरी लादे सीमा स्तम्भ संख्या 554/1 के समीप से नेपाल की तरफ जा रहे हैं। संदेह के आधार पर नाका दल द्वारा उन व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया परंतु वें नाका दल को देखते ही साइकिल और सामान छोड़कर भागने लगे। नाका दल द्वारा उनका पीछा किया गया परंतु नेपाल सीमा नजदीक होने के कारण वें सभी नेपाल क्षेत्र में भाग गए। नाका दल द्वारा साइकिल को इकट्ठा कर बोरियों को चेक किया गया जिसमें कुल 05 साइकिलों पर 14 बोरी डीएपी खाद बरामद की गयी। तत्पश्चात, नाका दल द्वारा 14 बोरी डीएपी खाद को जब्त कर साइकिल सहित उचित कागजी कार्यवाही के उपरांत सीमा शुल्क कार्यालय, खुनवा को सुपुर्द कर दिया गया।

# लंदन में एफटीए को दिया अंतिम रूप

## हाइड पार्क में पीयूष गोयल और जोनाथन रेनॉल्ड्स के बीच समझौते पर बनी सहमति

लंदन, एजेंसी

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता को अंतिम रूप देते समय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को ब्रिटेन के उनके समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड्स ने चॉकलेट आइसक्रीम खिलाई थी। दोनों नेताओं के बीच गत माह लंदन के हाइड पार्क में टहलते हुए इस ऐतिहासिक समझौते पर सहमति बनी थी।



उद्योग मंत्री ने कहा, ये समझौता दो देशों के बीच आर्थिक स्थितियों में स्थिरता लाएगा

इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) यूके-इंडिया वीक शिखर सम्मेलन से इतर गोयल ने रेनॉल्ड्स के साथ हुई बातचीत और उनके आइसक्रीम खिलाने की बात का जिक्र किया और मजाकिया अंदाज में कहा, अब मुझपर उनका उधार है। उन्होंने कहा कि जब मुझे रेनॉल्ड्स का संदेश मिला, जिसमें उन्होंने मुझे (दो मई को) हाइड पार्क में टहलने के लिए आमंत्रित किया था, उन्हें पता है कि मुझे लंदन में वहां टहलना काफी पसंद है। मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि हम मुक्त व्यापार समझौते और दोहरे अंशदान सम्मेलन (डीसीसी) समझौते को अंतिम रूप देने से संबंधित कुछ लंबित मुद्दों पर बात करेंगे।

उन्होंने कहा, दोनों पक्षों ने छह मई को पुष्टि की थी कि जनवरी 2022 में शुरू हुई एफटीए वार्ता संपन्न हो गई है और 2030 तक वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 120 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। गोयल ने कहा, मुक्त व्यापार समझौता दो देशों के बीच आर्थिक स्थितियों में स्थिरता लाता है। यह व्यापारियों को भरोसा दिलाएगा कि शुल्क दरें स्थिर रहेंगी। दोनों देशों के बीच दोस्ती को लेकर निश्चितता आएगी, कारोबारी माहौल का अंदाजा लगाना आसान होगा जिससे यह द्विपक्षीय निवेश को प्रोत्साहित करता है। साथ ही, निश्चित रूप से वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देता है। यह सहयोग और संयुक्त उद्यमों को प्रोत्साहित करता है, जहां आप न केवल बाजारों पर नजर रखते हैं, बल्कि विश्व बाजारों पर कब्जा करने की भी कोशिश करते हैं।

### ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों की संख्या 23 प्रतिशत बढ़कर 1,197 हुई

**लंदन।** ब्रिटेन में काम कर रहीं भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों की संख्या 2025 में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 1,197 हो गई है। किसी एक वर्ष में दर्ज यह सबसे तेज वृद्धि है। वैश्विक वित्तीय सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन द्वारा उद्योग निकाय सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) के सहयोग से किए गए विश्लेषण, 'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' के अनुसार ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों द्वारा दर्ज किया गया संयुक्त राजस्व 2024 के 68.09 अरब पाउंड (जीबीपी) से बढ़कर 2025 में 72.14 अरब जीबीपी हो गया। विश्लेषण के 12वें संस्करण में पाया गया कि अब ब्रिटेन में 1,197 भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियां कार्यरत हैं, जो 2024 के आंकड़ों की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है।

## कुछ कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात पर अंकुश

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में सोने के अवैध प्रवाह को रोकने के लिए कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात अंकुश लगाया है। कोलाइडल बहुमूल्य धातुएं तरल रूप में फैले सोने या चांदी के नैनो कणों के विलयन होते हैं।

उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ आयातक थाइलैंड जैसे देशों से आयात के लिए तरल रूप में स्वर्ण कणों का सहारा ले रहे थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा, सीटीएच 2843 श्रेणी में आने वाली वस्तुओं की आयात नीति को 'मुक्त' से संशोधित कर 'अंकुश' किया जाता है। इस श्रेणी में आने वाले उत्पादों में कोलाइडल कीमती धातुएं, कीमती धातुओं के अकार्बनिक या कार्बनिक यौगिक शामिल हैं। वजन के हिसाब से 1% से अधिक सोना-युक्त पैलेडियम, रोडियम और इरीडियम मिश्र धातु के आयात पर पाबंदी लगा दी गई है।

## लिक्विड म्यूचुअल फंडः अल्पकालिक निवेश

लिक्विड म्यूचुअल फंड एक प्रकार का डेट फंड है, जो मु
बहुत अल्पकालिक (0 से 91 दिन) सरकारी प्रतिभूतियों
बिल्स और कम जोखिम वाले वाणिज्यिक पत्रों में निवेश
है। यह उनके लिए उपयुक्त है जो अपने अतिरिक्त पैसे 
समय के लिए सुरक्षित और तरल माध्यम में लगाना चाह
साथ ही बचत खाते से बेहतर रिटर्न की अपेक्षा रखते हैं।
फंड की खासियत ये है कि इसमें पूंजी की सुरक्षा अपेक्ष
अधिक होती है और निवेश से तुरंत निकासी की सुविधा
है। हालांकि, इसमें गारंटीशुदा रिटर्न नहीं होता और बा
में बदलाव के अनुसार रिटर्न में उतार-चढ़ाव हो सकता



### जोखिम पर दें ध्यान

- **ब्याज दर जोखिम :** अगर बाजार में ब्याज दरें तेजी से बदलती हैं, तो एनएवी (नेट एसेट वैल्यू) में मामूली घट-बढ़ हो सकती है।
- **क्रेडिट रिस्क :** यदि फंड कम गुणवत्ता वाले कर्ज उपकरणों में निवेश करता है और उधारकर्ता डिफॉल्ट कर जाए, तो नुकसान हो सकता है।
- **गैर-गारंटीशुदा रिटर्न :** बैंक एफडी की तरह यहां कोई निश्चित रिटर्न नहीं होता।

### निवेश से लाभ

- **उच्च तरलता :** लिक्विड फंड्स में पैसा एक दिन में वापस मिल जाता है। कुछ फंड तो इंस्टेंट विदड्रॉल की सुविधा भी देते हैं। बैंक सेविंग अकाउंट की तुलना में लिक्विड फंड अक्सर बेहतर रिटर्न देते हैं (औसतन 4%-6% वार्षिक)।
- **कम जोखिम :** यह अल्पकालिक निवेश साधनों में पैसा लगाते हैं, जिससे इनका जोखिम तुलनात्मक रूप से कम होता है। अधिकतर लिक्विड फंड्स में न तो एंट्री चार्ज होता है और न ही जल्दी निकासी पर पेनल्टी।

### किनके लिए उपयुक्त

जो लोग कुछ दिनों या हफ्तों के लिए पैसा पार्क करना चाहते हैं। जो आकस्मिक खर्चों के लिए तरल और सुरक्षित विकल्प खोज रहे हैं। कंपनियां और संस्थान जो अपने वर्किंग कैपिटल का प्रबंधन करना चाहती हैं।

### सशक्त और संतुलित

लिक्विड फंड्स अल्पकालिक निवेश के लिए सशक्त और संतुलित विकल्प हैं। यदि निवेशक जोखिम को समझकर, गुणवत्ता जांचकर निवेश करें, तो यह साधन लाभकारी साबित हो सकता है।

# स्वच्छ प्रौद्योगिकी इस्पात उद्योग की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि हरित इस्पात के उत्पादन के लिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत है। उन्होंने साथ ही कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। इस्पात मंत्री ने यह टिप्पणी इस्पात क्षेत्र में नवाचार एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने को आयोजित बिगमिंट फ्यूचर स्टील कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए की।



केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कार्बन उत्सर्जन कम करने पर दिया जोर

मंत्री ने कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि हरित इस्पात और स्वच्छ प्रौद्योगिकी अब एक विकल्प नहीं बल्कि एक जरूरत है। कुमारस्वामी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा इस्पात उद्योग 2030 तक 30 करोड़ टन क्षमता तक पहुंचने के साहसिक लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम न केवल विस्तार करने बल्कि 2070 तक शुद्ध शून्य लक्ष्य के अनुरूप स्थिरता लाने को भी प्रतिबद्ध हैं। सरकार ने दिसंबर 2024 में हरित इस्पात की परिभाषा पेश की थी और उद्योग से आग्रह किया था कि वे तैयार उत्पादों पर प्रति टन कार्बन उत्सर्जन को 2.2 टन के स्तर से नीचे लाने के लिए कदम उठाएं। वैश्विक स्तर पर कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में इस्पात उद्योग की हिस्सेदारी करीब सात प्रतिशत है। इस्पात के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक भारत के पास, वृद्धि को बनाए रखते हुए उत्सर्जन को कम करने में अग्रणी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी एवं अवसर दोनों हैं।

## एफडीआई में कमी पर वैश्विक सूची में 15वें स्थान पर भारत

**नई दिल्ली।** भारत 2024 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के मामले में शीर्ष वैश्विक गंतव्यों में 15वें स्थान पर है, जबकि एफडीआई प्रवाह मामूली गिरावट लेकर 27.6 अरब डॉलर रही।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (अंकटाड) द्वारा गुरूवार को जारी विश्व निवेश रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2023 में 16वें स्थान पर था, जब उसने 28.1 अरब डॉलर का एफडीआई आकर्षित किया था। प्रवाह में गिरावट ग्रीनफील्ड परियोजना घोषणाओं में उल्लेखनीय वृद्धि के विपरीत है। भारत 2024 में घोषित 1,080 ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के साथ शीर्ष पांच प्राप्तकर्ताओं में शामिल है। भारत अंतरराष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों के मामले में भी शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। अंकटाड ने कहा कि अमेरिका, भारत और कई यूरोपीय देशों में नई बैटरी और ईवी असेंबली सुविधाओं की घोषणा की गई।

# सकल मुद्रास्फीति में गिरावट अच्छा संकेत : क्रिसिल

कोलकाता, एजेंसी

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल लि. ने कहा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित सकल मुद्रास्फीति इस साल मई में घटकर 2.8% पर आ गई। यह अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा संकेत है। क्रिसिल ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट सकल खुदरा मुद्रास्फीति को नीचे ला रही है, लेकिन मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति यानी विनिर्माण क्षेत्र की मुद्रास्फीति बढ़ रही है। हालांकि, यह दशकीय रुख से नीचे है और अब लगातार चार महीनों से चार प्रतिशत से ऊपर है।

कोर यानी मुख्य मुद्रास्फीति में खाद्य और ऊर्जा से संबंधित अधिक अस्थिर मूल्य वाली वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता।



रेटिंग एजेंसी के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ रही मुद्रास्फीति

क्रिसिल ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि सकल मुद्रास्फीति पर दबाव डाल सकती है। बढ़ती मुख्य मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग को मजबूत होने का संकेत है। लेकिन मुख्य मुद्रास्फीति का गहराई से आकलन करने से पता चलता है कि इसकी हाल में वृद्धि घरेलू कारकों के बजाय वैश्विक आर्थिक अस्थिरता से जुड़ी है। क्रिसिल ने कहा कि सोने की कीमतें घरेलू के बजाय वैश्विक संकेतों पर प्रतिक्रिया करती हैं। हालांकि, सोने की सकल सीपीआई में हिस्सेदारी छोटी (कुल सूचकांक का 1.1%) है, लेकिन इसे मुख्य सीपीआई मुद्रास्फीति में शामिल करने से घरेलू मूल्य संकेत बिगड़ते हैं। भारत के मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने का भारांश अन्य देशों की तुलना में अधिक है। अन्य प्रमुख केंद्रीय बैंक भी मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने को शामिल करते हैं, लेकिन इसका भारांश भारत की तुलना में कम है। उनके मुख्य मुद्रास्फीति माप पर इसका प्रभाव सीमित होता है। भारत में सोने का भारांश संभवतः इसलिए अधिक है क्योंकि अन्य देशों की तुलना में खपत में इसकी हिस्सेदारी अधिक है।



## एक नजर

### कर्नाटक में अल्पसंख्यकों के लिए आवासीय आरक्षण बढ़ा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक मंत्रिमंडल ने गुरुवार को विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने कहा, राज्य भर में शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में आवास विभाग द्वारा लागू की जा रही विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।

### झारखंडः बारिश के बाद मलबे से निकले दो छात्रों के शव

**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड के खूंटी जिले में भारी बारिश से कुआं ढहने से मिट्टी के नीचे दबे दो छात्रों के शव गुरुवार को बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि रांची जिले में मिट्टी का मकान ढहने से 10 वर्षीय लड़की की भी मौत हो गई। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश का कहर जारी है। अलग-अलग जिलों में पुल और खाली आवासीय इमारत भी ढह गयी जबकि कई नदियां उफान पर हैं। इन घटनाओं में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### कुमारस्वामी के खिलाफ एसआईटी जांच पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को अंतरिम राहत देते हुए रामनगर जिले के केथागनहल्ली गांव में कथित भूमि अतिक्रमण की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच पर अस्थायी रोक लगा दी। राज्य ने कुमारस्वामी पर भूमि कब्जे में संलिप्तता के आरोपों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। जांच की वैधता को चुनौती देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने उच्च न्यायालय का रुख किया था।

# सामाजिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति में अहम

## सीजेआई गवई बोले- असमानताओं पर ध्यान दिए बिना लोकतांत्रिक राष्ट्र होने का दावा बेमानी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा है कि समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने को सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है।



सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिका पर आयोजित समारोह को किया संबोधित

देश में सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिकाः भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब विषय पर समारोह में सीजेआई ने कहा कि न्याय एक अमूर्त आदर्श नहीं है और इसे सामाजिक संरचनाओं, अवसरों के वितरण और लोगों के रहने की स्थितियों में जड़ें जमानी चाहिए। उन्होंने कहा, समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। दूसरे शब्दों में, दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने के लिए सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है। सीजेआई ने कहा कि यह केवल पुनर्वितरण या कल्याण का मामला नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने, उसकी पूरी मानवीय क्षमता का एहसास कराने और देश के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक जीवन में समान रूप से भाग लेने में सक्षम बनाने के बारे में भी है।

### संविधान की यात्रा महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा, इस प्रकार, किसी भी देश के लिए, सामाजिक-आर्थिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह सुनिश्चित करता है कि विकास समावेशी हो, अवसरों का समान वितरण हो और सभी व्यक्ति, चाहे उनकी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ रह सकें। इस विषय पर भाषण देने के लिए आमंत्रित करने पर चैंबर ऑफ इंटरनेशनल लॉयर्स को धन्यवाद देते हुए, न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में 75 वर्षों में संविधान की यात्रा महान महत्वाकांक्षा और महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी है। उन्होंने कहा, भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय संविधान के निर्माता इसके प्रावधानों का मसौदा तैयार करते समय सामाजिक-आर्थिक न्याय की अनिवार्यता के प्रति गहनता से सचेत थे।

# अमरनाथ तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को अमरनाथ की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को उच्च स्तर की सुरक्षा दिए जाने का आश्वासन दिया। दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले के मट्टन में मार्तण्ड सूर्य मंदिर के दर्शन के बाद शेखावत ने तीर्थयात्रियों से घाटी के पर्यावरण और प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित करने की भी अपील की।



- केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत ने पहलगाम का किया दौरा
- एएसआई के साथ सुविधाओं व रखरखाव की समीक्षा की

शेखावत ने कहा, लोगों को अमरनाथ यात्रा के लिए आना चाहिए। अमरनाथ यात्रा सुरक्षित है, केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और आपको एक खरोंच तक नहीं आएगी। अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को समाप्त होगी। शेखावत ने नजदीकी पर्यटन स्थल पहलगाम का भी दौरा किया, जहां 22 अप्रैल को आतंकियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय खच्चर सेवा प्रदाता की हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा कि कश्मीर सुरक्षित है और पर्यटकों को न केवल घाटी की प्राकृतिक सुंदरता बल्कि उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत देखने के लिए भी कश्मीर आना चाहिए। घाटी में प्रसिद्ध स्मारकों के संरक्षण पर शेखावत ने कहा कि कुछ जीर्णोद्धार कार्य किए गए हैं, लेकिन और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने 'एक्स' पर भी पोस्ट किया। शेखावत ने कहा कि उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वहां पर्यटक सुविधाओं और रखरखाव के प्रयासों की समीक्षा की।

# एअर इंडिया ने मंगलुरु और दुबई के बीच एक दैनिक उड़ान की निलंबित

मंगलुरु, एजेंसी

एअर इंडिया एक्सप्रेस ने परिचालन कारणों का हवाला देते हुए 17 से 30 जून तक मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दुबई के लिए अपनी दो दैनिक उड़ानों में से एक को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के इस निर्णय के कारण मंगलुरु-दुबई सेक्टर पर साप्ताहिक उड़ानों की संख्या 18 से घटकर 11 रह गई है। हालांकि इंडिगो ने दुबई के लिए अपनी चार साप्ताहिक उड़ानों में बदलाव नहीं किया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उड़ानों में यह कटौती पश्चिम एशिया संकट के कारण इज़राइल, ईरान, इराक और जॉर्डन के ऊपर अनेक इलाकों में हवाई क्षेत्र बंद होने से हुई है। इससे यूरोप, एशिया और पश्चिम एशिया के बीच विमान संचालन पर काफी असर पड़ा है।

### लेह जाने वाला इंडिगो का विमान तकनीकी समस्या से दिल्ली लौटा

**नई दिल्ली।** लेह जाने वाला इंडिगो का विमान गुरुवार सुबह तकनीकी समस्या से दिल्ली लौट आया। उड़ान पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटराडार24.कॉम के अनुसार, दिल्ली से लेह जाने वाली उड़ान का परिचालन करने वाला विमान दो घंटे से अधिक समय तक आसमान में रहने के बाद लौट आया।

## कांग्रेस के कुछ नेताओं से मेरी राय अलग है : शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य शशि थरूर ने गुरुवार को कहा कि पार्टी नेतृत्व में कुछ नेताओं से उनके मतभेद हैं, लेकिन नीलांबुर निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव के मद्देनजर वह इस बारे में बात नहीं करेंगे। थरूर ने कहा कि कांग्रेस, उसके मूल्य और उसके कार्यकर्ता उन्हें बहुत प्रिय हैं। उन्होंने 16 वर्ष तक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वह उन्हें अपना मित्र एवं भाई मानते हैं। थरूर ने कहा, कांग्रेस नेतृत्व में कुछ लोगों से मेरी राय अलग है। आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक हैं और आपने (मीडिया ने) इस बारे में खबरें दी हैं। थरूर ने संकेत दिया कि वह उपचुनाव के नतीजों के बाद उन मतभेदों के बारे में बात कर सकते हैं।



## आफत की बारिश



महाराष्ट्र में हो रहे भारी बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। सड़कों पर जलभराव होने से यातायात प्रभावित है। वहीं, भारी बारिश के कारण गोदावरी नदी का तट बाढ़ की चपेट में आ गया है। एजेंसी

# ठग लाइफ फिल्म का विरोध करने वालों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार को अभिनेता से नेता बने कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन को लेकर धमकी देने अथवा हिंसा का रास्ता चुनने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अभिनेता की कन्नड़ भाषा पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद एक समूह की ओर से धमकियां दी गई थीं कि फिल्म का प्रदर्शन नहीं होने दिया जाएगा।



हसन की कन्नड़ भाषा पर की टिप्पणी के बाद मिली थीं धमकियां

न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने बेंगलुरु निवासी एम महेश रेड्डी और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को यह निर्देश दिया। पीठ ने कर्नाटक सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि 'ठग लाइफ' के राज्य में प्रदर्शन पर अगर कोई व्यक्ति अथवा संगठन हिंसा का रास्ता अपनाता है अथवा किसी प्रकार की धमकी देता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए।

पीठ ने राज्य सरकार के वकील डी एल चिदानंद का यह बयान दर्ज किया कि वह सभी हितधारकों को सुरक्षा प्रदान करेगी, जिससे कर्नाटक में फिल्म की रिलीज का रास्ता साफ होगा। पीठ ने कर्नाटक सरकार के हलफनामे पर गौर करने के बाद कहा, राज्य ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसने फिल्म पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है और अगर फिल्म प्रदर्शित होती है तो राज्य सरकार पूरी सुरक्षा प्रदान करेगी। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता चिदानंद ने कहा कि फिल्म के प्रदर्शन को लेकर विवाद कन्नड़ फिल्म उद्योग की शीर्ष संस्था कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) और फिल्म निर्माताओं के बीच है।

### एडीजीपी के खिलाफ जांच ट्रांसफर करने के बारे में बताए तमिलनाडु सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से इस बारे में उसे अवगत कराने को कहा कि अपहरण के मामले में एडीजीपी एचएम जयराम के खिलाफ जांच विशेष शाखा या सीआईडी को स्थानांतरित की जा सकती है या नहीं। इससे पहले तमिलनाडु सरकार ने कहा था कि वह चाहती है कि मामले में जांच पूरी होने तक एडीजीपी का निलंबन जारी रहे। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और मनमोहन की पीठ को तमिलनाडु सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बताया कि अवर पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) जयराम का निलंबन अपहरण मामले में हाईकोर्ट के 16 जून के आदेश के अनुरूप नहीं है और उनके खिलाफ अन्य आरोप भी हैं। दवे ने कहा कि नियमों के तहत ही जयराम को उनके खिलाफ आपराधिक मामले में जांच लंबित रहने तक निलंबित रखा जा सकता है। दवे से पीठ ने कहा कि वह हाईकोर्ट के जज के समक्ष लंबित मामले को अन्य जज को स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है।

## मुंबई हवाई अड्डे से 25 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 24.66 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त किया गया है और दो यात्रियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह मादक पदार्थ थाईलैंड से तस्करी कर भारत लाया गया था। गिरफ्तार लोगों में वह व्यक्ति भी है, जो मादक पदार्थ की इस खेप को लेने आया था और हवाई अड्डे के बाहर इंतजार कर रहा था। अधिकारियों ने बैंकाक से आए दो यात्रियों को रोका और तलाशी में मादक पदार्थ बरामद किया है।

# सोनम व उसके प्रेमी के परिचितों और टैक्सी चालक से पूछताछ

इंदौर (मप्र), एजेंसी

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

राजा हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने के लिए इंदौर आई मेघालय पुलिस ने गुरुवार को दो मुख्य आरोपियों- सोनम और उसके प्रेमी राज कुशवाह के परिचितों के साथ ही एक टैक्सी चालक से पूछताछ की। चश्मदीदों ने बताया कि सोनम के भाई गोविंद गुरुवार को स्थानीय पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के उस दफ्तर के बाहर नजर आए जहां लोगों से पूछताछ की गई।

इससे पहले बुधवार को मेघालय पुलिस की जांच के दौरान गोविंद कई स्थानों पर दिखाई दिए थे। गोविंद ने कहा कि उन्हें दफ्तर में बुलाया गया था, लेकिन उनसे कोई पूछताछ नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इस दफ्तर में उनके पारिवारिक कारोबार के कुछ कर्मचारियों और कुशवाह से जुड़े लोगों से पूछताछ की गई। सोनम का परिवार सनमाइका शीट का कारोबार करता है। वह अपने पति राजा रघुवंशी के हत्याकांड में गिरफ्तारी से पहले तक मायके के कारोबारी प्रतिष्ठान का काम-काज संभाल रही थी।

# भारतीय टीम के नये दौर की शुरुआत

## शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय युवा टीम इंग्लैंड के सामने पेश करेगी कड़ी चुनौती



शुभमन गिल।

लीड्स, एजेंसी

नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नये चेहरे। अगले 45 दिनों में ये सब एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। बहुप्रतीक्षित इंतजार का रोमांच शुक्रवार से शुरू हो जाएगा, जब भारत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट शृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है।

पच्चीस वर्षीय गिल के लिए यह शृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है। भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स (शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है) और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी। टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है।

भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है। कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता। कोहली और रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभी तक कोच के रूप में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और वह इसे और खराब नहीं करना चाहेंगे। इस सीरीज में गंभीर के रणनीतिक कौशल की असली परीक्षा भी होगी। अभ्यास के दौरान स्लिप कॉर्डन की संरचना को देखते हुए करुण नायर की वापसी तय लगती है, जहां उन्हें पहली स्लिप में तैनात किया गया था, लेकिन एक और बल्लेबाजी स्थान है जिसको लेकर टीम प्रबंधन को काफी विचार विमर्श करना होगा। क्या गंभीर एक अतिरिक्त बल्लेबाज़ को खिलाएंगे और प्रतिभाशाली बी साई सुदर्शन को अपना पहला टेस्ट खेलने का मौका देंगे या फिर वह एक अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज़ की कमी की भरपाई के लिए नीतीश रेड्डी और शार्दुल ठाकुर जैसे ऑलराउंडर को खिलाएंगे। स्पिन विभाग में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा में से किसी एक को खिलाने को लेकर टीम प्रबंधन का फैसला काफी दिलचस्प होगा। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में सफल हो सकते हैं।

### टीम

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**इंग्लैंड (अंतिम एकादश) :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**45** दिन तक चलेगी पांच टेस्ट मैचों की शृंखला

**03** बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीत चुका भारत

**29** डिग्री सेल्सियस तापमान में होगा मुकाबला



बेन स्टोक्स

# टेस्ट सीरीज जीतना बड़ी उपलब्धि होगी : गिल

लीड्स, एजेंसी

भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट शृंखला जीतना आईपीएल खिताब जीतने से बड़ी उपलब्धि है।

विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन जैसे धुरंधरों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद 25 बरस के गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत की कप्तानी करेंगे। यह पूछे जाने पर कि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला जीतने और आईपीएल खिताब में से वह किसे ऊपर रखेंगे, उन्होंने कहा निश्चित तौर पर टेस्ट श्रृंखला में जीत को। उन्होंने कहा आपको बतौर कप्तान इंग्लैंड दौरे के ज्यादा मौके नहीं मिलते। अगर आप अपनी पीढी में सर्वश्रेष्ठ में से हैं तो शायद दो दौरे या तीन। गिल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा आईपीएल हर साल होता है और हर साल मौका मिलता है । मेरे ख्याल से इंग्लैंड , आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में जीत बड़ी है। इंग्लैंड में लाल गेंद से खेलने का भले ही गिल को अनुभव नहीं है लेकिन वह चुनौती से विचलित भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कई लोग कहते हैं कि आपकी टीम के पास उतना अनुभव नहीं है लेकिन अच्छी बात यह है कि हम पर अपेक्षाओं का उतना बोझ नहीं होगा क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी इंग्लैंड में खेले नहीं है। इससे काफी फर्क पड़ेगा।

# एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का शृंखला से पहले अनावरण

लीड्स, एजेंसी

- **ये पटौदी ट्रॉफी और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी की जगह लेगी**
- **ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी पर विमान हादसे को बाद टल गई**

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने बृहस्पतिवार को भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की शृंखला के पहले मैच से पहले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का औपचारिक रूप से अनावरण किया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मिलकर दोनों देशों के बीच होने वाली शृंखला का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखा है।

इससे अब यह भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए पटौदी ट्रॉफी (इंग्लैंड में शृंखला के लिए) और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी (भारत में शृंखला के लिए) की जगह लेगी। यह ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के कारण इसकी तारीख आगे खिसका दी गई। पटौदी परिवार के प्रति सम्मान को बरकरार रखते हुए भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के विजेता कप्तान को नए पटौदी पदक से सम्मानित किया जाएगा। ट्रॉफी में एंडरसन और तेंदुलकर की 'एक्शन' की छवि है और साथ ही उनके उभरे हुए हस्ताक्षर भी हैं। महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने एक दशक से भी अधिक समय पहले अपने 200वें टेस्ट के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, वहीं एंडरसन ने अपना 188वां और आखिरी टेस्ट 2024 में खेला था।



इंग्लैंड के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाते सचिन तेंदुलकर और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन। ● एजेंसी

### अपने फैसलों पर फोकस रखें शुभमन : तेंदुलकर

**नई दिल्ली :** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में बदलाव के कठिन दौर में टीम की कमान संभालने जा रहे शुभमन गिल को उचित समय और सहयोग दिया जाना चाहिए। उन्होंने नये कप्तान को सलाह दी कि ड्रेसिंग रूम से बाहर की टिप्पणियों पर सोचे बिना वह अपनी रणनीति पर फोकस रखें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट से पूर्व पीटीआई को दिये इंटरव्यू में तेंदुलकर ने कहा मुझे लगता है कि उसे (गिल को) समय देना होगा।

# भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार : स्टोक्स

**लीड्स :** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन की गैर मौजूदगी से भारतीय टीम कमजोर हुई है। क्योंकि उसके पास इस कमी को पूरा करने के लिए प्रतिभा का भंडार है।

स्टोक्स ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा काफी कुछ कहा जा रहा है कि विराट नहीं है, रोहित नहीं है और अश्विन नहीं है लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि भारत के खिलाफ यह पहले से आसान मुकाबला होगा। भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार है। उन्होंने कहा विराट, रोहित और अश्विन ने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ियों के सामने बल्लेबाजी या गेंदबाजी करना आसान होगा।

स्टोक्स ने कहा ये तीनों बहुत बड़े नाम हैं जिन्होंने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन इनके नहीं होने से चुनौती आसान नहीं होगी।

## एक नजर

### सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर पेगुला को हराया

**बर्लिन :** लियुडमिला सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर बुधवार को यहां तीसरी रैंकिंग की जेसिका पेगुला को 6-7 (8), 7-5, 7-6 (5) से हराकर बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी सैमसोनोवा ने इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में तीन घंटे 21 मिनट तक चले मैच में गत विजेता के खिलाफ 18 ऐस लगाए। इससे पहले मंगलवार को नाओमी ओसाका को तीन सेटों में हराने वाली सैमसोनोवा ने पेगुला के खिलाफ निर्णायक सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस पर दो मैच प्वाइंट बचाए। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का क्वालीफायर रेबेका मासरोवा के खिलाफ मैच बीच में स्थगित कर दिया गया क्योंकि कोर्ट फिसलन भरा हो गया था।

### विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने कहा, सितंबर में संन्यास लूंगी

**लंदन :** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनकी योजना कुछ महीनों के अंदर संन्यास लेने की है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विम्बलडन के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया था। क्वितोवा ने कहा, ''मैं एक बार फिर विम्बलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं।

### ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप में तपस्वी ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत :** हरियाणा के सोनीपत के कुंडली में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर-14 में लिटल एंजल्स लॉन टेनिस एकेडमी के खिलाड़ी तपस्वी ने प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली के खिलाड़ी वेदांत को 6-4, 7-5 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तपस्वी ने इस जीत के साथ ना केवल अपनी एकेडमी बल्कि राज्य का नाम भी रौशन किया। प्रतियोगिता में लगभग 85 खिलाड़ियों ने भाग लिया। तपस्वी जूनियर स्तर पर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगा।

# नायर की वापसी से राहुल उत्साहित

लीड्स, एजेंसी

- **उम्मीद जताई कि लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे**
- **नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और करीबी दोस्त हैं**

सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट शृंखला में करुण नायर की भारतीय टेस्ट टीम में वापसी से काफी उत्साहित हैं।

उनको उम्मीद है कि वह अपने इस करीबी दोस्त के साथ लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे। नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और बचपन से ही एक साथ आयु वर्ग की क्रिकेट खेलते आए हैं और दोनों करीबी दोस्त हैं। राहुल जहां भारतीय टीम का अभिन्न अंग रहे हैं वही नायर को टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने के बावजूद आठ साल तक टीम से बाहर रखा गया।

राहुल ने आईपीएल की अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स की मीडिया टीम से कहा हमने 11 साल की उम्र में एक साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था और तब से हम इस सफर पर हैं। हम दोनों के जीवन में उतार-चढ़ाव आए। उसे मौका मिला, उसने तिहरा शतक बनाया और इसके बाद कई कारणों से उसे मुश्किल समय का सामना करना पड़ा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में नायर के शानदार प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा लेकिन उसने पिछले दो-तीन वर्षों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह उल्लेखनीय है। उसने काफी मुश्किलों का सामना किया और भारतीय टीम में वापसी करने में सफल रहा। मुझे उम्मीद है कि हम दोनों लंबे समय तक भारतीय टीम की तरफ से खेलेंगे। राहुल ने फिर से कहा कि सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी बहुत खलेगी।

# जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे 640 मुक्केबाज

**नई दिल्ली :** देशभर से 640 मुक्केबाज गुरुवार से रोहतक में शुरू हो रही छठी जूनियर (अंडर-17) लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

जूनियर लड़के और लड़कियों की प्रतियोगिताओं में 44-46 किलोग्राम से लेकर 80 किलोग्राम से अधिक तक कुल 13 वजन वर्ग होंगे। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड लड़कों के वर्ग में, जबकि हरियाणा लड़कियों के वर्ग में गत विजेता के रूप में उतरेगा।

# धूम मचाने के लिए तैयार हैं शुभमन : गैरी कर्स्टन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने भारतीय टीम के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का समर्थन करते हुए कहा है कि वह शुक्रवार से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की शृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने के लिए तैयार हैं।

गिल की कप्तानी वाली आईपीएल टीम गुजरात टाइटन्स के मेंटोर रहे कर्स्टन का मानना है कि 25 वर्षीय गिल में अच्छे नेतृत्वकर्ता बनने के सभी गुण मौजूद हैं। कर्स्टन ने जियो हॉटस्टार से कहा मुझे लगता है कि शुभमन एक बेहतरीन कप्तान साबित होंगे। वह एक स्मार्ट क्रिकेटर हैं। उनके पास खेल के लिए अच्छा दिमाग है और वह अपने खेल को समझते हैं। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं और एक अच्छे इंसान हैं, जो मुझे लगता है कि बहुत महत्वपूर्ण है।

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा शुभमन के बारे में मुझे जो एक बात सबसे ज़्यादा पसंद है, वह यह है कि वह जो कहते हैं, वही करते हैं। वह बहुत मेहनती हैं और यह बात दूसरे खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन उदाहरण है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा गिल को अभी टेस्ट क्रिकेट में अपनी जगह मजबूत करनी होगी।

# बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए एमबाप्पे, ड्रा रहा मुकाबला

मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी



स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए। जिससे रियाल मैड्रिड क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाया और उसे सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के खिलाफ अपना पहला मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा।

रियाल मैड्रिड के कोच ज़ाबी अलोंसो ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अल हिलाल के खिलाफ़ मैच से पहले कहा एमबाप्पे को बुखार है। वह अच्छा महसूस नहीं कर रहा है। उम्मीद है कि वह अगले मैच में वापसी करेगा। रियाल मैड्रिड के पास मैच के आखिरी समय में जीत हासिल करने का सुनहरा मौका था जब उसे वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए इंजरी टाइम में पेनल्टी किक मिली थी लेकिन फेडरिको वाल्वरडे उसे गोल में नहीं बदल पाए। इस तरह से 15 बार के यूरोपीय चैंपियन के कोच के रूप में अपने पहले मैच में अलोंसो जीत से शुरुआत नहीं कर पाए। इससे पहले गोंजालो गार्सिया ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड के लिए गोल किया। इसके सात मिनट बाद रूबेन नेवेस ने पेनल्टी किक पर अल हिलाल के लिए बराबरी का गोल किया। प्रतियोगिता के वाशिंगटन में खेले गए एक अन्य मैच में रैंडल कोलो मुआनी और फ्रांसिस्को कोन्सीसाओ के दो-दो गोल की मदद से युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से हराया। इटली के क्लब युवेंटस के लिए कोलो मुआनी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। इसके 10 मिनट बाद कोन्सीसाओ ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर गेंद को ड्रिबल किया।

# जूनियर तीरंदाजों का अच्छा प्रदर्शन जारी

सिंगापुर, एजेंसी

भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए गुरुवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण में तीन स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त बांग्लादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए पहला सेट 55-48 से जीता। दूसरा सेट 55-55 से बराबर रहा, लेकिन भारतीय टीम ने अच्छी वापसी की और तीसरे सेट में सिर्फ एक अंक गंवाकर 59-56 से सेट और मैच अपने नाम कर दिया।



भारतीय जूनियर महिला तीरंदाज टीम। ● एजेंसी

वैष्णवी पवार, कीर्ति और तमन्ना की भारतीय महिला रिकर्व टीम को हालांकि निराशा हाथ लगी। भारत की पांचवीं वरीयता प्राप्त टीम पांच सेट तक चले क्वार्टर फाइनल के इस मुकाबले में शूट-ऑफ में चौथी वरीयता प्राप्त जापान से 4-5 (26-28) से हार गईं। भारतीय टीम ने पहला सेट 47-49 से गंवा दिया और दूसरे सेट में जापान के 55 अंकों के मुकाबले केवल 34 अंक ही हासिल कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों ने हालांकि शानदार वापसी की तथा तीसरा सेट 55-53 से और चौथा सेट 54-52 से जीतकर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। शूट-ऑफ में जापान सिर्फ दो अंकों से आगे रहा।

भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा

### एशिया कप

के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया। कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर अपार की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया को हराया। इसका फैसला शूट-ऑफ (30-29) से हुआ। दोनों टीमें चार सेटों के बाद 232 अंकों पर बराबर थीं। फाइनल में भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा। शानमुखी बुड्डे, तेजल साल्वे और तनिष्का थोकल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने भी सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 230-229 से हराकर पदक पक्का किया। फाइनल में उसका मुकाबला मलेशिया से होगा।

## बांध का दीदार



पुणे के खड़कवासला बांध में जलग्रहण क्षेत्र में बारिश के बाद बढ़े हुए जलस्तर का नजारा लेते पर्यटक। बांध में मुथा नदी बेसिन में लगभग 2000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। एजेंसी

# ब्लैक बॉक्स कहां होगा डिकोड, एएआईबी लेगा निर्णय

## मंत्रालय ने कहा- साइट दस्तावेजीकरण और साक्ष्य संग्रह इकट्ठा करने का प्रमुख कार्य पूरा हो चुका

**मुंबई, एजेंसी**

विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान के ब्लैक बॉक्स को डिकोड करने के स्थान पर निर्णय लेगा। सरकार ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की एक टीम ने 12 जून को हुई दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना में लगभग 280 लोग मारे गए थे।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा, डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) की एक संयुक्त इकाई 13 जून, 2025 को दुर्घटना स्थल से बरामद की गई है और दूसरा सेट 16 जून को मिला। विमान के इस मॉडल में दो ब्लैक बॉक्स सेट थे। मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय प्राधिकारियों और एजेंसियों से सभी



आवश्यक सहयोग के साथ एएआईबी जांच लगातार आगे बढ़ रही है। साथ ही कहा कि साइट दस्तावेजीकरण और साक्ष्य संग्रह इकट्ठा करने का प्रमुख कार्य पूरा हो चुका है और अब आगे का विश्लेषण चल रहा है।

बयान में कहा गया है, कुछ मीडिया संस्थानों में यह खबर आई है कि एआई171 उड़ान से सीवीआर/डीएफडीआर (ब्लैक बॉक्स) को पुनः प्राप्ति और विश्लेषण के लिए विदेश भेजा जा रहा है... विमान के रिकॉर्डर को डिकोड करने के स्थान के बारे में निर्णय एएआईबी द्वारा सभी तकनीकी और सुरक्षा संबंधी पहलुओं के उचित मूल्यांकन के बाद लिया जाएगा।

### डीएनए जांच से 215 मृतकों की पहचान हुई, 198 शव सौंपे गए

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में 270 लोगों की मौत होने के एक सप्ताह बाद 215 मृतकों की, डीएनए मिलान के जरिए अब तक पहचान कर ली गई है और 198 शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कुल 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर 12 जून को लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान एआई-171 अहमदाबाद के एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

### दुर्घटनाग्रस्त विमान का अच्छी तरह से किया था रखरखाव: एअर इंडिया

**मुंबई।** एअर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुर्घटनाग्रस्त हुए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का अच्छी तरह से रखरखाव किया गया था तथा इस विमान की आखिरी बार गहन जांच जून 2023 में की गई थी और अगली जांच दिसंबर 2025 में होनी थी। यात्रियों को दिये एक संदेश में, एअर इंडिया प्रमुख ने यह भी कहा कि अगले कुछ सप्ताह के लिए कंपनी के बड़े विमानों के बेड़े के परिचालन में 15 प्रतिशत की कटौती एक अस्थायी कदम है। विमान का रखरखाव अच्छी तरह से किया गया था।

## एक नजर

### स्पेन ने नाटो के रक्षा खर्च में अनुमानित वृद्धि को अनुचित बता किया खारिज

**मैड्रिड।** स्पेन ने रक्षा जरूरतों पर सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत खर्च करने के नाटो के प्रस्ताव को अनुचित बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। इस प्रस्ताव की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रुटे को गुरुवार को भेजे गए एक पत्र में स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि स्पेन अगले सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में जीडीपी के संदर्भ में किसी विशिष्ट व्यय लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध नहीं हो सकता।

### अमेरिका में धोखाधड़ी करने वाले दो भारतीय छात्रों को सजा

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में पढ़ाई करने वाले दो भारतीय छात्रों को बुजुर्गों से लाखों डॉलर की धोखाधड़ी करने के अलग-अलग मामलों में सजा सुनाई गई है। छात्र वीजा पर अमेरिका में रह रहे किशन राजेशकुमार पटेल (20) द्वारा धनशोधन की साजिश रचने का अपराध कबूल किए जाने के बाद इस सप्ताह उसे 63 माह (पांच साल से अधिक) जेल की सजा सुनाई गई। अमेरिका के न्याय विभाग (डीओजे) के अनुसार पटेल ने खुद को सरकारी अधिकारी बताकर बुजुर्गों को निशाना बनाया और डर दिखाकर उनसे रुपये और सोने के आभूषण ठग लिये। एक जांच में पाया गया कि उसने कम से 25 बुजुर्गों से 2,694,156 डॉलर ठगे पटेल को 24 अगस्त 2024 को टेक्सास के ग्रेनाइट शोल्स से गिरफ्तार किया गया था और 29 अगस्त से वह संघीय हिरासत में है।

### गोयल ने विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**लंदन।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लंदन की अपनी दो दिवसीय यात्रा की शुरुआत अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देकर की। लंदन के लिए रवाना हुआ एअर इंडिया का विमान 12 जून को अहमदाबाद में एक मेडिकल कॉलेज परिसर में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 280 लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना के लगभग एक सप्ताह बाद एअर इंडिया की उड़ान से लंदन पहुंचे गोयल ने बुधवार को 'इंडिया ग्लोबल फोरम' (आईजीएफ) के वार्षिक सम्मेलन 'यूके-इंडिया वीक स्टेज' में एक मिनट का मौन रखा।

# खामेनेई को जीने का हक नहीं : इजराइल

## ईरान ने अस्पताल पर दागीं मिसाइलें, 40 घायल, इजराइल का ईरान के भारी जल रिएक्टर पर हमला

**बीरशेबा (इजराइल), एजेंसी**

ईरान की एक मिसाइल गुरुवार तड़के दक्षिणी इजराइल के मुख्य अस्पताल पर गिरी जिससे व्यापक पैमाने पर क्षति हुई लेकिन कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। अन्य मिसाइलें तेल अवीव के निकट एक ऊंची इमारत तथा कई अन्य आवासीय भवनों पर गिरीं। ईरानी मिसाइल हमलों के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता का अस्तित्व नहीं बचेगा।

इजराइल की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा के अनुसार, इन हमलों में कम से कम 40 लोग घायल हुए हैं। दक्षिणी शहर बीरशेबा में स्थित सोरोका मेडिकल सेंटर से काला धुआं उठता देखा गया और आपातकालीन दलों ने मरीजों को बाहर निकाला। इजराइली मीडिया ने मिसाइल हमले के कारण क्षतिग्रस्त हुईं खिड़कियों और इलाके से उठते घने काले धुएं के फुटेज प्रसारित किए। इस बीच इजराइल ने ईरान के अराक भारी जल रिएक्टर पर हमला किया। ईरान के विशाल परमाणु कार्यक्रम पर यह हमला संघर्ष के सातवें दिन किया गया। इजराइल ने सात दिन पहले ईरान के सैन्य स्थलों, वरिष्ठ अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर अचानक हमले किए जिससे यह संघर्ष शुरू हो गया। वाशिंगटन स्थित एक ईरानी मानवाधिकार समूह ने बताया कि ईरान में 263 आम नागरिकों सहित कम से कम 639 लोग मारे गए हैं और 1,300 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने करीब 400 मिसाइल और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं, जिससे इजराइल में कम से कम 24 लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि वह अपने यूरोपीय समकक्षों के साथ बैठक के लिए शुक्रवार को जिनेवा जाएंगे, जिससे संकेत मिलता है कि कोई नयी कूटनीतिक पहल आकार ले सकती है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने बताया कि बैठक में ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के विदेश मंत्री और यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक शामिल होंगे।





इजराइल में विस्फोट के बाद अस्पताल से महिला को बाहर निकालते पुलिसकर्मी। दाएं : अस्पताल से हमले से उठता धुआं।

### ईरान और इजराइल के बीच समझौता कराने में मदद कर सकता है रूस : पुतिन

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष को समाप्त कराने के लिए बुधवार को मध्यस्थता की पेशकश की और कहा कि मॉस्को एक ऐसा समझौता कराने में मदद कर सकता है, जिसके तहत ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर शांतिपूर्वक आगे बढ़ सकता है और इजराइल की सुरक्षा चिंताएं भी कम हो सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसियों के पत्रकारों से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि यह एक संवेदनशील मुद्दा है। मेरे विचार से, एक समाधान निकल सकता है। यह पूछे जाने पर कि इजराइल, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या कर देता है तो रूस की क्या प्रतिक्रिया होगी, इस पर पुतिन ने जवाब देने से इनकार कर दिया और कहा कि "मैं ऐसी किसी आशंका पर चर्चा नहीं करना चाहता।

### इजराइली दूतावास से अमेरिका ने राजनयिकों को निकालना शुरू किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने इजराइल में अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों को निकालना शुरू कर दिया है, क्योंकि इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ता जा रहा है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघर्ष में सीधे शामिल होने की संभावना को लेकर चेतावनी दी है। एक सरकारी विमान ने कई राजनयिकों और उनके परिवार के सदस्यों को निकाला, जिन्होंने बुधवार को देश छोड़ने के लिए कहा था।

### आयुध वाली ईरानी मिसाइल इजराइल के लिए बनी चुनौती

**सेना बीरशेबा।** इजराइली सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि ईरान ने अपने हमले में कई आयुधों वाली मिसाइल का इस्तेमाल किया, जिससे इजराइल की सुरक्षा के लिए नयी चुनौती पैदा हो गई है। कई आयुधों वाली मिसाइल इजराइल की आयरन डोम जैसी हवाई रक्षा प्रणालियों के लिए अधिक कठिन चुनौती पेश कर सकती हैं। इसका तत्काल कोई स्वतंत्र विश्लेषण नहीं किया जा सका।

# ईरान में फंसे 110 भारतीय छात्रों को लेकर दिल्ली पहुंचा विमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

युद्धग्रस्त ईरान से निकाले गए भारतीय छात्रों ने वहां के हालात को याद किया और घर वापसी के खातिर त्वरित कदम उठाने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। ईरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्रों को लेकर पहला विमान गुरुवार तड़के दिल्ली पहुंचा। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच, ऑपरेशन सिंधु के तहत तेहरान से भारतीय छात्रों को निकाला गया और भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 110 छात्रों को सुरक्षित रूप से आर्मेनिया में प्रवेश कराने में सहायता की। इसके बाद उन्हें दिल्ली लाया गया।

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि और लोगों को निकाला जा रहा है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे सिंह ने संवाददाताओं से कहा, हमारे पास विमान तैयार हैं। हम आज एक और विमान भेजेंगे। हम तुर्कमेनिस्तान से कुछ और लोगों को निकाल रहे हैं। निकासी अनुरोध के लिए हमारे दूतावासों से 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है। जैसे-जैसे स्थिति बदलेगी, हम भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए और विमान भेजेंगे।



दिल्ली पहुंची छात्रा परिजन से मिलती हुई।

### छात्रों ने बताया- पड़ोस में ही मिसाइल, बम गिर रहे थे

**नई दिल्ली।** हमारे पड़ोस में ही आसमान से मिसाइलें गिर रही थीं, बमबारी हो रही थी। यह कहना था युद्धग्रस्त ईरान से निकाले जाने के बाद गुरुवार को वतन लौटे एमबीबीएस छात्र मीर खलीफ का जिनकी लड़खड़ाती आवाज में वहां (ईरान) के भयावह हालात का डर साफ महसूस हो रहा था। खलीफ ने ईरान की भयावह यादों को एक बुरा सपना बताया और उन्हें पहले आर्मेनिया पहुंचाने, फिर वतन वापसी के लिए धन्यवाद दिया।

## केरल उच्च न्यायालय ने जहाज को सशर्त जब्त करने का दिया आदेश

**कोच्चि (केरल), एजेंसी**

केरल उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि लाइबेरियाई ध्वज वाले जहाज एमएससी पोलो द्वितीय को तब तक जब्त रखा जाए, जब तक कि उसकी मूल कंपनी केरल तट पर एमएससी एल्सा 3 के डूबने से माल की हानि के लिए समुद्री दावे के तहत 73.49 लाख रुपये जमा नहीं कर देती है।

न्यायमूर्ति एम ए अब्दुल हकीम ने केरल की एक काजू कंपनी 'सैंस कैश्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा दायर याचिका पर यह फैसला दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 24-25 मई के बीच एमएससी एल्सा 3 के डूबने के बाद उसके माल से भरे कंटेनर समुद्र में खो गए थे। काजू कंपनी ने अपने मुकदमे में दावा किया है कि जहाज यांत्रिक, तकनीकी दोषों या उचित देखभाल के अभाव में और जहाज की अयोग्यता तथा चालक दल की




अक्षमता की वजह से जहाज में कंटेनरों के अनुचित भंडारण के कारण'' डूब गया। कंपनी ने दावा किया कि एमएससी एल्सा 3 और एमएससी पोलो द्वितीय सहयोगी जहाज हैं और इनका मालिकाना हक एमएससी मेडिटेरेनियन शिपिंग कॉ एसए के पास है।

उसने अपना सामान खोने के बदले में 73,49,596 रुपये का हर्जाना मांगा है। उसने एक अंतरिम याचिका दायर कर हर्जाना मिलने तक एमएससी पोलो द्वितीय को कब्जे में लेने का अनुरोध किया है। शिपिंग कंपनी ने अनुरोध किया कि अदालत सशर्त जब्ती का आदेश जारी न करे क्योंकि वह जुर्माना राशि जमा कर देगी।

## टेक्सास में परीक्षण के दौरान स्पेसएक्स के रॉकेट में विस्फोट

**आस्टिन (अमेरिका)।** स्पेसएक्स के एक रॉकेट में बुधवार रात को टेक्सास में परीक्षण के दौरान विस्फोट हो गया, जिससे आसमान में आग का गोला उठता दिखाई दिया। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। कंपनी ने कहा कि टेक्सास के दक्षिणी सिरे पर स्थित स्पेसएक्स के प्रक्षेपण स्थल स्टारबेस में दसवें उड़ान परीक्षण की तैयारी के दौरान रात करीब 11 बजे रॉकेट स्टारशिप में एक बड़ी खराबी का पता चला।

स्पेसएक्स ने एक्स पर एक बयान में कहा, पूरे अभियान के दौरान प्रक्षेपण स्थल के चारों ओर सुरक्षित क्षेत्र बनाकर रखा गया था और सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और उनकी देखभाल की जा रही है।'' एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्पेसएक्स ने कहा कि आस-पास के समुदायों को इस घटना से कोई खतरा नहीं पहुंचा।

## ब्रिटेन में भारतीय डॉ. को लेखन का शीर्ष सम्मान इंडिया ग्लोबल फोरम में किया गया सम्मानित

- ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिसा नंदी ने दिया सम्मान

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिसा नंदी ने चिकित्सक और लेखिका शालिनी मलिक को उनके उपन्यास 'द वे होम' के लिए बेस्टसेलर लेखकों लॉर्ड जेफरी आर्चर और अमीश त्रिपाठी के नाम पर शुरू किया गया 25,000 अमेरिकी डॉलर का पहला आईजीएफ आर्चर-अमीश अवार्ड फॉर स्टोरीटेलर्स प्रदान किया।

मलिक के उपन्यास में तीन युवाओं की कहानी है जो गोवा में शरण लेते हैं और अपने निजी दुखों से जूझ रहे हैं। इस उपन्यास को दुख, पहचान और उपचार की मार्मिक और प्रासंगिक खोज के लिए उत्कृष्ट कृति चुना गया। बुधवार को लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) यूके-इंडिया वीक में सम्मान प्रदान करते हुए नंदी ने पुरस्कार के व्यापक सांस्कृतिक महत्व तथा भारत एवं ब्रिटेन के साझा संबंधों पर जोर दिया। संस्कृति, मीडिया और खेल मामलों की भारतीय मूल की ब्रिटिश मंत्री नंदी ने कहा, "लोगों के बीच संपर्क हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर हम खुद को विभाजित करने के कई तरीके खोज रहे हैं।

दुनिया खंडित हो रही है और ध्रुवीकृत हो रही है और ऐसी सरकारों की सख्त जरूरत है जो इन बाधाओं को पार करने में अग्रणी भूमिका निभाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने यही करने का संकल्प लिया है।



लंदन में ब्रिटेन की संस्कृति सचिव लिसा नंदी इंडिया ग्लोबल फोरम में शालिनी मलिक को कहानीकारों के लिए आर्चर-अमीश पुरस्कार प्रदान करती हुईं।

## द. अफ्रीका रंगभेद युग में हुई हत्याओं की नए सिरे से कराएगा जांच

**जोहानिसबर्ग।** नोम्बुइसेलो म्हलाउली को जब उनके पति का शव दफनाने के लिए सौंपा गया, तो उनके सीने में 25 से अधिक और पीठ में सात घाव थे तथा गले पर भी गहरा जख्म था। उनका दाहिना हाथ भी नहीं था।

सिसेलो म्हलाउली उन चार अश्वेत लोगों में से एक थे, जिन्हें 40 साल पहले इसी महीने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद दौर के सुरक्षा बलों ने अगवा कर लिया था, प्रताड़ित किया और मार डाला था। उनकी मौत के लिए किसी को भी जवाबदेह नहीं ठहराया गया। हालांकि, रंगभेद विरोधी कार्यकर्ताओं की हत्याओं की एक न्यायाधीश के नेतृत्व में नये सिरे से जांच इस महीने शुरू हुई है। ये कार्यकर्ता 'क्रैडॉक फोर' के नाम से जाने गए और वे न्याय से वंचित लोगों के लिए एकजुटता का नारा बन गए।

## पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ लड़ाकू विमान बनाने की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भारत अपनी हवाई शक्ति को बढ़ाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ा

भारत ने अपनी हवाई शक्ति को बढ़ाने के लिए पांचवीं पीढ़ी का 'स्टेल्थ' लड़ाकू विमान विकसित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना को क्रियान्वित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत इकाई एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) ने विमान के प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए रुचि पत्र (ईओ) आमंत्रित किए हैं।

इस परियोजना के अंतर्गत सरकार उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) के पांच प्रोटोटाइप बनाने की योजना बना रही है। हल्के लड़ाकू विमान तेजस के साथ एएमसीए को भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार बनाने की योजना है। एडीए ने कहा कि ईओआई का उद्देश्य तकनीकी रूप



से एएमसीए प्रोटोटाइप बनाने में सक्षम भारतीय कंपनियों को सूचीबद्ध करना है। आवेदक एकल कंपनी, संयुक्त उद्यम या कंपनियों का संघ हो सकता है। रक्षा क्षेत्र में अनुभव रखने वाली तथा एएमसीए के डिजाइन की क्षमता रखने वाली प्रतिष्ठित भारतीय कंपनियों को इस परियोजना के लिए चुना जाएगा। इसमें कहा गया कि चयनित इकाई के पास विमान के श्रृंखलाबद्ध उत्पादन के लिए विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की क्षमता होनी चाहिए।

## यूक्रेन पर रूसी हमलों के बाद और शव मिले मृतकों की संख्या 28 हुई

**कीव।** रूस के मिसाइल हमले में तहस-नहस हुई कीव की नौ मंजिला इमारत के मलबे से बुधवार को आपात कर्मियों ने और शव निकाले, जिसके बाद यूक्रेन की राजधानी में हालिया हमलों में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 28 हो गई। कीव के सोलोमिंस्की जिले में स्थित यह इमारत हाल में हुए हमले में ध्वस्त हो गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि 23 शव इमारत के अंदर से निकाले गए हैं जबकि बाकी पांच लोगों की मौत शहर में दूसरे स्थान पर हुए हमलों में हुई। ये हमले सोमवार से मंगलवार के बीच हुए थे। रूस ने 440 से अधिक ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं थीं। इस बीच, अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयासों में कोई प्रगति नहीं हुई है।

**दौरा** प्रधानमंत्री मोदी और क्रोएशियाई प्रधानमंत्री प्लेंकोविक ने सहयोग बढ़ाने का लिया संकल्प

# भारत और क्रोएशिया रक्षा सहयोग के लिए हुए राजी

**जगरेब, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने रक्षा सहयोग योजना तैयार करने पर सहमति जतायी और व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा तथा सेमीकंडक्टर समेत कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया।

मोदी ने मीडिया में दिए अपने बयान में कहा कि उन्होंने और प्लेंकोविक ने इस पर सहमति जतायी कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और यह लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों के लिए दुश्मन के समान है। मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में कनाडा से बुधवार सुबह जगरेब पहुंचे। वार्ता में दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) समेत क्षेत्रीय संपर्क मजबूत करने की महत्ता पर भी सहमति जतायी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्रोएशिया मध्य और दक्षिण-पूर्वी यूरोप में भारत के प्रवेश द्वार के रूप में काम कर सकता है। दोनों पक्षों ने लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए शीघ्र ही गतिशीलता समझौते को अंतिम रूप देने का भी निर्णय लिया।

मोदी ने कहा, हम 22 अप्रैल को भारत में आतंकवादी हमले पर संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए क्रोएशिया के प्रधानमंत्री तथा सरकार के आभारी हैं। ऐसे कठिन समय में, हमारे मित्र देशों का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम दोनों ने सहमति जतायी कि आज के वैश्विक परिदृश्य में भारत और यूरोप के बीच साझेदारी का बहुत महत्व है। यूरोपीय संघ के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने में क्रोएशिया का समर्थन एवं सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है।



प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करते क्रोएशिया के समकक्ष।

### युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता समाधान

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह और प्लेंकोविक दोनों इस बात का समर्थन करते हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता है। उन्होंने विस्तारपूर्वक जानकारी दिए बगैर कहा, बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। किसी भी देश के लिए क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान आवश्यक है। उनकी यह टिप्पणी पश्चिम एशिया में इजराइल और ईरान के बीच सैन्य टकराव बढ़ने के कारण पैदा हुयी स्थिति के बीच आई है। मोदी ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग के लिए एक रक्षा सहयोग योजना तैयार की जाएगी, जिस पर रक्षा उद्योग के साथ ही प्रशिक्षण और सैन्य आदान-प्रदान किया जाएगा।